www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 283
नई दिल्ली
शनिवार, 01 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 गैर सहायता प्राप्त स्कूलों को मान्यता देगी सरकार ... | 06 डॉ. मोहन यादव के जरिए 'यादव समीकरण'... | जेमिमा का कमाल, कंगारुओं पर ... 12

## आज के भारत के मानचित्र को बनाने में सरदार पटेल की बहुत बड़ी भूमिका : अमित शाह



**शैलेन्द्र शर्मा**

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के मौके पर देश के अलग-अलग हिस्सों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ है। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज शुक्रवार को ह्यएकता दौड़ह्न आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वहां उपस्थित सभी नेताओं और एकता दौड़ में हिस्सा लेने वालों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। अमित शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देशवासियों के लिए विशेष दिन है। सरदार पटेल के सम्मान में हम 2014 से लगातार एकता दौड़ का आयोजन करते हैं। इस बार सरदार पटेल की 150वीं जयंती है, इसलिए विशेष आयोजन के रूप में देशभर में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि आजादी के आंदोलन और आजादी के बाद भारत के मानचित्र के निर्माण में सरदार पटेल की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने बैरिस्टर की प्रैक्टिस छोड़कर महात्मा गांधी के आह्वान को स्वीकार करते हुए आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया। उनकी नेतृत्व क्षमता का उस समय पता चला, जब किसानों के साथ अन्याय के खिलाफ 1928 में बारडोली सत्याग्रह हुआ। हर कोई मानता था कि अंग्रेज नहीं झुकेंगे, लेकिन सरदार पटेल के नेतृत्व में किसानों ने आंदोलन शुरू किया। देखते ही देखते यह आंदोलन देशभर के किसानों का आंदोलन बना और आखिर में अंग्रेजों को किसानों की बात माननी पड़ी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उसी आंदोलन को लेकर महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार वल्लभभाई पटेल का उपनाम दिया। वल्लभभाई पटेल वहीं से सरदार वल्लभभाई पटेल बने। उन्होंने आगे कहा, आजादी के बाद अंग्रेजों ने देश को 562 छोटी-बड़ी रियासतों में बांटने का काम किया। सब चिंतित थे कि 562 रियासतों में बंटा हुआ भारत किस तरह से अखंड भारत बनेगा। मगर सरदार पटेल के कारण बहुत कम समय में सभी 562 रियासतों को एकजुट करके आज का भारत का मानचित्र बना। इसी काम ने आज के भारत की नींव रखी। इस मौके पर अमित शाह ने कहा, कांग्रेस सरकार ने सरदार वल्लभभाई पटेल को उचित सम्मान नहीं दिया। सरदार पटेल को 41 साल की देरी के बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया। देश में कहीं भी कोई स्मारक नहीं बनाया गया। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तभी उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और सरदार पटेल के सम्मान में एक भव्य स्मारक बनवाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर, प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर को भारत में एकीकृत करने के सरदार पटेल के संकल्प को पूरा किया।

## ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा : प्रधानमंत्री

### देशभर में हो रही 'रन फॉर यूनिटी' में कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह है



**उत्तम भारत संवाददाता**


**नई दिल्ली/केवड़िया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व और प्रेरणा का पल है। हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे, जो देश की एकता को मजबूती दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर एकता नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान हम सभी एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही रन फॉर यूनिटी में कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है। जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं, वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा और गर्व का पल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 562 रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को सरदार साहब ने संभव करके दिखाया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है, हर देशवासी को उससे दूर रहना है। उन्होंने कहा, ये राष्ट्रीय कर्तव्य है, ये सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है, संकल्प भी है। कश्मीर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा, लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही।

### सरदार पटेल की जयंती पर केवडिया पहुंचे पीएम मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर अर्पित की पुष्पांजलि

**केवडिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शुक्रवार की सुबह गुजरात के केवडिया पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उन्हें स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि सरदार पटेल जनसेवा के लिए पूरी तरह समर्पित थे। वे एकता और अखंडता के प्रतीक थे और भारत की एकता के सूत्रधार कहे जा सकते हैं। सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव रखी और छोटे-छोटे स्वतंत्र प्रांतों को जोड़कर एक मजबूत राष्ट्र बनाया। उनका यह योगदान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को एकता की शपथ भी दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और विविधता के प्रतीक एकता दिवस परेड का नेतृत्व किया। इस वर्ष की परेड को गणतंत्र दिवस समारोह की तर्ज पर भव्य रूप दिया गया है। इस अवसर पर देश की एकता और शक्ति का शानदार प्रदर्शन स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के समक्ष देखने को मिला। बता दें कि एकता नगर में 1 से 15 नवंबर तक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर में भारत पर्व 2025 का आयोजन किया जाएगा। भारत पर्व के दौरान, भारत की समृद्ध विरासत और विविधता में एकता की भावना को प्रदर्शित करने वाले आयोजन होंगे। डैम व्यू पॉइंट 1 पर हर शाम दो राज्य अपनी सांस्कृतिक विशेषता से जुडे. कार्यक्रम करेंगे। राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ और विभिन्न राज्य पुलिस बलों के दस्तों ने भाग ले रही है। परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का नेतृत्व महिला अफसर कर रही हैं।

## प्रधानमंत्री 1 नवम्बर को करेंगे लोकार्पण, रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ को मिलेगा अपना भव्य और आधुनिक विधानसभा भवन

**✔ छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया भवन : परंपरा और आधुनिकता का संगम**



**उत्तम भारत संवाददाता, रायपुर।** छत्तीसगढ के इतिहास में 1 नवम्बर का दिन एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राज्य की जनता को विधानसभा का नया भवन समर्पित करेंगे। वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद रायपुर के राजकुमार कॉलेज से शुरू हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा को 25 वर्षों के बाद रजत जयंती वर्ष में अपना भव्य, आधुनिक और पूर्ण सुविधायुक्त स्थायी भवन मिलने जा रहा है। यह भवन केवल एक खूबसूरत इमारत ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक भी है। धान का कटोरा कहलाने वाले छत्तीसगढ़ की पहचान को इस भवन की वास्तुकला में बखूबी पिरोया गया है। विधानसभा के सदन की सीलिंग पर धान की बालियों और पत्तियों को उकेरा गया है, जो प्रदेश की कृषि-प्रधान संस्कृति का प्रतीक है। भवन के ज्यादातर दरवाजे और फर्नीचर बस्तर के पारंपरिक काष्ठ शिल्पियों द्वारा बनाए गए हैं। इस तरह नया विधानसभा भवन आधुनिकता और परंपरा का एक जीवंत संगम बन गया है।

**भविष्य की जरूरतों के अनुरूप अत्याधुनिक भवन**

नए विधानसभा भवन को वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह पूरी तरह सर्वसुविधायुक्त और सुसज्जित भवन है, जिसके सदन को 200 सदस्यों तक के बैठने के लिए विस्तारित किया जा सकता है। पेपरलेस विधानसभा संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी सुविधाओं का समावेश भी किया गया है, जिससे यह भवन स्मार्ट विधानसभा के रूप में विकसित होगा।

**324 करोड़ की लागत से बना 51 एकड़ में फैला परिसर**

कुल 51 एकड़ में फैले इस परिसर का निर्माण 324 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। भवन को तीन मुख्य हिस्सों—विंग-ए, विंग-बी और विंग-सी—में विभाजित किया गया है। विंग-ए में विधानसभा का सचिवालय, विंग-बी में सदन, सेंट्रल हॉल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय, तथा विंग-सी में मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं।

**हरित तकनीक से निर्मित पर्यावरण अनुकूल भवन**

यह भवन पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल और हरित निर्माण तकनीक से बनाया गया है। परिसर में सोलर प्लांट की स्थापना के साथ वर्षा जल संचयन हेतु दो सरोवर भी बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, भवन में पर्यावरण-संरक्षण के सभी मानकों का पालन किया गया है।

**500 सीटर ऑडिटोरियम और 100 सीटर सेंट्रल हॉल**

विधानसभा भवन में 500 दर्शक क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम और 100 सीटर सेंट्रल हॉल बनाया गया है। भवन की वास्तुकला आधुनिकता और पारंपरिक शैलियों का उत्कृष्ट मेल है।

## दिवंगत प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर देशवासियों का नेतृत्व करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें "भारत की इंदिरा – हर शक्ति के सामने निडर, दृढ़ और अडिग" के रूप में याद किया। एक्स पर एक पोस्ट में, नेता प्रतिपक्ष गांधी ने लिखा, "भारत की इंदिरा – हर शक्ति के सामने निडर, दृढ़ और अडिग। दादी, आपने मुझे सिखाया कि भारत की पहचान और स्वाभिमान से बढ़कर कुछ नहीं है। आपका साहस, करुणा और देशभक्ति आज भी मेरे हर कदम को प्रेरित करती है।" नेता प्रतिपक्ष गांधी ने नई दिल्ली के शक्ति स्थल पर दिवंगत प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की, जहाँ उन्होंने उनके "दृढ़ नेतृत्व, निडर भावना और भारत के लोगों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता" का सम्मान किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी शक्ति स्थल पर दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं शहादत दिवस पर आयोजित स्मृति समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर अपनी पोस्ट में दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उद्धृत किया: "जब तक मुझमें साँस है, सेवा नहीं रुकेगी, और जब मेरा जीवन समाप्त होगा, तब मैं कह सकता हूँ कि...मेरे रक्त का एक-एक कतरा, रक्त का एक-एक कतरा...एक भारत को जीवित रखेगा।" खड़गे ने आगे कहा, "भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और हमारी आदर्श, साहस की प्रतिमूर्ति, जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता से भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने और एक सशक्त प्रगतिशील भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया 'यूनिटी मार्च वॉकथॉन' का शुभारंभ, सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**✔ इस अवसर पर उन्होंने स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई।**



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून (उत्तराखंड)।** उत्तरमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर घंटाघर में उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं एकता पदयात्रा का शुभारंभ कर उसमें प्रतिभाग भी किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने भारत के लौह पुरुष, भारत रत्न, सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना के कारण ही आज भारत एक शक्तिशाली और एकीकृत राष्ट्र के रूप में खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल का सम्पूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित था। उन्होंने 560 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। ऐसे महापुरुष के योगदान को नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 से उनकी जयंती को ह्यराष्ट्रीय एकता दिवसह्न के रूप में मनाने का निर्णय लिया, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।उन्होंने कहा कि राज्यभर में 16 नवंबर तक प्रत्येक जिले के तीन स्थानों पर वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक आयोजन स्थल पर 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ नशा मुक्त भारत, एक पेड़ मां के नाम तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे जन-जागरूकता अभियानों को भी जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वॉकथॉन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता की भावना को सशक्त करने का माध्यम है। इससे युवाओं में राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, और सेवा की भावना प्रबल होगी।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लक्ष्य की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आह्वान किया कि राज्य के सभी नागरिक एकजुट होकर इस संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी श्रीमती रेखा आर्या, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, श्रीमती सविता कपूर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह मौजूद थे।

## अनुच्छेद 370 को हटाना पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि : योगी

**✔ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ में रन फॉर यूनिटी का उद्घाटन किया**



**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ में रन फॉर यूनिटी का उद्घाटन किया और कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने यहां सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि पटेल का जीवन, समर्पण और बलिदान प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा, भारत की अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। आइए, इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर हम जाति, भाषा, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लें। आदित्यनाथ ने कहा, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को साकार किया है। यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने पटेल की विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के लौह पुरुष ने आजादी के बाद अंग्रेजों की साजिशों को नाकाम करते हुए 563 रियासतों को भारत गणराज्य में शामिल किया। उन्होंने कहा, जब हैदराबाद और जूनागढ़ की रियासतों ने भारत में विलय से इनकार कर दिया तो सरदार पटेल ने सबसे पहले बातचीत का रास्ता अपनाया। मगर जब राष्ट्र की अखंडता को खतरा पैदा हुआ तो उन्होंने भारत की एकता को सुरक्षित रखने के लिए कड़े फैसले लिये। आदित्यनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश 2014 से उन महान हस्तियों को सम्मानित करने की परंपरा का पालन कर रहा है जिन्होंने भारत को एकजुट करने में योगदान दिया। उन्होंने कहा, आज युवाओं में देशभक्ति और एकता का संचार करने के लिए देश भर में 600 से अधिक स्थानों पर रन फार यूनिटी अभियान चलाया जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें लाखों युवाओं, छात्रों, अधिकारियों और नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा, यह केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। आदित्यनाथ ने कहा, राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश यह है कि हम सभी मिलकर भारत की अखंडता को मजबूत करने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए काम करें।

## राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति सिविल सेवकों के समर्पण और उत्तरदायित्व में निहित है : रेखा गुप्ता



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति सिविल सेवकों के समर्पण, निष्ठा और उत्तरदायित्व में निहित है। यह विचार मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को प्रशिक्षण निदेशालय, यूटीसीएस (संघ शासित प्रदेश सिविल सेवा) विश्वास नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्र की एकता और सिविल सेवाओं की भूमिका सेमिनार में साझा किए। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि एक प्रेरणा और एक सतत मिशन है, वह मिशन, जो ह्यसबका साथ, सबका विकास के मंत्र से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि बीते आठ महीनों में दिल्ली सरकार ने इसी भावना से शासन को जनता-केंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।

ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार, समयबद्ध कार्य-संस्कृति और तकनीक आधारित प्रशासन इसका सजीव उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सबके केंद्र में एक ही सोच है – जनता तक पहुंचने वाला शासन। और इस सोच को जमीन पर उतारने में हमारे अधिकारी सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सरकार दिशा तय करती है, परंतु उस दिशा को गति और परिणाम देने वाले हमारे सिविल सेवक होते हैं। राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति उनके समर्पण, निष्ठा और उत्तरदायित्व में निहित है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी।

# डीएम की अध्यक्षता मे पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पर चौपाल का आयोजन

**संभल।** विकासखंड पवांसा के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय धुरैटा में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एकता चौपाल का आयोजन किया गया।



ग्राम चौपाल के अन्तर्गत विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया। पेंशन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विषय में ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पहले लाभार्थी को 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती थी जिसको बढाकर अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को एक लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं के बीमा,पशुओं के टीकाकरण, गलघोटू खुरपका, मुंहपका, थनैला रोग, आदि के विषय में जानकारी दी। सीडीपीओ ने आईसीडीएस विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक द्वारा विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं आयुष्मान गोल्डन कार्ड, टीकाकरण, एएनसी जांच आदि के विषय में ग्रामीणों को बताया उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी अपने परिवार को सशक्त करती है। कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी। कृषि यंत्रीकरण, सोलर पम्प, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, तथा एफपीओ के गठन तथा उसके लाभ के विषय में भी बताया।

जन समस्याओं को लेकर भी जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक सुना एवं समस्या से संबंधित अधिकारियों को समस्या का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए और उन्होंने एकता और अखंडता का संदेश देते हुए समस्त उपस्थित ग्रामीणों को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अंतर्गत किसानों को बीज वितरण भी किया। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष एवं ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को दी तीन नए कानूनो की जानकारी

*** न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ महिला व बाल सुरक्षा को भी सशक्त बनाते हैं कानून....डी.आई.जी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था आशा मॉर्डन स्कूल में ÷तीन नये कानून÷, साइबर जागरूकता एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के सम्बन्ध में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को जागरूक किया।चंद्र नगर स्थित आशा मॉर्डन स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डी.आई.जी.(सहारनपुर रेंज) अभिषेक सिंह, एस.पी.ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, एस.पी.सिटी व्योम बिंदल, सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार यादव, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, स्कूल के प्रधानाचार्य दिव्य जैन ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि कानून न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाते हैं, बल्कि महिला एवं बाल सुरक्षा को भी अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतें क्योंकि साईबर अपराधी मोबाइल पर गेम खेलते हुए मोबाइल फोन को हैक कर लेते हैं। उन्होंने बच्चों से लगन व मेहनत से शिक्षा हासिल करने का आह्वान किया।

पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा ने बच्चों को साईबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के साथ ही यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान की तथा साइबर अपराधों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर फ्रॉड से बचाव एवं ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने बच्चों को शासन द्वारा महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल 112 हेल्पलाइन या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दे। सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज यादव ने भी छात्र छात्राओं को नये कानूनों के बारे में जानकारी दी ।

# भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ ने मनाई सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सरदार भाई बल्लभ पटेल की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।



शुक्रवार को सिरसी रेलवे क्रॉसिंग कोल्ड स्टोरेज के गेस्ट हाउस में भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं सम्भल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही जमाई के नेतृत्व में सरदार भाई बल्लभ पटेल की जयंती का कार्यक्रम मनाया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण की। वक्ताओं ने बोलते हुए कहा कि आज पूरा देश सरदार बल्लभ भाई पटेल को याद कर रहा है क्योंकि वह देश के सच्चे हितैषी थे और अपना पूरा जीवन जनसेवा में समर्पित कर दिया। भारत वासियों के दिलों में आज भी सरदार बल्लभ भाई पटेल बसे हुए है और हमेशा रहेंगे। उनके योगदान और सेवा कार्यों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। हम सबको संकल्प लेते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाना है देश की सेवा करनी है और देश को मजबूत बनाना है। इस मौके पर मेंबर एहसान, शफीया कुरैशी, मोहम्मद असलम, महबूब, अबुजर, मोहम्मद अनस आदि शामिल रहे।

# राज्यमंत्री ने लिया डीएम और एसपी संग रन फॉर यूनिटी मे भाग

*** राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सभल।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। जनपद में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए सभी वर्गो के सहयोग से रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया। बस स्टैंड पजाया बहजोई पर जनपद स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी जी रहीं।



रन फॉर यूनिटी के अन्तर्गत बस स्टैंड पजाया बहजोई से एसडी रिसोर्ट चंदौसी रोड़ बहजोई तक राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री द्वारा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा मा. मंत्री जी तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह तथा अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि गण तथा सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एस बी एम जूड़ो एकेडमी, बहजोई इण्टर कॉलेज तथा हीरा देवी तोताराम कन्या इण्टर कॉलेज, भगत जी इंटरनेशनल स्कूल तथा वार्ष्णेय इण्टर कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं एवं अध्यापकों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। एसडी रिसोर्ट बहजोई में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्व प्रथम पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी। इसके उपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी द्वारा साइबर अपराध पर जागरुकता के संबंध में प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताये गये तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग, साइबर अपराध की रिपोर्टिंग, हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अन्तर्गत रन फॉर यूनिटी में प्रमुख योगदान देने वाले सिल्वर स्टोन के गोविन्द वशिष्ठ, एसबीएम जूडो एकेडमी के एकांश कुमार तथा हीरा देवी तोताराम कन्या इण्टर कॉलेज की संचालिका श्रीमती अंजलि, भगतजी इंटरनेशनल स्कूल से दीपांशु पाठक तथा बहजोई इण्टर कॉलेज से डॉ राजीव कुमार तथा वार्ष्णेय इण्टर कॉलेज बहजोई से ऋषिपाल को मुख्य अतिथि मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती एवं नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, भाजपा महामंत्री कमल कुमार कमल, जय प्रकाश गुप्ता विकास वार्ष्णेय एवं अन्य जन प्रतिनिधि गण तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा अध्यापक गण आदि उपस्थित रहे।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हमेशा याद रखेगा देश

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय पक्का बाग़ पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर उनके चित्र पर मालार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य फ़िरोज़ खाँ ने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के प्रथम गृह मंत्री/उपप्रधानमंत्री रहे है सरदार वल्लभ भाई पटेल एक दृढ़ संकल्प वाले कुशल प्रशासक थे जिनके प्रयासों और निर्णय के कारण देश की स्वतंत्रता के प्रशचात 565 रियासतों को भारत देश मे समालित कर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दूरदृष्टि का ही परिणाम है की आज भारत अखंड है उन्होंने भारत की एकता एवं सांप्रदायिक सद्भाव के लिए आर एस एस पर प्रतिबंध लगा कर साहस का परिचय दिया था हमे महा पुरषों का योगदान हमेशा याद रखना चाहिए हम समाजवादी लोग हमेशा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के बताये हुए रास्ते पर चलकर देश व प्रदेश में गरीबों पिछड़ो दलितों अल्पसंख्यक व सभी धर्मों वर्गों को जोड़कर साथ लेकर चलने की नीति बनाये रखेंगे। कार्यक्रम में रामरहीस यादव, आरिफ खाँ, छोटे खाँ, इमरान खाँ, वीरेश यादव, राजेश यादव, रईस प्रधान, शाइन कुरैशी, अब्बास खाँ, तारिक़ पाशा, सागर, गुलाम मुस्तुफा, फैज़ान शाही, मुन्तज़िर, राशिद, सलीम, सुहैल अली, वसीम, सुरेंद्र, गौरव, जबर सिंह यादव, मोनिस, अकरम अन्सारी, राहुल यादव, सुभाष महेश आदि मौजूद रहे।

# थाना रायसत्ती पुलिस ने आम जन को किया तीन नए कानूनों के बारे मे जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** थाना रायसत्ती क्षेत्र के मोहल्ला मियां सराय पाखड के चौराहे पर चौपाल लगाकर भारत के तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किया तथा प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर अपराध के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया और साइबर अपराध के हेल्पलाइन नंबर 1930 व पोर्टल साईबर क्राईम पर शिकायत करना सिखाया ताकि किसी के भी साथ साइबर अपराध होने पर वह जल्द से जल्द कॉल या पोर्टल पर शिकायत कर सक। चौपाल में कुल 60 लोग मौजूद रहे व थाना रायसत्ती से उप निरीक्षक मुकेश कुमार, उप निरीक्षक पवित्र परमार, कांस्टेबल प्रशांत चौधरी, कांस्टेबल अमित कुमार तथा कांस्टेबल अनुज कुमार उपस्थित रहे। इसके साथ ही थाना रायसत्ती पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में थाना अध्यक्ष रायसत्ती द्वारा समस्त स्टाफ को शपथ ग्रहण कराई गई। सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर थाना रायसत्ती क्षेत्रान्तर्गत जोया रोड पर रन फार यूनिटी कार्यक्रम में जनता के व स्कूल के बच्चों व पुलिस कर्मियों द्वारा 01 किलोमीटर दौड में प्रतिभाग किया गया व सभी को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के सम्बन्ध में विस्त्रित जानकारी दी गयी तथा एकत्रित सभी जनता को नये कानून के सम्बन्ध में जागरुक किया गया व साइवर अपराध के बारे में जानकारी दी गयी।



# अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने दी सरदार बल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अपना दल एस केम्प कार्यालय सरायतरीन मे सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई और कार्यकर्ताओं को ज़िला अध्यक्ष जावेद अशरफ ने सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में बताया की उन्होंने देश के लिये किया योगदान दिया सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्होंने देश की सेवा की और देश को अंग्रेजों से आजाद कराया इस मौके पर पार्टी के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें जिला सचिव हसन खान, असमोली विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान, सम्भल विधानसभा अध्यक्ष नाजिम खान, मुरादाबाद युवा मंच के जिला अध्यक्ष रितु ठाकुर, नाजिम मंसूरी, शोएब सैफी, फहीम, अनीस, रेहान, आदिल, मुन्ना रितु जाटव, शाखा जाटव, राहुल सैनी, फैजान, आसिफ, शाहनवाज खान, जाहिद, अली, यूनुस, हाशिम आदि मौजूद रहे।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों 01 से 07 नवम्बर तक महाराज सिंह डिग्री कालेज में आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी एवं नियन्त्रक नागरिक सुरक्षा मनीष बंसल के निर्देशन में प्रथम चरण के अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा जनपद सहारनपुर में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एक से सात नवम्बर 2025 तक महाराज सिंह डिग्री कालेज के सभागार रविन्द्रालय में सुबह साढ़े दस बजे से सांय साढ़े चार बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 150 स्वयंसेवको द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कश्मीर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों का क्षमता निर्माण करना है, जो विभिन्न आपदा के समय विषम परिस्थितियों यथा- हवाई हमला, आपदा से बचाव इत्यादि में फर्स्ट रिस्पॉण्डर के रूप में अग्रणी भूमिका निभायेगें। भारत सरकार गृह मंत्रालय महानिदेशक-अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक, नई दिल्ली के निर्देशों के क्रम में भारत के नागरिक सुरक्षा जनपदों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिसमें प्रत्येक नागरिक सुरक्षा जनपद द्वारा अपने जनपद के 360 स्वयंसेवकों का नागरिक सुरक्षा विषयक क्षमता निर्माण किया जाना है।

# सलमान पैलेस बैंक्विट हॉल पर लगाई प्रशासन ने सील बिना अनुमति बनी थी दीवार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बैंकट हाल की दीवार को बिना अनुमति बनाए जाने की शिकातय का प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सील लगा दी। इस दौरान अधिकारी मौके पर बुलडोज़र भी लेकर पहुंचे थे।



जानकारी अनुसार बताते चलें कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को हसनपुर मार्ग बदायू दरवाज़ा स्थित सलमान पैलेस बैंक्विट हॉल पर संयुक्त टीम की ओर से कार्रवाई की। टीम में तहसीलदार और कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बताया जाता है कि बैंक्विट हॉल की दीवार विनियमित क्षेत्र (रेगुलेटेड एरिया) में बिना किसी अनुमति के बनाई गई थी। यह निर्माण संबंधित नियमों का उल्लंघन पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन सख्त है और नियमों के तहत कार्रवाई की जायेगी। ऑनर के अनुपस्थित रहने के कारण टीम द्वारा मौके पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नहीं की गई। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों ने बैंक्विट हॉल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है।

साथ ही ऑनर के उपस्थित होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। फोन करके एवं मैसेज के माध्यम से ऑनर को मौके पर बुलाने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं पहुंचे। तहसीलदार ने कहा कि बिना अनुमति निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। माना जा रहा है कि ओर भी बैंकट हॉल जद मे आ सकते हैं, जिनके खिलाफ कार्यवाही अमन मे लायी जा सकती है।

# ईवीएम वीवी पैट वेयरहाऊस का डीएम ने किया निरीक्षण देखे सीसीटीवी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवी पैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ़ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया।

जिलाधिकारी ने ईवीएम भण्डार कक्ष को चेक किया ।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को कक्षों एवं भवन की साफ सफाई कराने को लेकर निर्देशित किया। संबंधित को दीमक ट्रीटमेंट कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छत पर लगा हुआ टैंक जोकि लीक हो रहा है उसको ठीक कराया जाए और उन्होंने कहा कि छत पर साफ सफाई का भी विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं नायब तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खामियां पाये जाने पर ईंट भट्टे के खिलाफप्रशासन का एक्शन लगाई गई सील

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मानकों की अनदेखी कर ईंट भट्ठों के किए जा रहे संचालन को लेकर अफसरों ने संज्ञान लेना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर भट्टे की जांच, कमियां मिलने पर सील किया गयी।



शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में हसनपुर रोड स्थित ग्राम इमादुल मुल्क के पास फैजान ब्रिक्स मिल पर संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान जीएसटी, प्रदूषण, पीडब्ल्यूडी, माइनिंग, फायर, अंडरग्राउंड वॉटर विभाग और भूमि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। शिकायत मिलने के बाद अफसरो ने संज्ञान लिया था। जांच में पाया गया कि भट्ठे पर निर्धारित 33 प्रतिशत क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित नहीं किया गया था। इसके अलावा भूगर्भ जल दोहन की एनओसी, नो ऑब्जेक्शन सार्किफिकेट भी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। साथ ही, भट्ठे पर प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानकों का भी पूर्ण पालन नहीं पाया गया। इसको लेकर सिटी मजिस्ट्रेट ने सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से भट्ठे को सील करने के आदेश दिए। भट्ठा स्वामी को खामियों को पूरा करने के लिए समय दिया गया है। यदि तय अवधि में यदि सभी आवश्यक शर्तें पूरी कर दी जाती हैं और विभागीय अनुमतियां प्रस्तुत की जाती हैं, तो आगे की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। अन्यथा भट्ठे के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी। मीडिया को जानकारी देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और वैधानिक मानकों के पालन के प्रति गंभीर है। किसी भी अवैध या नियमविरुद्ध रूप से संचालित इकाई के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जनसुनवाई का आयोजन किया गया

**सहारनपुर।** शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर श्री अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान महोदय ने आमजनमानस की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से किया जाए और शिकायतकर्ता को उसकी प्रगति से अवगत कराया जाए।


## उत्तर रेलवे

### इ–निविदा (इ–प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता दिल्ली अनुभाग में ट्रैक के किनारे कूड़ा बीनने का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत(₹) | ₹1,79,99,682.90 (रुपये एक करोड़ उन्यासी लाख निन्यानवे हजार छः सौ बयासी और नब्बे पैसे मात्र)। |
| बयाना राशि(₹) | ₹2,40,000/- (रुपये दो लाख चालीस हजार मात्र) |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 21.11.2025 को 15:00 बजे तक; निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) ₹ 0.00 |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/43/2025-26/W-3 दिनांक: 30.10.2025 3381/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व् खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-52-BWORK-MB DATE 28.10.2025 | मुरादाबाद–गाज़ियाबाद खंड के पुल संख्या 52DN (11x61.0m) के टूटे/पुराने स्ट्रिंगर गर्डरों (शेष कार्य) के बदलने का कार्य और मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 52 UP&DN (11x61.0m), मुरादाबाद–गाज़िआबाद खंड के पुल संख्या 43–A UP&DN (1x45.7), खुर्जा–हापुड़ सेवशन पर पुल संख्या 32A (1x61.0), गजरौला–मुज़्ज़ामपुर नारायण जंक्शन खंड के पुल संख्या 12–A SL (1x45.7), नजीबाबाद–कोटद्वार खंड के पुल संख्या 16 SL (2x30.5) पर क्रॉस गर्डरों की सुरक्षा प्लेट का प्रावधान। निविदा सूचना संख्या 32-W-BWORK-MB दिनांक 28.10.2025 के बारे एक शुद्धिपत्र दिनांक 28.10.2025 को जारी किया गया है। अन्य सभी शर्तें व नियम समान रहेंगी | ₹ 18512359.81 | ₹ 242600/- | 08 (आठ) महीने | दिनांक: 24.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-19-22-MB DATE 28.10.2025 | मुरादाबाद खंड के मुरादाबाद–गाज़ियाबाद के पुल संख्या 19 DN (8x12.2), 22 DN (6X12.2), 36DN (4x12.2m), 44DN (2x6.1m+1x12.2m), 58A UP (9x12.2m) (केवल टॉप फ्लैंज प्रतिस्थापन) पुल संख्या 77 UP (2x12.2m), 116UP (1x27.14m+1x12.2m) के जंग लगे पार्श्व ब्रेसिंग, एक्स–ब्रेसिंग, गसेट और टॉप फ्लैंज प्लेटों बदलने का कार्य। | ₹ 7131594.58 | ₹ 142600/- | 08 (आठ) महीने | दिनांक: 24.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 3 | 32-W-1244-PROPLATE-MB DATE 28.10.2025 | मुरादाबाद–सहारनपुर खंड पर पुल संख्या 1244 UP&DN (5X30.5m), 1244-A UP&DN (1X12.93m), 1252 UP (10x22.4m), 1259 UP (8X45.75m), 1268 UP&DN, (3X30.5m) मुरादाबाद के खंड मुरादाबाद–सहारनपुर पर पुल संख्या 21 UP (2X45.75m), 21 DN (1X77.36m), 139 SL (केवल 24.4 मीटर सेमी ब्रेसिंग के माध्यम से) की अतिरिक्त कवर प्लेट प्रदान करके प्रावधान। | ₹ 11174687.57 | ₹ 205900/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 24.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 4 | 32-W-1249-1250-MB DATE 28.10.2025 | लक्सर देहरादून खंड पर पुल संख्या 03/UP (5x18.30m) मुरादाबाद–सहारनपुर खंड पर पुल संख्या 1249/UP & DN (2x18.30m). 1250/UP&DN (4x18.30m), 1251/UP&DN (3x18.30m) के जंग लगी हुए लेटरल ब्रेसिंग, क्रॉस ब्रेसिंग, गसेट बदलने का कार्य और लक्सर देहरादून खंड पर पुल संख्या 03/UP (5x18.30m) मुरादाबाद–सहारनपुर खंड पर पुल संख्या Br.No. 1250/UP (4x18.30m), 1251/DN (3x18.30m) जंग लगी शीर्ष फ्लैंज प्लेटों बदलने का कार्य। | ₹ 17059849.43 | ₹ 235300/- | 08 (आठ) महीने | दिनांक: 24.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |

**नोट :** उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। 3380/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-03:28 paga09_jhn.qxd 10/31/2025 9:31 PM Page 1



# गैर सहायता प्राप्त स्कूलों को मान्यता देगी सरकार : सूद

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि राजधानी में नॉन कंफर्मिंग एरिया में चलने वाले गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल अब मान्यता के लिए एक नवंबर से आवेदन कर सकते हैं। श्री आशीष सूद ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए दिल्ली में नॉन कंफर्मिंग एरिया में चलने वाले गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को मान्यता देने के लिए ठोस निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार वह सभी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल जो नॉन कंफर्म एरिया में काफी समय से चल रहे है और जिन्होंने शिक्षा निदेशालय से अभी तक किसी कारणवश मान्यता नहीं ली या पुरानी सरकारों के भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण उनको मान्यता नहीं मिल पाई ऐसे सभी स्कूल अब मान्यता के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय का पोर्टल एक नवंबर से शुरू हो जाएगा। इस पोर्टल पर ऐसे



सभी स्कूल जो मान्यता लेने के इच्छुक हैं वह 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से यह मुद्दा फाइलों में दबा रहा और हजारों बच्चे अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित रहे। दिल्ली में पहले सरकारों ने कुछ विद्यालयों को मनमानी तरीके से मान्यता दी और कुछ विद्यालयों की सरकार ने अनदेखी की थी। हमारी सरकार ने इस भेदभाव का अंत किया है। यह मात्र प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि हमारे बच्चों के लिए न्याय, संस्थानों के लिए निष्पक्षता और दिल्ली में शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक सच्चा कदम है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से लगभग 500 स्कूल अब शिक्षा निदेशालय के दायरे में आ जाएँगे, जिससे वैधता, नियामक निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस सुधार से हजारों छात्रों को सीधा लाभ होगा। हर वर्ष शिक्षा निदेशालय को लगभग 40,000 सीटों के लिए ईडब्ल्यूएस/डीजी/सीडब्ल्यूएसएन श्रेणियों के अंतर्गत लगभग दो लाख आवेदन प्राप्त होते हैं, जिनमें से कई मान्यता प्राप्त स्कूलों की कमी के कारण खाली रह जाती हैं। नई मान्यता नीति से लगभग 20,000 अतिरिक्त सीटें सृजित होने की उम्मीद है। सरकार ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश केवल शिक्षा निदेशालय द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही करवाएं, क्योंकि मान्यता प्राप्त विद्यालयों में न केवल प्रमाणपत्रों की वैधता और सुरक्षा मानकों की गारंटी होती है।

# जनसुविधा और सुगमता शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए : विजेंद्र गुप्ता

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के जोनल रेवेन्यू ऑफिस (जीरो) को सेक्टर-6 रोहिणी से लगभग 20 किलोमीटर दूर नरेला स्थानांतरित किए जाने से क्षेत्र के निवासियों को हो रही असुविधा पर संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि जनसुविधा और सुगमता शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। रोहिणी क्षेत्र के नागरिकों ने गुप्ता से भेंट कर इस निर्णय पर आपत्ति दर्ज कराई और अनुरोध किया कि उक्त कार्यालय को पुनः उसके पुराने स्थान, सेक्टर-6, रोहिणी में पुनः स्थापित किया जाए। नागरिकों ने बताया कि इस स्थानांतरण के कारण वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और कामकाजी परिवारों को जल आपूर्ति, बिलिंग एवं सीवरेज संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इन शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए गुप्ता ने 24 अक्टूबर को दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि



सेक्टर-6, रोहिणी स्थित पुराने कार्यालय को तत्काल बहाल किया जाए। उन्होंने उल्लेख किया कि यह कार्यालय पिछले चार दशकों से अधिक समय से क्षेत्र की जनता को कुशलतापूर्वक सेवाएं प्रदान कर रहा था और इसके नरेला स्थानांतरण से हजारों नागरिकों को भारी असुविधा हो रही है। विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पत्र के उत्तर में दिल्ली जल बोर्ड के सदस्य (वित्त) ने 28 अक्तूबर को निदेशक (राजस्व) को निर्देशित किया कि उक्त अनुरोध का परीक्षण कर सात दिनों के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट विजेंद्र गुप्ता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीजेबी को प्रस्तुत की जाए। उक्त पत्र में यह भी कहा गया कि नागरिकों की वास्तविक असुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम प्राथमिकता से उठाए जाएं। गुप्ता ने कहा कि यह मुद्दा इस बात की ओर संकेत करता है कि शासन की प्रत्येक नीति और निर्णय में नागरिकों की सुविधा केंद्र में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक दक्षता तभी सार्थक है जब वह जनता की पहुंच और सुविधा के अनुरूप हो, विशेषकर उन विभागों के लिए जो आवश्यक नागरिक सेवाएं प्रदान करते हैं। गुप्ता ने आश्वस्त किया कि दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं रोहिणी के निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सुविधाओं की रक्षा करना उनका सर्वोच्च कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशासनिक निर्णय को सुशासन और लोक कल्याण के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को सर्वोपरि रखना आवश्यक है।

# दिल्ली में एक लाख से अधिक की साइबर धोखाधड़ी में अपने आप दर्ज होगी ई-एफआईआर

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली पुलिस ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब राजधानी में अगर किसी व्यक्ति के साथ एक लाख या उससे अधिक की ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है, तो उसकी शिकायत अपने आप ई-एफआईआर में बदल जाएगी। यह सुविधा एक नवंबर 2025 से लागू होगी। इस नई व्यवस्था के तहत पीड़ित को अब थाने में बार-बार जाने की जरूरत नहीं होगी। वह सिर्फ 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करके या नजदीकी पुलिस स्टेशन के इंटीग्रेटेड हेल्प डेस्क में जाकर शिकायत दर्ज करा सकेगा। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने शुक्रवार को सर्कुलर जारी करते हुए यह नई व्यवस्था लागू करने की घोषणा की। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह कदम गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (क्क्ष्ट्ट) के ह्लनागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग प्रबंधन प्रणाली पोर्टल से जुड़ा है। जिसे देशभर में साइबर अपराध की रिपोर्टिंग को आसान बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। गृह मंत्रालय ने इसी साल 16 मई को दिल्ली में ई-जीरो एफआईआर योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत यदि किसी साइबर वित्तीय अपराध में ठगी की रकम 10 लाख से अधिक होती थी, तो साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर दर्ज शिकायत अपने आप ई-एफआईआर में बदल जाती थी। अब इस शुल्क को घटाकर एक लाख कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार साइबर अपराध के पीड़ितों को जल्द राहत मिल सके और शिकायतों को एफआईआर में बदलने की प्रक्रिया को तेज किया जा सके। इस लिए इसे शुरू किया गया है। अब दिल्ली का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्रीय पुलिस स्टेशन में जाकर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अलावा 1930 हेल्पलाइन और सभी थानों में स्थापित इंटीग्रेटेड हेल्प डेस्क पर अधिकारी शिकायत की सभी जानकारी (जैसे बैंक खाता, ट्रांजैक्शन, मोबाइल नंबर, ईमेल आदि) दर्ज करेंगे। दिल्ली पुलिस ने ठगी की रकम के हिसाब से जांच की जिम्मेदारी भी तय की हैः

**ठगी की राशि जांच की जिम्मेदार**

-एक लाख झ्र 25 लाख तक जिला साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, 25 लाख झ्र 50 लाख तक क्राइम ब्रांच (साइबर सेल) और 50 लाख से अधिक स्पेशल सेल आईएफएसओ यूनिट मुकदमा दर्ज करेगी। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित होगा कि बड़े मामलों की जांच अनुभवी और तकनीकी रूप से सक्षम इकाइयों द्वारा की जाए।

# दुष्कर्म के दोषी बाबा राजिंदर सिंह को अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म और छेड़खानी के मामले में सात साल की सजा काट रहे आरोपी राजिंदर सिंह उर्फ बाबा की सजा को अपील लंबित रहने तक निलंबित कर दिया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की एकल पीठ ने यह आदेश देते हुए कहा कि अपीलकर्ता ने अपनी सजा का आधे से अधिक हिस्सा पूरा कर लिया है और अपील की सुनवाई में समय लगेगा। कोर्ट ने अपीलकर्ता को 25,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। अपीलकर्ता के वकील रवि दराल ने अदालत में कहा कि पीड़िता की धारा 164 सीआरपीसी के बयान में कोई आरोप नहीं था और जेल में उसका आचरण संतोषजनक रहा। वह चार बार अंतरिम जमानत पर रिहा हुआ और इसका दुरुपयोग नहीं किया। राज्य की ओर से पेश वकील ने याचिका का विरोध किया, लेकिन कोर्ट ने अपील की योग्यता पर अंतिम फैसला बाद में सुनाने को कहा। अदालत ने कहा कि पीड़िता ने ट्रायल कोर्ट से मिला मुआवजा प्राप्त कर लिया है। अपील अब 27 जनवरी 2026 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

**यह है मामला**

मामला 6 सितंबर 2015 का है। पीड़िता अपनी मां के साथ इलाज के लिए राजिंदर सिंह के घर गई थी। आरोप है कि बाबा ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की और उसका यौन उत्पीड़न किया। घटना के बाद पीड़िता और उसके पिता हिंदू राव अस्पताल गए, जहां प्रारंभ में आंतरिक मेडिकल जांच के लिए सहमति दी गई, लेकिन बाद में मना कर दिया। कोई फॉरेंसिक रिपोर्ट या आंतरिक मेडिकल जांच नहीं हुई। ट्रायल कोर्ट ने 10 दिसंबर 2020 को राजिंदर सिंह को धारा 376 आईपीसी के तहत 7 साल कठोर कारावास और धारा 354 आईपीसी के तहत 2 साल की सजा सुनाई थी, साथ ही 50,000 रुपये जुमार्ना। धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत उसे बरी कर दिया गया।

# छठ पूजा का भव्य तरीके से आयोजन संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** आरना सेवा समिति ने पश्चिमी विनोद नगर स्थित स्वाती पार्क में भव्य एवं दिव्य छठ पूजा का आयोजन किया। वहीं आरना सेवा समिति की अध्यक्षा पूजा झा ने बताया कि एवं स्वाती पार्क में लंबा-चौड़ा और गहरा छठ घाट का निर्माण कराया गया था। छठ घाट में अर्घ्य हेतु शुद्ध जल की व्यवस्था की गईथी। घाट पर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था थी। घाट और पार्क को साफ- सुथरा किया गया था। जिससे कि किसी भी व्रतीयों को कोई असुविधा न हो। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अर्घ्य देने से कुंडली में सूर्य की कमजोर स्थिति मजबूत होती है. सौभाग्य बना रहता है. मान-सम्मान में भी वृद्धि होती है. यश और कीर्ति में इजाफा होता है.



घर-परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहता है. सूर्य देवता की कृपा बनी रहती है. छठी मैया निःसंतान को संतान सुख का आशीर्वाद देती हैं.बाद छठ पूजा का समापन हो जाएगा. उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती छठ पूजा के व्रत का पारण कर अपना उपवास तोड़ते हैं. समिति के अध्यक्षा पूजा झा ने दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली पुलिस व क्षेत्रवासियो एवं समिति के समस्त पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से चार दिवसीय छठ पूजा का सफल आयोजन रहा। इस अवसर पर संस्था के सदस्य ने क्षेत्र के विधायक रवि नेगी सहित कई गणमान्य नेताओं व समाजसेवियों को सम्मानित किया।

# स्वाति मालीवाल का केजरीवाल पर निशाना, बोलीं, दिल्ली के बाद अब पंजाब में भी शीश महल तैयार

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और सोशल एक्टिविस्ट स्वाति मालीवाल ने एक बार फिर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्व पर किए गए एक पोस्ट में उन्होंने केजरीवाल पर सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और विलासिता भरे जीवन का आरोप लगाया। स्वाति मालीवाल ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा, दिल्ली का शीश महल खाली होने के बाद अरविंद केजरीवाल ने अब पंजाब में दिल्ली से भी शानदार शीश महल तैयार करवा लिया है। उन्होंने दावा किया कि चंडीगढ़ के सेक्टर-2 में मुख्यमंत्री कोटे की 2 एकड़ की आलीशान 7 स्टार सरकारी कोठी अब अरविंद केजरीवाल को मिल चुकी है। मालीवाल ने आगे कहा



कि केजरीवाल अब सरकारी हेलीकॉप्टर और प्राइवेट जेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, वे अंबाला के लिए घर के सामने से सरकारी हेलीकॉप्टर में बैठे, फिर अंबाला से पंजाब सरकार का प्राइवेट जेट उन्हें पार्टी के काम से गुजरात ले गया। उन्होंने कहा कि पूरी पंजाब सरकार एक आदमी की सेवा में लगी है। मालीवाल के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कई यूजर्स ने उनके बयान का समर्थन करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी अब आम लोगों से दूर हो चुकी है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे राजनीतिक हमला बताते हुए कहा कि केजरीवाल विरोध के नाम पर पार्टी की साख को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बता दें कि दिल्ली में शीश महल विवाद उस समय चर्चा में आया था जब अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के रेनोवेशन पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाने का मामला सामने आया था। उस समय विपक्ष ने इसे लेकर केजरीवाल सरकार पर तीखा प्रहार किया था। अब पंजाब में इसी तरह की सुविधाओं के उपयोग को लेकर फिर से यह मुद्दा गर्म हो गया है। हालांकि, अब तक पंजाब सरकार या आम आदमी पार्टी की ओर से स्वाति मालीवाल के आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती और इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि पर शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज मुख्यालय बरवाला में देश के दो महान नेताओं — लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और लौह महिला भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने इस अवसर पर कहा कि भारत की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ करने में दोनों ही नेताओं की भूमिका अतुलनीय रही। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। वत्स ने कहा कि भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत की आन, बान और शान की रक्षा के लिए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर देश की सुरक्षा और स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी। उनके नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई। वत्स ने कहा कि यह भी एक प्रेरक संयोग है कि एक को लौह पुरुष और दूसरी को ह्यलौह महिला की उपाधि दी गई। दोनों ही नेताओं ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि इन महान नेताओं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। कार्यक्रम के अंत में वत्स ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए दोनों नेताओं के आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों और महानायिकाओं की विरासत ही भारत को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने की प्रेरणा देती है।

# पश्चिमी विनोद नगर क्षेत्र के सच्चे नायक बने राजेश कुमार सिंह, जनता में जगी अभूतपूर्व आस्था

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** पश्चिमी विनोद नगर क्षेत्र की सियासत में इन दिनों एक नया नाम अभूतपूर्व चर्चा का केंद्र बना हुआ है—वह नाम है समाजसेवी राजेश कुमार सिंह का। पश्चिमी विनोद नगर निवासी राजेश कुमार सिंह के प्रति क्षेत्र के लोगों में असाधारण आस्था जगी है। आमजन अब उन्हें ही पश्चिमी विनोद नगर क्षेत्र का सच्चा नायक मानने लगे हैं, और उनका स्पष्ट मत है कि क्षेत्र का वास्तविक और समावेशी विकास उन्हीं के प्रभावी प्रयासों से संभव है। राजेश कुमार सिंह भाजपा में कई पदों पर रहे है। उन्होंने भाजपा पश्चिमी विनोद नगर वार्ड में पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए कई काम किए। उसके बाद वो मयूर विहार जिले के युवा मोर्चा में पूर्व में जिला मंत्री रहे व युवा मोर्चा में ही जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहे। इन्होने पार्टी के लिए अपने



क्षेत्र में कई काम किए जो भाजपा को इस क्षेत्र में उपर तक ले जाती है।

**राजेश कुमार सिंह का व्यक्तित्वः सरलता, निस्वार्थ सेवा और स्नेह**

क्षेत्रवासियों ने राजेश कुमार सिंह के अनुकरणीय व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक ऐसे असाधारण व्यक्ति हैं जो केवल एक समाज या वर्ग तक सीमित नहीं रहते, बल्कि सभी लोगों को एक समान दृष्टि से देखते हैं। उनका हृदय विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए स्नेह और प्यार से भरा रहता है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, उनका दिल और छवि दोनों साफ है। हम उनका नाम लेने में कभी संकोच नहीं करते।

राजेश कुमार सिंह का व्यवहार अत्यंत विनम्र और सकारात्मक है; वह कभी भी किसी से अहंकार भरे शब्दों में बात नहीं करते, जो उन्हें भीड़ से अलग और विशिष्ट बनाता है। लोगों ने कहा कि यह पश्चिमी विनोद नगर का सौभाग्य है कि राजेश कुमार सिंह जैसा दूरदर्शी और संवेदनशील व्यक्ति इस क्षेत्र में निवास करता है, जो सदैव समाज का कल्याण चाहता है। उनकी समाज सेवा की भावना जाति या धर्म के बंधनों से परे है। वह न जात देखते हैं और न पात, उनका एकमात्र लक्ष्य समाज की निस्वार्थ सेवा करना है, जिससे वे सर्व-धर्म समभाव के प्रतीक बन गए हैं।

# गैर मंजूर क्षेत्र में संचालित निजी स्कूलों को मिलेगी मान्यता

- दिल्ली सरकार के इस नए फैसले से 500 स्कूलों को मिलेगा फायदा
- ईडब्ल्यूएस सहित अन्य श्रेणियों के छात्रों को 20 हजार नई सीटें होंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने गैर मंजूर क्षेत्र में संचालित होने वाले गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को मान्यता देने का निर्णय लिया है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), वंचित समूह(डीजी) और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी के छात्रों के लिए 20 हजार नई सीट उपलब्ध होंगी। स्कूल मान्यता आवेदन के लिए शिक्षा निदेशालय का पोर्टल एक नवंबर से शुरू हो जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की निजी स्कूल शाखा ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार मान्यता लेने के लिए इच्छुक स्कूल 30 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी। मान्यता मानदंड को पूरा करने वाले स्कूलों की सूची जारी होगी। इसके लिए 73 मानकों वाला एक प्रारूप है। इस संबंध में दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि पिछले एक दशक से यह मुद्दा फाइलों में दबा रहा। हजारों बच्चे अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित रहे। दिल्ली में पहले सरकारों ने कुछ स्कूलों को मनमाने तरीके से मान्यता दी और कुछ स्कूलों की सरकार ने अनदेखी भी की थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमने इस भेदभाव का अंत किया है।

**वर्ष 2013 के बाद अब मान्यता देने की पहल**

उन्होंने कहा कि यह पहल संविधान के अनुच्छेद 21 ए और बच्चों के निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करती है। प्रशासनिक या स्थान संबंधी बाधाओं के कारण किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा। पिछला मान्यता अभियान 2013 में चलाया गया था। जिससे चुनिंदा अनुमोदनों के माध्यम से केवल कुछ ही स्कूलों को लाभ हुआ था।

**20 हजार नई सीटें सृजित होने की उम्मीद**

इस फैसले से लगभग 500 स्कूल अब शिक्षा निदेशालय के दायरे में आ जाएंगे।

## समाचार

### दाएं हाथ में टैटू से सैन्य भर्ती में अयोग्यता पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय पुलिस बलों में भर्ती के दौरान टैटू नीति पर सवाल उठाए हैं। अदालत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में मोटर मैकेनिक व्हीकल के पद पर भर्ती के लिए दाहिने हाथ पर टैटू होने के कारण अयोग्य घोषित किए गए युवक विपिन कुमार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने गृह मंत्रालय की टैटू नीति पर सवाल उठाते हुए नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया इस आधार को संदेहास्पद बताते हुए मामले की सुनवाई 17 नवंबर को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने 29 अक्टूबर के आदेश में कहा कि दाहिने पूर्वभाग (फोरआर्म) पर टैटू मात्र से किसी उम्मीदवार को बलों में भर्ती से अयोग्य ठहराना समझ से परे है। याचिकाकर्ता ने यहां तक कहा कि यदि अनुमति मिले तो वह टैटू हटाने के लिए सर्जरी कराने को तैयार है।

### विवाहित महिला का निवास अधिकार सास-ससुर की शांति की कीमत पर नहीं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल के अपने आदेश में स्पष्ट किया कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवी एक्ट) के तहत महिला का साझा घर में निवास का अधिकार पूर्ण या स्थायी नहीं है। इसे वरिष्ठ नागरिकों या सास-ससुर के शांतिपूर्ण जीवन के अधिकार के साथ संतुलित करना जरूरी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह कानून लग्जरी की बराबरी की गारंटी नहीं देता, बल्कि निवास की पर्याप्तता सुनिश्चित करता है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की डिवीजन बेंच ने कहा कि निवास का अधिकार सुरक्षा और स्थिरता के लिए है, न कि बड़े पारिवारिक घर पर कब्जे को बनाए रखने के लिए, जो कानूनी मालिकों की कीमत पर हो। कोर्ट ने जोर दिया कि जहां दोनों पक्षों के अधिकार टकराते हैं, वहां नाजुक संतुलन बनाना जरूरी है ताकि किसी की गरिमा या सुरक्षा प्रभावित न हो। यह टिप्पणी महिला द्वारा दाखिल याचिका पर आई जहां एक महिला ने सिंगल जज बेंच के सितंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे सास-ससुर के घर से खाली करने का निर्देश दिया गया था।

### गांजा और पिस्तौल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बदरपुर इलाके में पुलिस ने 22 किलो से अधिक गांजा और अवैध पिस्तौल के साथ तुगलकाबाद गांव निवासी विकास उर्फ मांट को गिरफ्तार किया है। 29-30 अक्तूबर की दरम्यानी रात बदरपुर बॉर्डर के पास जांच के दौरान भागने की कोशिश करते समय पकड़ा गया था। दक्षिण-पूर्व जिले की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एश्वर्या शर्मा ने बताया कि रात करीब 2.15 बजे फरीदाबाद की तरफ से एक व्यक्ति को सफेद प्लास्टिक की बोरी लेकर आते देखा गया। शक होने पर जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा लेकिन थोड़ी दूर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान बोरी से चार पारदर्शी पॉलिथीन पैकेट मिले, जिनमें गांजा भरा था। कुल वजन 22.17 किलोग्राम पाया गया। आरोपी के पास से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### मिलावटी घी बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बवाना औद्योगिक क्षेत्र में मिलावटी घी बनाने की फैक्टरी का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कोंडली, सोनीपत निवासी सतेंद्र (44) और गांव बखेता, जिला रोहतक निवासी परवीन (29) के रूप में हुई है। पुलिस ने 3,700 लीटर से अधिक नकली घी, बड़ी मात्रा में कच्चा माल, पैक करने वाली सामग्री और इसे बनाने में प्रयुक्त मशीनरी भी जब्त की। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर लिछमन की टीम को 29 अक्तूबर को सूचना मिली थी कि औद्योगिक क्षेत्र में एक इकाई विभिन्न लोकप्रिय ब्रांड के लेबल लगाकर अवैध रूप से मिलावटी घी बना रही है और पैकिंग कर रही है। गुप्त सूचना के आधार पर परिसर में छापा मारा गया। पुलिस ने पाया कि आरोपी मिलावटी घी बनाने के लिए रिफाइंड तेल और बिना दूध वाले अन्य पदार्थों का इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बाद में उन्होंने उत्पाद को लोकप्रिय देसी घी ब्रांड जैसा दिखाने के लिए पैक किया और लेबल चिपकाया। पुलिस ने फैक्टरी से 2,500 लीटर पैक किया हुआ मिलावटी घी और लगभग 1,200 लीटर बिना पैक किया हुआ घी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरोह का मास्टरमाइंड सतेंद्र नकली घी बनाने का अवैध धंधा शुरू करने से पहले सोनीपत में खली बेचने का धंधा करता था।

### कोर्ट कमिश्नर की फीस आधी-आधी भरने का निर्देश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने वसंत कुंज रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन और डेवलपर को कोर्ट कमिश्नर की 25,000 रुपये की फीस को बराबर हिस्सों में चार सप्ताह के अंदर भुगतान करने का आदेश दिया है। कोर्ट कमिश्नर मधुमिता सिंह ने 10 जनवरी को एनजीटी के आदेश पर स्थल निरीक्षण किया और 30 जनवरी, 2025 को रिपोर्ट सौंप दी थी। ऐसे में मामला 17 फरवरी, 2025 को निपट गया, लेकिन फीस का भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद कमिश्नर ने यह याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल ने पाया कि कमिश्नर ने सभी कार्य पूर्ण कर लिए हैं। फीस को मूल आवेदक और डेवलपर के बीच 12,500 रुपये प्रत्येक के रूप में बांटा गया है।

### पूर्व विधायक नरेश बाल्यान की इलेक्ट्रिक केटल की मांग पर मेडिकल रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व आप विधायक नरेश बाल्यान की याचिका पर जेल डॉक्टर से रिपोर्ट मांगी है। बाल्यान महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) मामले में न्यायिक हिरासत में मंडोली जेल में बंद हैं। ऐसे में उन्होंने चिकित्सीय कारणों से इलेक्ट्रिक केटल प्रदान करने की अदालत से गुहार लगाई थी। सुनवाई के दौरान बाल्यान को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। उनकी ओर से पेश वकील ने आवेदन दायर किया। इसमें कहा गया है कि उनके पास चिकित्सीय समस्याएं हैं जिनके लिए हॉट पैक की आवश्यकता है। ऐसे में उन्हें इलेक्ट्रिक केटल की जरूरत है। इस तर्क को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश डॉ. विशाल गोगने ने अगली सुनवाई 14 नवंबर के लिए तय की।

# गुरुग्रामः पूर्व सीएम भजनलाल की बेटी व दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

- आठ साल पहले की गई प्लॉट की धोखाधड़ी का है मामला
- भजनलाल की दोहती को भी बनाया गया है आरोपी
- मृत व्यक्ति का प्लॉट बेचने का है आरोप

**गुरुग्राम।** प्रॉपर्टी में धोखाधड़ी के मामले में यहां की एक अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की बेटी व दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बताया जा रहा है कि यह मामला आठ साल पहले का है। उन्होंने दो मृत व्यक्तियों के दो प्लॉट फजीर्वाड़े से बेच दिए थे। हरियाणा के बड़े राजनीतिक घराने की बेटी, दामाद के खिलाफ निकला गिरफ्तारी वारंट राजनीतिक, सामाजिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17 में दो प्लॉट पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की बेटी व दामाद ने फजीर्वाड़े से बेच दिए थे। एक प्लॉट की कीमत दो करोड़ 42 लाख रुपये थी व दूसरे की कीमत एक करोड़ 59 लाख रुपये थी। इस प्रॉपर्टी में विकास नामक व्यक्ति ने सौदेबाजी कराई थी। जब यह प्लॉट फजीर्वाड़े से बेचा, खरीदा गया, उस समय सौदेबाजी कराने वाले विकास के पिता गुरुग्राम में जिला रेवेन्यू अधिकारी (डीआरओ) के पद पर तैनात थे। मामला जब उजागर हुआ तो इसकी जांच शुरू की गई। जांच में तथ्य मिलने पर पुलिस ने विकास को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पीड़ित पक्ष के एडवोकेट प्रवीण दहिया के मुताबिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोनों प्लॉट की खरीद-फरोख्त की गई। सौदेबाजी करने के बाद गरीब लोगों के नाम इसमें इस्तेमाल करके उन्हें गिरफ्तार तक करवा दिया गया। असली आरोपी मौज से घूमते रहे। ऐसा इसलिए मामला हरियाणा के एक बड़े राजनीतिक प्रभावशाली घराने का है। उन्होंने बताया कि आरोपी रोशनी व अनूप पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की बेटी व दामाद हैं। अदालत ने शुक्रवार को उनकी गिरफ्तारी के वारंट जारी किए हैं। इस मामले में एक प्लॉट के मालिक के बेटे धर्मवीर ने पहले थाने में शिकायत की थी। वहां पर कोई सुनवाई नहीं हुई। फिर उसने अदालत में शिकायत देकर गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। एक प्लॉट की धोखाधड़ी में रोशनी और उसकी बेटी सुरभि बिश्नोई भी आरोपी है। अदालत ने पुलिस आयुक्त को सख्त आदेश दिए हैं कि दोनों आरोपियों को पेश किया जाए।

# सरदार पटेल की जयंती पर एकता के लिए दौड़े गुरुग्रामवासी

- रन फॉर यूनिटी को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने झंडी दिखाकर किया रवाना
- केंद्रीय मंत्री ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ
- ताऊ देवीलाल स्टेडियम से बख्तावर चौक तक एकता के लिए लगाई गई दौड़

**गुरुग्राम।** भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर एकता के लिए दौड़ को रवाना किया। यह दौड़ ताऊ देवीलाल स्टेडियम से शुरू होकर बख्तावर चौक तक गई और पुनः स्टेडियम पर समाप्त हुई। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं, अधिकारियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढकर भाग लिया। डीसी अजय कुमार व पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने केंद्रीय राज्य मंत्री का स्टेडियम में पहुंचने पर स्वागत किया। अपने संबोधन में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूती देने का कार्य किया। उन्होंने रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर देश को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। यही कारण है कि उनकी जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पटेल जी का जीवन इस बात का उदाहरण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही दिशा में किए गए प्रयास किसी भी असंभव कार्य को संभव बना सकते हैं।

इस अवसर पर नगर निगम गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा, डीसीपी ट्रैफिक डा. राजेश मोहन, डीसीपी गौरव राजपुरोहित, एएलसी कुशल कटारिया, बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला, नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त जयवीर यादव, खेल विभाग के उपनिदेशक गिरिराज सिंह, सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह, जिला खेल अधिकारी आरती कोहली, सिविल डिफेंस से मोहित शर्मा, एईओ जगदीश अहलावत, बीजेपी के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी व पदमश्री डॉ. सुनील डबास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

**प्लास्टिक की खाली बोतलों के बदले मिली टीशर्ट**

रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान एथन पावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने पर्यावरण जागरुकता से जुड़ा एक विशेष स्टॉल लगाया। कंपनी ने घोषणा की कि जो भी प्रतिभागी इस्तेमाल की हुई 10 प्लास्टिक बोतलें लाएगा, उसे एक टी-शर्ट उपहार में दी जाएगी। रन फॉर यूनिटी में पहुंचे अनेक धावकों ने इस पहल का लाभ उठाया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक पुनर्चक्रण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था। यह पहल युवाओं में जिम्मेदारी और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने का प्रतीक बनी।

## फरीदाबाद में अपहरण कर छात्रा से दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** छठ पूजा के दौरान नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर अपहरण करने और दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपित पंकज यूपी छाता के गांव गोरा गांव का रहने वाला है और ट्रक चलाने का काम करता है। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने अभी तक छात्रा के बयान दर्ज नही किए है। पुलिस के मुताबिक आरोपित लड़की से पिछले 2 महीने से संपर्क थी। सेंट्रल डीसीपी उषा ने शुक्रवार को बताया कि 26 अक्तूबर की शाम को छात्रा परिवार के साथ छठ पूजा में गई हुई थी। वहीं पर छात्रा के पास एक कॉल आया, जिसके बाद छात्रा वहां से निकलकर युवकों के साथ गाड़ी में बैठकर चली गई। देर शाम तक छात्रा घर वापस नही लौटी, 27 अक्तूबर की सुबह साढ़े 4 बजे छात्रा वापस घर पहुंची। जिसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। छात्रा के परिजनों ने किशोरी का अपहरण कर रेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की बहन के अनुसार जब उसकी बहन घर पहुंची, तो उसकी हालात बेहद खराब थी। परिजन पीड़िता को लेकर पुलिस के पास पहुंचे, जहां से उसको अस्पताल लेकर जाया गया। लडकी का मेडिकल कराया गया, जिसमें रेप की पुष्टि हुई है। पुलिस ने शिकायत पर चार युवकों के खिलाफ रेप और किडनैपिंग का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने एस केस के मुख्य आरोपी को पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। पंकज यूपी छाता के गांव गोरा गांव का रहने वाला है और ट्रक चलाने का काम करता है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है, कुछ महीने पहले छात्रा का पिता आरोपी के ट्रक में बैठकर फरीदाबाद आया था। तभी से आरोपी छात्रा के परिवार के टच में था। पिछले करीब 2 महीने से वह छात्रा से बातचीत कर रहा था और छठ वाले दिन आरोपी अपने जीजा की गाड़ी लेकर अपने साथियों के साथ मिलकर फरीदाबाद घूमने आया था। इसी दौरान उसने छात्रा को कॉल करके बुला लिया। सेंट्रल डीसीपी उषा ने बताया कि मुख्य आरोपी पंकज से पूछताछ की जा रही है। इसमें पंकज ने दूसरे युवक शिवम का भी नाम लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । पुलिस अभी छात्रा के बयान दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही दूसरे आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुई थी ऑटो चालक की हत्या

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने ऑटो एसोसिएशन के प्रधानी चुनाव को लेकर हुई पुरानी रंजिश के चलते की गई एक 30 वर्षीय ऑटो चालक की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। ब्लाइंड मर्डर के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने अपने प्रतिद्वंद्वी को पत्थर से चोटें मारकर मौत के घाट उतार दिया था। 29अक्तूबर 2025 को सामने आई, जब पुलिस थाना डीएलएफ सेक्टर-29 को किंगडम ऑफ ड्रीम्स के नजदीक एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एफएसएल, डॉग स्क्वॉड और सीन-ऑफ-क्राइम टीमों को बुलाकर गहन निरीक्षण करवाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाते हुए, हत्या से संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया। मृतक की पहचान अर्जुन नगर निवासी 30 वर्षीय गौरव के रूप में हुई। पुलिस थाना डीएलएफ सेक्टर-29 की टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 30 अक्तूबर को हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी 39 वर्षीय सुभाष निवासी चावंडी खुर्द, अलवर (राजस्थान) को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुभाष भी ऑटो चालक है। पुलिस पूछताछ में आरोपी सुभाष ने हत्या की चौंकाने वाली वजह का खुलासा किया। उसने बताया कि मृतक गौरव ने उसे ऑटो एसोसिएशन के प्रधानी चुनाव में खड़ा नहीं होने दिया था। इसी बात की पुरानी रंजिश रखते हुए वह गौरव को मारने की फिराक में था। 29 अक्तूबर रात को जब मृतक गौरव उसे इफ्को मेट्रो स्टेशन पर मिला, तो आरोपी उसे अपने ऑटो में बैठाकर किंगडम ऑफ ड्रीम्स, सेक्टर-29 ले गया। वहां उसने पत्थर से गंभीर चोटें मारकर गौरव की हत्या कर दी। पुलिस टीम द्वारा आरोपी सुभाष को शुक्रवार को माननीय अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लेकर मामले में गहनता से पूछताछ करेगी ताकि अन्य पहलुओं का खुलासा हो सके।

## पलवल में बैंक मैनेजर सहित चार कर्मियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**पलवल।** जिले के होडल थाना क्षेत्र में बैंक लोन की राशि में गबन और फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीएनबी के मैनेजर सहित चार कर्मियों के खिलाफ लोन की रकम में 50 हजार की हेराफेरी और फर्जी क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जारी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई नूंह जिले के सिंगार गांव निवासी जावेद की शिकायत पर की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता जावेद ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि उसकी मां बस्सी का खाता पंजाब नेशनल बैंक में लोन खाते के रूप में था। लोन का निपटारा करने के लिए बैंक मैनेजर अहमद, रिशाल, सुरेंद्र और अंकित की टीम उनके घर आई थी। दोनों पक्षों के बीच एक लाख 75 हजार रुपये में लोन निपटाने का समझौता हुआ। जावेद ने मौके पर ही रिशाल को 27 हजार रुपये नकद दिए, जिसे उसकी मां के खाते में जमा कर दिया गया। कुछ दिनों बाद जब जावेद पीएनबी की होडल शाखा गया, तो वहां मौजूद रिशाल, अंकित और सुरेंद्र को उसने 1 लाख 30 हजार रुपये दिए। आरोप है कि इन तीनों ने इस राशि में से केवल 80 हजार रुपये ही लोन खाते में जमा किए और बाकी 50 हजार रुपये हड़प लिए। जावेद ने बताया कि जब उसने बैंक मैनेजर अहमद और रिशाल से लोन का क्लीयरेंस सर्टिफिकेट मांगा, तो रिशाल ने उसे एक सर्टिफिकेट दे दिया।

# गुरुग्राम में सड़कों से मिट्टी हटाने का चलेगा अभियान, पार्षद करेंगें निगरानी

- प्रदूषण नियंत्रण के लिए नगर निगम गुरुग्राम कर रहा कार्य
- नागरिकों व सामाजिक संस्थाओं की भी होगी भागीदारी

**गुरुग्राम।** प्रदूषण नियंत्रण के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सडकों से मिट्टी उठाने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान अब और अधिक गति पकड़ेगा। इसके तहत सभी वार्डों में विशेष टीमें गठित की जाएंगी, जो संबंधित वार्ड के निगम पार्षद की निगरानी में कार्य करेंगी। ये टीमें सडकों से धूल-मिट्टी उठाने के साथ-साथ घास व झाडिड्रों को हटाने का कार्य भी करेंगी। इसके अतिरिक्त, मुख्य सडकों, मेट्रो स्टेशनों, बस क्यू शेल्टरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई को और बेहतर बनाया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। नगर निगम कार्यालय में हुई इस बैठक में निगमायुक्त प्रदीप दहिया, अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव, मुख्य अभियंता विजय ढाका और पार्षदगण मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि प्रदूषण का प्रमुख कारण सडकों पर जमा धूल-मिट्टी को हटाने के लिए निगम ने यह विशेष अभियान शुरू किया है। निगम का लक्ष्य है कि अगले तीन माह में शहर में बेहतर स्वच्छता और स्वच्छ वातावरण स्थापित किया जाए। अभियान के तहत मुख्य सडकों से धूल-मिट्टी, कचरा, घास, झाड़ियां और बागवानी वेस्ट हटाया जाएगा। आवासीय व बाजार क्षेत्रों में सफाई को और मजबूत किया जाएगा। निगम पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन निगरानी करेंगे। निगम इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता को भी बढ़ाएगा। एनएसएस, एनजीओ और सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को भी इस मुहिम में शामिल किया जाएगा। इससे न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को भी काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के दौरान उत्पन्न मलबा, मिट्टी और बागवानी कचरा तुरंत हटाया जाएगा। यदि कार्य करने वाली एजेंसियां ऐसा नहीं करती हैं, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि कोई भी सोसायटी या आरडब्ल्यूए अपने यहां का बागवानी कचरा ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में न फेंके, बल्कि उसका उचित निस्तारण सुनिश्चित करे। मेयर राजरानी मल्होत्रा ने कहा कि यह अभियान नगर निगम की प्राथमिकता में है। इसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त वातावरण देना है। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में अभियान की सक्रिय निगरानी करें और जनता को भी इसमें शामिल करें। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि अभियान को युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शहर की सडकों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता का दृश्यमान परिवर्तन नजर आएगा।

# खेड़कीदौला टोल पचगांव के पास शिफ्ट करने में आवागमन का ध्यान रखें : राव इंद्रजीत सिंह

- ग्रामीणों के सुगम आवागमन और प्रमुख मार्गों पर उनकी सीधी कनेक्टिविटी का विशेष ध्यान रखें
- पंचगाव में टोल प्लाजा व मानेसर में फ्लाईओवर निर्माण पर केंद्रीय मंत्री ने की समीक्षा बैठक
- केंद्रीय मंत्री ने एनएचएआई व जिला प्रशासन को समयबद्ध कार्रवाई और समन्वय के दिए निर्देश

**गुरुग्राम।** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पंचगांव चौक पर निमार्णाधीन टोल प्लाजा के विषय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी पंचगांव के पास टोल प्लाजा को शिफ्ट करने की प्रक्रिया में स्थानीय ग्रामीणों के सुगम आवागमन और प्रमुख मार्गों पर उनकी सीधी कनेक्टिविटी का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन और एनएचएआई द्वारा टोल प्लाजा के लिए चिन्हित स्थल का नक्शा भी देखा।

राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि सहरावन और पंचगांव के बीच चिन्हित स्थान राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा संवेदनशील क्षेत्र है। जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों ने कुछ आपत्तियां दर्ज कराई हैं। उन्होंने एनएचएआई को निर्देश दिया कि इन आपत्तियों पर विचार करते हुए उनके निवारण या वैकल्पिक स्थान की दिशा में आगे बढ़ा जाए। केंद्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि इस विषय में विस्तृत खाका तैयार कर मंगलवार तक उनके कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि केंद्रीय स्तर पर समन्वय बैठक आयोजित की जा सके। बैठक में राव इंद्रजीत सिंह ने सुझाव दिया कि गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग (352डी) के निर्माण पूरा होने के बाद ही फ्लाईओवर निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाए। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर यातायात दबाव कम होगा और जनता को असुविधा से राहत मिलेगी। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि किसी भी विकास योजना का उद्देश्य तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसका सीधा लाभ स्थानीय नागरिकों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाएं केवल निर्माण या ढांचे तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनमें लोगों की सुविधा और क्षेत्र की सुरक्षा का समुचित समावेश होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी परियोजना पर निर्णय लेने से पहले ग्रामीणों की आवश्यकताओं, यातायात की सहजता और भविष्य में क्षेत्र के औद्योगिक विस्तार पर उसके प्रभाव का संतुलित मूल्यांकन किया जाए। बैठक में प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डी.एस. ढेसी, डीसी अजय कुमार, एसडीएम मानेसर दर्शना यादव, एचएसआईआईडीसी के एजीएम राजीव गोयल, एनएचएआई के प्रोजेक्ट निदेशक तिलक राज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन सट्टे की लत ने डुबोया, कंपनी का अकाउंटेंट गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** ऑनलाइन गेमिंग और सट्टे की लत में डूबे एक कंपनी के अकाउंटेंट को वेंडर्स के नाम पर अपने और अपनी माता के बैंक खातों में ड्73 लाख ट्रांसफर करके धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने यह धोखाधड़ी ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर काम करते हुए की। कंपनी के वेंडर्स को चूना लगाया। जानकारी के अनुसार बोंग टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (जो ओप्पो मोबाइल फोन डिस्ट्रीब्यूशन का काम करती है) ने आर्थिक अपराध शाखा-एक में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि सोहना निवासी 25 वर्षीय तुषार वर्ष 2024 से कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था और बैंक संबंधी सभी कार्य संभालता था।

कंपनी के आंकड़ों के मूल्यांकन के दौरान यह खुलासा हुआ कि तुषार ने चालाकी से कंपनी के वेंडर्स के नाम हटाकर उनकी जगह खुद का और अपनी माता का बैंक खाता दर्ज कर दिया था। इस प्रकार उसने वेंडर्स को जाने वाली कुल ड्73 लाख की राशि धोखाधड़ी से अपने खातों में ट्रांसफर कर ली। आर्थिक अपराध शाखा ने की गिरफ्तारी 19 जून 2025 को प्राप्त शिकायत की जांच के बाद उद्योग विहार पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया और अनुसंधान का जिम्मा आर्थिक अपराध शाखा-एक को सौंपा गया। आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने तत्परता दिखाते हुए 30 अक्तूबर को आरोपी तुषार को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी तुषार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह ऑनलाइन गेम व सट्टा खेलने का आदी है, जिसके कारण उस पर बहुत सारा कर्ज हो गया था। इसी कर्ज को चुकाने के लिए उसने यह बड़ी धोखाधड़ी की। पुलिस टीम द्वारा आरोपी तुषार को अब माननीय अदालत में पेश किया जाएगा और अभियोग में नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# रोलर स्केटिंग विजेताओं का स्वागत किया गया

**फरीदाबाद।** जिला रोलर स्केटिंग संघ द्वारा आयोजित 38वीं रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में स्वागत कियागया। संघ के प्रधान विराट सरीन, सचिव अमित आहूजा, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, खेल विभाग से सेवानिवृत स्केटिंग कोच जोन डेविड ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। जॉन डेविड ने बताया कि क्वाड्स स्केटिंग के छह वर्ष से नीचे आयुवर्ग में मोहम्मद अदनान द्वारा रिंक-दो तथा रिंक रेस-एक में रजत पदक जीता। 8-10 वर्ष आयुवर्ग में आद्विक मंगला द्वारा रिंक रेस-दो तथा रिंक तीन में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। 15-18 वर्ष आयुवर्ग में अनंत सक्सेना ने रिंक-दो मे कांस्य और रोड रेस-एक में रजत पदक पर कब्जा किया। वहीं लड़कियों के वर्ग में अमाया बिस्वास ने रिंक-दो तथा रिंक-तीन रेस में दो स्वर्ण पदक और स्पीड चैंपियन का खिताब जीता गया। अनन्या शर्मा ने रिंक रेस-तीन में रजत पदक जीतकर गौरव बढ़ाया। इसके अलावा 12-15 वर्ष आयुवर्ग में श्रीजा द्विवेदी ने रोड रेस-एक में कांस्य पदक प्राप्त किया। इनलाइन स्केटिंग के 8-10 वर्ष आयुवर्ग मे तान्या सिंह ने रिंक-चार में कांस्य व रिंक-पांच मे स्वर्ण पदक व स्पीड चैंपियन का खिताब जीता। वहीं 10-12 वर्ष आयुवर्ग में आरुष बिसोया ने रिंक-पांच व रोड-तीन में दो स्वर्ण व स्पीड चैंपियनशिप जीती। 12-15 वर्ष आयुवर्ग में वंश अरोड़ा द्वारा रिंक-पांच में कांस्य पदक हासिल किया।

# पलवल में अतिक्रमण हटाने गई टीम से विवादः सरपंच से मारपीट, दो भाइयों पर केस दर्ज

**पलवल।** हरियाला राज्य के पलवल जिले के लाडियाका गांव में अवैध कब्जा हटाने गई विभागीय टीम के साथ शुक्रवार को विवाद हो गया। आरोप है कि मौके पर मौजूद दो भाइयों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए सरपंच से मारपीट की और पुलिस के जाने के बाद दोबारा जमीन पर कब्जा कर लिया। बीडीपीओ की शिकायत पर चांदहट थाना पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला समाधान शिविर में आई एक शिकायत से जुड़ा है, जिसमें लाडियाका गांव की फिरनी पर बने अवैध कब्जों और पशु बांधने के स्थान को हटाने की मांग की गई थी। शिकायत के आधार पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, पलवल के निर्देश पर बीडीपीओ होडल अमित कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम में पुलिस बल, सरपंच, पंच और ग्राम सचिव शामिल थे। अमित कुमार के नेतृत्व में टीम जब मौके पर पहुंची, तो अवैध कब्जा हटाने का कार्य शुरू किया गया। कार्रवाई के दौरान गांव के ही निवासी अशोक और उसका भाई शिवराम वहां पहुंच गए और उन्होंने विरोध शुरू कर दिया।

## समाचार

## डीपीएस दिल्ली के छात्र ने गुरुग्राम में 18वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**गुरुग्राम।** यहां एक 12वीं कक्षा के छात्र ने शुक्रवार की अलसुबह करीब चार बजे 18वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। वह दिल्ली में डीपीएस स्कूल का छात्र था। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छात्र का मोबाइल कब्जे में लिया है। शुक्रवार को सोसायटी में इस घटना की चर्चा रही। जानकारी के अनुसार सेक्टर-108 स्थित शोभा सिटी सोसायटी गुरुग्राम में 12वीं कक्षा का छात्र आर्यन परिवार के साथ रहता था। उनका परिवार पहले नोएडा के सेक्टर-37 में रहता था। कुछ दिन पहले वह गुरुग्राम में शिफ्ट हुए थे। आर्यन का पिता विक्रम गुरुवार रात को रोहतक में रह रहे अपने माता-पिता से मिलने गए थे। घर पर छात्र आर्यन व उसकी मां ही थी। शुक्रवार की अलसुबह करीब चार बजे आर्यन ने 18वीं मंजिल स्थित अपने फ्लैट से छलांग लगा दी। आर्यन की गिरते ही मौत हो गई। हालांकि लोग उसे लेकर अस्पताल भी पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। साथ ही छात्र आर्यन का मोबाइल भी कब्जे में लिया है। आत्महत्या से पहले उसने किससे और क्या बात की, इसकी जांच की जाएगी। साथ ही उसके सोशल मीडिया अकाउंट भी पुलिस जांचेगी।

## ट्रॉली बैग से तीन लाख चोरी करने वाला ऑटो चालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने घर के बाहर रखा एक ट्रॉली बैग और उसमें रखी तीन लाख की नकदी चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी हुआ पूरा कैश और ट्रॉली बैग बरामद कर लिया है। 28अक्तूबर को पुलिस थाना शिवाजी नगर, गुरुग्राम को दी गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि किसी अज्ञात चोर ने उसके घर के बाहर रखा ट्रॉली बैग और उसमें रखे नकदी को चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर थाना शिवाजी नगर में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया। मामले की जांच अपराध शाखा फर्रुखनगर की टीम को सौंपी गई। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 30 अक्तूबर को आरोपी को पंचगांव चौक से काबू किया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय शौकीन निवासी गांव बादली, जिला नूंह के रूप में हुई। पुलिस हिरासत रिमांड और पूछताछ में पता चला कि आरोपी शौकीन गुरुग्राम में ऑटो चलाता है। उसने बताया कि जब उसे घर के बाहर यह ट्रॉली बैग रखा हुआ दिखा, तो लालच आ गया और उसने बैग चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने आरोपी शौकीन के कब्जे से चोरी हुआ एक ट्रॉली बैग और उसमें रखी तीन लाख की पूरी नकदी सफलतापूर्वक बरामद कर ली है।

## गाड़ी का साइलेंसर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने सेक्टर-48 से एक गाड़ी का साइलेंसर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी ने साइलेंसर को कबाड़ी को बेच दिया था और वह अन्य चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस को 25 मई को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना सदर गुरुग्राम में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 मई की रात को सेक्टर-48 गुरुग्राम से किसी अज्ञात चोर ने उसकी गाड़ी का साइलेंसर चोरी कर लिया। प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना सदर, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया था। मामले की जांच में जुटी अपराध शाखा सेक्टर-43, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को एक आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नूंह जिले के गांव सालंबा निवासी 27 वर्षीय आरिफ के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी आरिफ ने खुलासा किया कि उसने चोरी किए गए गाड़ी के साइलेंसर को राह चलते एक कबाड़ी को तीन हजार में बेच दिया था। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से तीन हजार की नगदी बरामद की है। आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से पता चला है कि आरिफ पर पहले भी चोरी करने के आरोप में दो अभियोग अंकित हैं। एक पलवल जिले में और दूसरा गुरुग्राम जिले में मामला दर्ज है। पुलिस द्वारा आरोपी को एक दिन के पुलिस हिरासत रिमांड के बाद 30 अक्तूबर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पलवलः वाहन की टक्कर से बेटी की मौत,पिता गंभीर

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर पलवल क्षेत्र में गुरुवार देर शाम हुए सड़क हादसे में मथुरा निवासी पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता अस्पताल में जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी सोमपाल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि जिला मथुरा के फलोन गांव निवासी यशवंत ने शिकायत दी है कि उसके पिता राजेंद्र और 18 वर्षीय बहन शारदा किसी कार्य से पलवल आए थे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 25.11.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/निज़ामुद्दीन के कार्य क्षेत्र में एसओजे, एलपीएनआर, गुलाबी बाग, ओखला, एनजेडएम, जंगपुरा और लक्ष्मीबाई नगर में खाली क्वार्टरों के शौचालयों, स्नानघरों और रसोई की मरम्मत और नवीनीकरण, तथा चाणक्य रेल एन्कलेव में खाली टाइप-V और टाइप-VI फ्लैटों का नवीनीकरण। | रुपये 19999966.73 | रुपये 250000.00 | 08 महीने |

निविदा दिनांक 25.11.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र सं. 128-डब्लयू/269/खुली निविदा सूचना/टेंडर नं:27

दिनांक : 30.10.2025 3386/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़. शकूरबस्ती, दिल्ली-56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आंमत्रित की जाती है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | रेलवे अधिकारी कॉलोनी सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के लिए बागवानी भूमि स्केपिंग कार्य। |
| 2. | अनुमानित लागत | रू 0.58 करोड़ |
| 3. | धरोहर राशि | रु 116900.00 |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 12 माह के अन्दर। |
| 5. | रेलवे की वेब साईट पर निविदा की ब्रिकी एवं उपलब्धता। | निविदा दस्तावेज दिनांक 17.11.2025 से 01.12.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेगें । |
| 6. | निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 17.11.2025 से 01.12.2025 समय 11.30 वेब साईट से अपलोड कर सकते है । |
| 7. | निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 01.12.2025 को 11.30 तक |

संख्याः 424-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांकः 30.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3389/25

P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/31/2025 7:54 PM Page 1



# श्री वेंकटेश्वरा में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

*** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता के संकल्प का आह्वान**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय एकता व अखंडता के महान शिल्पकार, लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' विषय पर भव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षाविदों व साहित्यकारों ने सरदार पटेल को आधुनिक अखंड भारत का निर्माता बताते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय करार दिया। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि सरदार पटेल ने न केवल अंग्रेजों को देश से खदेड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि आज़ादी के बाद 562 रियासतों को एक तिरंगे के नीचे संगठित कर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी। उनकी दृढ़ निश्चयता, अनुशासन और देशभक्ति आज युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि यदि भारत का युवा सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करे तो भारत को पुनः विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पण, अनुशासन व सेवा भाव अपनाने का आह्वान किया। विख्यात कवि एवं साहित्यकार डॉ. राहुल अवस्थी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सरदार पटेल के जीवन से राष्ट्रभक्ति व संकल्प की प्रेरणा लेनी चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार एवं महाकवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने कहा कि लौह पुरुष पटेल ने देश को स्वाभिमान से जीने की कला सिखाई। जिला अभियोजन अधिकारी कृष्णकांत तिवारी ने पटेल की राष्ट्र एकता नीति और आधुनिक भारत के विधिक तंत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मंच पर कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल नारसन सहित विभिन्न विभागों के शिक्षाविद उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन डीन स्कूल ऑफ लॉ डॉ. राजवर्द्धन सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. राजेश सिंह, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. एस.एन. साहू सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समापन पर भारत की अखंडता व एकता की रक्षा का संकल्प लिया गया।




# तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नकुड़।** विश्वकर्मा चौक बाईपास पर बुजुर्ग वाहन चालक की पिटाई की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गड़ा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जनपद की नकुड़ विधानसभा में सुनियोजित रूप से नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। जहां एक समुदाय विशेष को निशाना बनाकर लगातार लिंचिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।

शुक्रवार को नकुड़ पहुंचे फरहाद आलम ने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस की ढिलाई और पक्षपातपूर्ण रवैया अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है। उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं पीड़ित बुजुर्ग वाहन चालक अब्दुल वाहिद के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले खेड़ा अफगान में भी एक पिकअप चालक को भीड़ ने पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया था, प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उनका कहना है कि यदि ऐसी घटनाओं पर तुरंत और कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो समाज में भय और अराजकता का वातावरण और गहराता जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि लिंचिंग की राजनीति से देश और समाज दोनों का नुकसान हो रहा है। कहा कि यदि शासन ने अब भी आंखें मूंदे रखीं तो यह आग हर वर्ग को अपनी चपेट में ले लेगी। इस दौरान भाजपा नेता शाहिद क़ुरैशी, सभासद जुनैद असग़र, सभासद आमिर क़ुरैशी, मुहम्मद नोशाद, बाबा आज़ाद क़ुरैशी, असग़र, अली प्रधान, उवेश प्रधान, अमित गुर्जर, रोहित कश्यप, नसीम सलमानी, महफ़ूज़ निज़ामी आदि रहे।



# राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कॉलेज की प्राचार्या एवं शिक्षकों ने उनके जीवन, संघर्षों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत के एकीकरण का कार्य किया, जिसके कारण उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। इस अवसर पर छात्राओं को सरदार पटेल के व्यक्तित्व, देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता के महत्व से अवगत कराया गया। छात्राओं ने भाषण एवं विचार प्रस्तुत करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अंत में सभी को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई और छात्राओं को एक सशक्त एवं समर्पित नागरिक बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रहीं।



# ट्रक में पीछे से घुसी तेज रफ्तार कार, दो कपड़ा व्यापारियों की मौत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार सवार दो कपड़ा व्यापारियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर घायल हो गए। हादसा शुक्रवार सुबह हुआ। कारोबारी कार में कपड़ा भरकर हरियाणा से बरेली अपने घर वापस लौट रहे थे। घायल दोनों कारोबारियों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार व ट्रक को कब्जे में ले लिया है। बरेली जनपद के सीबी गंज थाना क्षेत्र के तिलियापुर गांव निवासी कपड़ा कारोबारी 30 वर्षीय सलमान पुत्र अफसर, 35 वर्षीय जाहिद पुत्र साहब खां, आसिफ व अनीस हरियाणा से कार में कपड़ा भरकर शुक्रवार सुबह घर लौट रहे थे। गजरौला के पास नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से घुस गई।

जिसमें सलमान व आसिफ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य दो कारोबारी गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जमा भीड़ की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने तहरीर मिलने पर आगे जांच व कार्रवाई करने की बात कही।

# निजी कॉलेज में अस्थायी गैलरी के ढहने से 16 छात्र घायल

**कोट्टयम (केरल)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को एक निजी कॉलेज में बनाई गई एक अस्थायी गैलरी के ढह जाने से 16 छात्र घायल हो गए। कॉलेज सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह करीब 8.45 बजे हुई।

घायलों में विभिन्न इकाइयों के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और एनएसएस के छात्र शामिल थे जो कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

सूत्रों ने बताया कि जब छात्रों को गैलरी में खड़े होने को कहा गया, तो वह ढह गई। ढही हुई गैलरी के बीच पैर फंस जाने से छात्र घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए पाला जनरल अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी छात्र को गंभीर चोट नहीं आई।

# पुलिस ने चलाया NCL Awareness 2.0 अभियान, हजारों लोग बने नए आपराधिक कानूनों से जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देश पर चलाए जा रहे NCL Awareness 2.0 अभियान के तहत अमरोहा पुलिस ने मंगलवार को जनपद भर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद के नेतृत्व में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं, वर्कशॉप और चौपालों के जरिए नागरिकों को नये आपराधिक कानूनों–भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) 2023–की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को यौन अपराधों पर सख्त प्रावधान, त्वरित FIR प्रक्रिया तथा डिजिटल साक्ष्यों की कानूनी मान्यता जैसे मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रमों में महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी रही। प्रतियोगिताओं में 01 निबंध, 01 वाद-विवाद, 03 क्विज, 03 चित्रकला और 02 नुक्कड़ नाटक शामिल रहे। पुलिस ने कहा कि यह अभियान आगामी दिनों में और अधिक व्यापक रूप में जारी रहेगा, ताकि हर नागरिक नए कानूनों की जानकारी से सशक्त हो सके।



**नुक्कड़ सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम**

अमरोहा। कोतवाली क्षेत्र, मुख्य बाजार, बस स्टैंड और मेला स्थलों समेत 25 सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस एवं महिला थाना टीमों ने सभाएं आयोजित कीं। BNS की धारा 69, BNSS की धारा 173 और BSA की धारा 57 को सरल भाषा में समझाया गया। करीब 2100 नागरिक इस जागरूकता गतिविधि से लाभान्वित हुए।

**शैक्षणिक संस्थानों में वर्कशॉप्स**

अमरोहा। पुरुषोत्तम दास सरस्वती शिशु मंदिर, दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, WTM कॉलेज सहित 14 संस्थानों में कार्यशालाएं आयोजित कर 1900 विद्यार्थियों को साइबर अपराध और डिजिटल साक्ष्यों से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई।

**ग्रामीण चौपालें**

अमरोहा।महिला बीट अधिकारियों ने मिशन शक्ति के साथ मिलकर गांवों में चौपालें कीं। BNSS के ऑनलाइन शिकायत पोर्टल और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 112 की जानकारी दी गई।

**सोशल मीडिया एवं मीडिया आउटरीच**

अमरोहा। पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो, इन्फोग्राफिक्स व क्विज साझा किए गए। साथ ही, अखबारों में विज्ञापन देकर नागरिकों को कानून पुस्तिका प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

**आंकड़ों में अभियान.....**

सार्वजनिक स्थल जागरूकता कार्यक्रम------25

जागरूक नागरिक---2100

शैक्षणिक संस्थान कार्यक्रम------14

जागरूक विद्यार्थी------1900

बैनर/पोस्टर लगाए गए -------80

प्रतियोगिताएं (कुल)-------10

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा का शरदकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी।

नौ दिवसीय सत्र के अंतिम दिन सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर की चार राज्यसभा सीट के लिए चुनाव भी हुए।

शोर-शराबे की हल्की-फुल्की घटनाओं को छोड़कर, सदन की कार्यवाही काफी हद तक सुचारु रूप से चली और निर्धारित कामकाज निपटाया गया।

पांच सरकारी विधेयक पारित करने के अलावा, विधानसभा ने दो गैर-सरकारी प्रस्तावों पर भी चर्चा की।

सत्र के दौरान 41 गैर-सरकारी विधेयक सूचीबद्ध थे, लेकिन उनमें से केवल आठ पर ही चर्चा हो सकी। जिन गैर-सरकारी विधेयकों पर चर्चा हुई, वे सभी या तो सरकार के आश्वासन के बाद वापस ले लिए गए या प्रारंभिक चरण में ही ध्वनिमत से खारिज कर दिए गए। केंद्र शासित प्रदेश में बाढ़ पीड़ितों के मुद्दे पर चर्चा के लिए उधमपुर से विधायक पवन गुप्ता की ओर से प्रस्तुत स्थगन प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

राथर ने कहा, ''मैं कार्यवाही के संचालन में सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं।''

# रिश्वतखोरी के मामले में नायब तहसीलदार को सात साल की कैद

**कोट्टायम (केरल)।** कोट्टायम की सतर्कता अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में एक उप-तहसीलदार को सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

जांच आयुक्त और विशेष न्यायाधीश (विजिलेंस) के वी रजनीश ने बृहस्पतिवार को किदंगूर के पूर्व ग्राम अधिकारी बिजुमोन पीके को सात साल के कठोर कारावास और 75,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई, जो वर्तमान में यहां पाला में भूमि अधिग्रहण कार्यालय में उप-तहसीलदार के रूप में कार्यरत हैं।

वीएसीबी के अनुसार, 2015 में किदंगूर ग्राम अधिकारी के रूप में कार्य करते समय, बिजुमोन को कोट्टायम की सतर्कता इकाई ने कथित तौर पर कोट्टायम के पुलियान्नूर के एक निवासी से 3,000 रुपये और शराब की एक बोतल की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था।वीएसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि रिश्वत किदंगूर गांव की सीमा के भीतर शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी के नाम पर 4356 वर्ग फुट के भूखंड के भूमि पंजीकरण (पोक्कुवरवु) की प्रक्रिया के लिए दी गई थी।

# जुबिन की आखिरी फिल्म को देखने के लिए असम के सिनेमाघरों में उमड़ी भीड़

**गुवाहाटी।** मशहूर गायक-संगीतकार जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' (आंसू अब भी बहते हैं) शुक्रवार को असम के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई जिससे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। जुबिन का पिछले महीने सिंगापुर में निधन हो गया था।

फिल्म की पहली स्क्रीनिंग सुबह 4.25 बजे गुवाहाटी के एक मल्टीप्लेक्स में हुई, जहां लोग अपने पसंदीदा सितारे को आखिरी बार बड़े पर्दे पर देखने के लिए कतार में खड़े दिखे।

राज्य के सभी शहरों में सुबह से ही फिल्म का प्रदर्शन शुरू हो गया। फिल्म को पूरे देश में एकसाथ रिलीज किया गया है।

अगले एक हफ्ते के सभी शो के टिकट बिक चुके हैं और उम्मीद है कि गर्ग की यह संगीतमय फिल्म भविष्य में असमिया सिनेमा के सभी पुराने बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ देगी।

ज्यादातर हॉल ने मांग को पूरा करने के लिए एक दिन में सात शो दिखाने का निर्णय किया है जो अगले दिन तड़के तक जारी रहेगा।

'रोई रोई बिनाले' में गर्ग एक दृष्टिहीन संगीतकार का मुख्य किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म में 11 गाने हैं, जिसका संगीत उन्होंने खुद तैयार किया है।

यह फिल्म एक संगीतकार के जीवन और उसके संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि उनका किरदार समुद्र तट पर बेसुध पड़ा है और एक व्यक्ति उसे जगाने की कोशिश कर रहा है, जो उनकी मौत के साथ एक चौंकाने वाला संयोग है।

गायक का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय निधन हो गया था। गर्ग, राजेश भुयान द्वारा निर्देशित 146 मिनट लंबी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' के निर्माता भी हैं, जिसमें उनकी पत्नी गरिमा और श्यामंतक गौतम भी शामिल हैं।

असम मंत्रिमंडल ने बुधवार को फैसला किया कि सरकार 'रोई रोई बिनाले' से जीएसटी में राज्य का हिस्सा कलागुरु आर्टिस्ट फाउंडेशन को सौंप देगी, जिसकी स्थापना गायक ने दलितों के कल्याण के लिए की थी।


# जंगल में तेंदुए का शव मिलने से मचा हड़कंप

*** वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र में एक तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर के जंगलों में ग्रामीण के खेत पर एक नर तेंदुए का शव पड़ा मिला खेत पर तेंदुए का शव मिलने से हड़कंपच गया। जिससे मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। तेंदुए का शव मिलने की सूचना पाकर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई। मृत तेंदुए के एक पंजे पर चोट का निशान दिखाई दे रहे था। जांच के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में वन विभाग की टीम ने बताया कि एक नर तेंदुए का शव मिला है जिसके दाएं पंजे पर चोट का निशान है जिसकी उम्र करीब 3 वर्ष है तेंदुए के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



# केरल सरकार का 'पीएम श्री योजना' को स्थगित करने का निर्णय केवल कागजी है: जॉर्ज कुरियन

**कोच्चि।** केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने शुक्रवार को कोच्चि में कहा कि केंद्र के साथ हस्ताक्षरित 'पीएम श्री योजना' के तहत आगे की प्रक्रियाओं को रोकने के लिए केरल सरकार ने जो पत्र जारी करने का निर्णय लिया है उसका केवल ''कागजी महत्व'' होगा।

राज्य सरकार ने इस मामले पर लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) द्वारा असहमति जताने के बाद केंद्र के साथ हस्ताक्षरित अपने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है यानी इस पर अमल को स्थगित कर दिया है।

कुरियन ने इस कदम की तुलना राज्य विधानसभाओं की ओर से संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के खिलाफ अध्यादेश पारित करने से की और कहा कि इस मामले पर अंतिम निर्णय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय लेगा।

उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप है। उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार को दावा करने दीजिए कि उनकी जीत हुई है। उन्हें भाजपा से पैसा नहीं चाहिए।''

कुरियन ने कहा कि एनईपी और 'पीएम श्री' दोनों ही केंद्र सरकार की पहल है। उन्होंने कहा कि इनका कार्यान्वयन राज्य पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, ''राज्य को बच्चों का भविष्य दांव पर नहीं लगाना चाहिए। स्कूली छात्र देश के नागरिक हैं और उन्हें शिक्षा का अधिकार है। राज्य सरकार इसे रोक नहीं सकती।''

उन्होंने आरोप लगाया कि 'पीएम श्री योजना' को रोककर राज्य सरकार गरीब परिवारों के छात्रों को अवसरों से वंचित कर रही है।

कुरियन ने कहा कि एनईपी-आधारित पाठ्यक्रम कौशल संवर्धन पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, ''कक्षा छह से छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है और विनिर्माण प्रक्रियाओं के बारे में सिखाया जाता है। कक्षा नौ से उन्हें कौशल-आधारित प्रशिक्षण मिलता है और कक्षा 12 तक वे स्वरोजगार या विभिन्न व्यवसायों के लिए कौशल हासिल कर लेते हैं।''

उन्होंने कहा कि 'पीएम श्री योजना' में शामिल होने के बाद से पाठ्यक्रम को लेकर कोई चिंता नहीं होनी चाहिए क्योंकि शिक्षा समवर्ती सूची के अंतर्गत आती है।

मंत्री ने कहा, ''राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) केवल पाठ्यक्रम के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है। एससीईआरटी ही राज्य का पाठ्यक्रम तय करता है।''

इस बीच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) केरल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि 'पीएम श्री' के संबंध में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को स्थगित करने के राज्य सरकार के अनुरोध को खारिज किया जाए।

पत्र में एबीवीपी ने दावा किया कि राज्य सरकार का निर्णय पूरी तरह से राजनीतिक है और छात्रों के हितों के विरुद्ध है।

पत्र में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की गई है ताकि इस योजना का लाभ उन छात्रों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।




**सूचना**

पहले मेरा नाम SONU था अब मैने अपना नाम बदलकर DEVENDER KUMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाए।

प्रार्थी

DEVENDER KUMAR

S/O SIRIYA Vill

JALiLPUR BiJNOR UP


# साास के 'नॉमिनी' होने के बावजूद पत्नी की अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर निर्णय ले वन विभाग: अदालत

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए एक अनोखा मामला आया, जिसमें एक व्यक्ति ने पत्नी से तनावपूर्ण संबंधों के कारण अपने सेवा रिकॉर्ड में पत्नी की जगह सास का नाम 'नॉमिनी' के रूप में दर्ज कराया था और इसी आधार पर व्यक्ति की मृत्यु के बाद वन विभाग ने उसकी विधवा के अनुकंपा नियुक्ति के दावे को खारिज कर दिया।

विधवा ने विभाग के इस निर्णय को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ के समक्ष हुई।

पीठ ने वन विभाग को निर्देश दिया कि चूंकि विभाग मृत कर्मचारी की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की एक राशि उसकी विधवा को जारी कर चुका है, जिससे याचिकाकर्ता को कर्मचारी की पत्नी के रूप में मान्यता मिल चुकी है, इसलिए अब विभाग को कानून के अनुसार तीन महीने के भीतर अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर निर्णय लेना चाहिए।

याचिकाकर्ता ने कहा कि उसके पति किशन सिंह धपोला वन विभाग में चौकीदार के रूप में कार्यरत थे और सेवा में रहते हुए 2020 में उनका निधन हो गया था। याचिकाकर्ता ने विभाग से अनुकंपा नियुक्ति, पारिवारिक पेंशन और अन्य सेवा लाभों का अनुरोध किया था।

राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि याचिकाकर्ता और उसके पति के बीच संबंध तनावपूर्ण थे, और याचिकाकर्ता ने पूर्व में भरण-पोषण का मामला भी दायर किया था।


## उत्तर रेलवे

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/दिल्ली के अनुभाग में एस एंड टी स्टोर के पास प्लेटफार्म 16 की मरम्मत, प्लेटफार्म 1 से 16 पर दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्पर्शनीय पथ उपलब्ध कराना, केजीएस के पास प्रवेश और निकास द्वार के पास और कोच केयर दिल्ली मुख्य स्टेशन प्लेटफार्म शेल्टर के पास मार्ग की मरम्मत और लीकेज गटर, डाउन पाइप, विभिन्न स्थानों पर प्लेटफार्म 9 से 15 की सतह की मरम्मत, दिल्ली मुख्य स्टेशन पर यात्रियों के गुजरने के लिए प्लेटफार्म 16 पर पूर्व और पश्चिम एफओबी के पास नए शेड का निर्माण और दिल्ली जंक्शन के पूर्व और पश्चिम छोर से दिल्ली मुख्य स्टेशन तक पहुंच मार्गों में सुधार, दीवार की जल निकासी की मरम्मत, दिल्ली जंक्शन तक पहुंचने के दौरान भवन का सुधार और सौंदर्यीकरण का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 2,88,30,889.18 (रुपये दो करोड़ अठ्ठासी लाख तीस हज़ार आठ सौ नवासी और अठ्ठारह पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,94,200/- (रुपये दो लाख चौरानवे हजार दो सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 21.11.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–410–32 |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/42/2025–26/W-3 दिनांक : 30.10.2025 3382/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | तारीख |
|---|---|
| "दिल्ली मंडल के दिल्ली–शाहदरा खंड की उत्तर और दक्षिण दोनों लाइनों पर 1/3-4 (चेनेजः : 1/58.10) से स्थान संख्या 3/14ए-15ए (चेनेजः : 3/395.70) तक पुरानी दिल्ली स्टेशन से शाहदरा स्टेशन के बीच पुराने यमुना पुल संख्या 249 के स्थान पर यमुना नदी पर नए पुल की नई लाइन के 25 केवी, सिंगल फेज एसी, 50 हर्ट्ज पर ओएचई का ऊर्जीकरण। | 03.11.2025 |

**भारतीय रेल**

**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का परिचय**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत के संबंध मेंः– "दिल्ली मंडल के दिल्ली–शाहदरा खंड की उत्तर और दक्षिण दोनों लाइनों पर 1/3-4 (चेनेजः : 1/58.10) से स्थान संख्या 3/14ए-15ए (चेनेजः : 3/395.70) तक पुरानी दिल्ली स्टेशन से शाहदरा स्टेशन के बीच पुराने यमुना पुल संख्या 249 के स्थान पर यमुना नदी पर नए पुल की नई लाइन के 25 केवी, सिंगल फेज एसी, 50 हर्ट्ज पर ओएचई का ऊर्जीकरण। 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।

जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।

**अत्याधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-**

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।

ii) ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा।

iii) कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण

3391/2025 उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/31/2025 6:12 PM Page 1



## सम्पादकीय

# किसानों का एक और यलगार

अब बारी महाराष्ट्र के नाराज किसानों की है। राज्य में भाजपा-महायुति सरकार बने 10 माह बीत चुके हैं। किसान अशांत और असंतुष्ट हैं कि चुनाव के दौरान कर्जमाफी, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, दिव्यांग किसानों के मानदेय आदि पर जो वायदे किए गए थे, अभी तक अधूरे हैं। उन्हें लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? महाराष्ट्र सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीती 29 अक्टूबर को तुरंत कर्जमाफी से इंकार कर दिया है। फसल बीमा योजना किसानों को बेवकूफ बना रही है। कंपनियां मालामाल हो रही हैं। राज्य सरकार 1 रुपए की जो प्रतीकात्मक किस्त देती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है, क्योंकि उससे 5000 करोड़ रुपए की बचत हुई है। लिहाजा किसान एक बार फिर आंदोलित हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर में यलगार का उद्घोष किया है। करीब 1.5 लाख किसानों ने सडकें अवरुद्ध कर चक्का जाम कर दिया है, नतीजतन बॉम्बे उच्च न्यायालय को खुद संज्ञान लेकर आदेश जारी करना पड़ा है कि किसान सडकें, राजमार्ग खाली करें। जनता को बहुत असुविधा हो रही है, लेकिन बुधवार रात तक किसान यलगार को जारी रखने पर आमादा थे। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मंत्री बच्चू कडू कर रहे हैं, जो प्रहार जनशक्ति पार्टी के संस्थापक हैं। सवाल है कि यलगार किसानों का है अथवा यह राजनीतिक लामबंदी है? हालांकि राज्य सरकार ने जून, 2025 में कर्जमाफी पर एक कमेटी बनाई थी। उसकी रपट और अनुशंसाएं आ गई हैं अथवा नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है। दरअसल बुनियादी मुद्दा किसान की कर्जमाफी का है। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की रूपरेखा के मुताबिक, किसानों के 72, 000 करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए थे। इस आंकड़े पर विवाद है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि कुल 53, 000 करोड़ रुपए के कथित कर्ज माफ किए गए। उनमें कई लाभार्थी फर्जी थे अथवा कुछ लोग दिवंगत हो चुके थे, लेकिन उनके नाम पर कर्जमाफी की गई। बहरहाल इस आंकड़े को भी छोड़ते हैं, लेकिन उसके बाद कर्जमाफी एक राजनीतिक फैशन बन गई, लिहाजा राज्य सरकारों ने भी किसानों के कर्ज माफ किए। हम आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन यह तय है कि कर्जमाफी के तौर पर सरकारें किसानों की आर्थिक मदद करती रही हैं। आखिर किसान कितने कर्जदार हैं, यह यक्ष प्रश्न किया जाता रहा है? अब केंद्र सरकार पर करीब 225 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है, जो 2014 में करीब 58 लाख करोड़ रुपए था। इतनी तो कई देशों की सकल अर्थव्यवस्था नहीं होती। इस गंभीर सवाल को भी समझना चाहिए कि आखिर कब तक सरकारें किसानों की कर्जमाफी करती रहेंगी? महाराष्ट्र सरकार पर भी 2024-25 का कुल कर्ज 8.40 लाख करोड़ रुपए है। सालाना ब्याज करीब 65000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। हर नागरिक पर 72, 761 रुपए का कर्ज है। सरकारों को सिर्फ किसानों का कल्याण देखना है या गरीबी-रेखा के आसपास या उसके तले जीने वाले समुदायों की भी चिंता करनी है? यकीनन किसान के हालात तब से बदतर हैं, जब भारत ब्रिटिश हुकूमत का गुलाम था। किसान की गरीबी या कर्जदारी बीते 11 साल की ही देन नहीं है। किसान अन्नदाता है, हमें इस मुहावरे को भी छोड़ना होगा। देश के प्रत्येक समुदाय, वर्ग, नागरिक का देश के विकास और संचालन में योगदान रहा है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 15-16 फीसदी ही है। शेष 85 फीसदी के कर्ज कौन माफ करेगा? यदि महाराष्ट्र के नागपुर क्षेत्र के आंकड़े देखें, तो जनवरी-मार्च, 2025 में ही 767 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं।

## विशेष

# बिहार चुनाव में बदलाव के आसार

**-डॉ. भरत मिश्र प्राची-**

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार जन सुराज पार्टी के आने से एनडीए एवं महागठबंधन के बीच त्रिकोणीय संघर्ष के चलते कड़ा मुकाबला होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत आने के आसार नहीं दिखाई दे रहे है। इस चुनाव में एनडीए में शामिल भाजपा को पूरी उम्मीद है कि वह स्वयं बहुमत से सरकार बना लेगी इसी कारण इस चुनाव में भाजपा ने अपना कोई मुख्यमंत्री बिहार में पूर्व की भॉंति नीतीश कुमार को घोषित नहीं किया है। जबकि महागठबंधन ने अपना तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री घोषित कर रखा है। महागठबंधन में इस बार राजद और कांग्रेस मुख्य दल के रूप में चुनाव पूर्व की भॉंति लड़ रहे हैं। जन सुराज पार्टी के आने से बिहार में चुनावी समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। इस बार चुनाव में तीनों राजनीतिक दल के बीच कड़ा मुकाबला दिखाई दे रहा है जबकि भाजपा बिहार में सत्ता पाने की हर कोशिश में प्रयत्नशील दिखाई दे रही है। महागठबंधन भी अपने बल पर सरकार बनाने की कोशिश में लगा हुआ है। भाजपा को इस चुनाव में पूरी आशा है कि वह पूर्ण बहुमत से सरकार बना लेगी। इस बार चुनाव में घोषणाओं का दौर जारी है। महागठबंधन के प्रमुख राजद नेता तेजस्वी ने अपनी सरकार आने पर हर परिवार से एक सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। जबकि जदयू नेता नीतीश ने अपनी ओर से बिहार में एक करोड़ लोगों को नौकरी देने की घोषणा की है। वर्तमान समय में इतनी सरकारी नौकरी किसी भी सरकार के लिए दे पाना संभव नहीं है पर चुनाव जीतने के लिए सभी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। आरोप लगाने का दौर भी जारी है।

**भाजपा ने इस चुनाव को जीतने के लिए अपने प्रमुख सभी नेताओं को प्रचारक के रूप में बिहार में उतार रखा है। चुनाव उपरांत पूर्व की भांति मुख्यमंत्री नीतीश को नहीं घोषित होने के कारण बिहार का राजनीतिक परिदृश्य बदल सकता है।**

भाजपा ने इस चुनाव को जीतने के लिए अपने प्रमुख सभी नेताओं को प्रचारक के रूप में बिहार में उतार रखा है। चुनाव उपरांत पूर्व की भांति मुख्यमंत्री नीतीश को नहीं घोषित होने के कारण बिहार का राजनीतिक परिदृश्य बदल सकता है। हालात इस तरह के दिखाई दे रहे हैं कि चुनाव उपरांत त्रिकोणीय संघर्ष में जन सुराज पार्टी की भूमिका प्रमुख हो सकती है। जन सुराज पार्टी के नेता चुनाव उपरांत जिस किसी भी राजनीतिक दल को सपोर्ट करते हैं उसी की सरकार बनती दिखाई दे रही है। फिलहाल भाजपा को पूरी उम्मीद है कि अपने बल पर बिहार में सरकार बना लेगी। मुख्यमंत्री के मामले में इसलिए भाजपा इस बार मौन दिखाई दे रही है। नीतीश का मुख्यमंत्री बनना तो इस बार आसान नहीं है पर राजनीतिक समीकरण कुछ भी हो सकता है।

बिहार का चुनाव एक नए समीकरण को उभारता दिखाई दे रहा है। बिहार चुनाव के उपरांत राजनीतिक दलों के बदलते समीकरण नई सरकार, नए मुख्यमंत्री का स्वरूप उभार सकते है। राजनीतिक सर्वेक्षण में फिलहाल महागठबंधन की सरकार बनती नजर आ रही है। सरकार का स्वरूप बिहार के युवा तय करेंगे। बिहार में बेरोजगारी प्रमुख कारण है जहां रोजगार की तलाश में लाखों युवा पलायन के शिकार है। वहां के युवा विगत दशक से चल रही सरकार से संतुष्ट नहीं है, वे बदलाव चाहते हैं। इस कारण बिहार चुनाव में इस बार बदलाव के आसार नजर आ रहे है।

# डॉ. मोहन यादव के जरिए 'यादव समीकरण' साधने की कोशिश

**-पवन वर्मा-**

भारतीय राजनीति में चुनावी रणनीतियाँ अक्सर सामाजिक समीकरणों और जनभावनाओं के इर्द-गिर्द बुनी जाती हैं। बिहार, जिसकी राजनीति हमेशा से ही जातीय आधार पर निर्धारित होती रही है, वहां आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अनेक दिलचस्प प्रयोग देखने को मिल रहे हैं। इस चुनावी अखाड़े में ऐसा ही एक नया राजनीतिक प्रयोग हुआ है मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रुप में। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अपने प्रचार अभियान का केंद्रीय चेहरा बनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि वह बिहार में यादव समाज की राजनीतिक नब्ज को छूने की हरसंभव कोशिश करेगी। इस नई भूमिका में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बिहार की राजनीति में पूरी तरह सक्रिय हैं। भाजपा ने उन्हें केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि यादव समाज से आने वाले उस जननेता के रूप में प्रस्तुत किया है, जिन्होंने संगठन के स्तर से संघर्ष करते हुए सत्ता के शीर्ष तक का सफर तय किया। बिहार के उस राजनीतिक भूगोल में, जहां यादव समाज का एक बड़ा और निर्णायक मतदाता वर्ग मौजूद है, वहां डॉ. यादव की भूमिका भाजपा के लिए लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्रों को चुनौती देने वाली मानी जा रही है।

डॉ.यादव पिछले लगभग दो वर्षों से बिहार में लगातार सक्रिय हैं। श्रीकृष्ण चेतना विचार मंच के आयोजनों में उनकी सहभागिता रही है, जिससे वे सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से भी इस भूमि से जुड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने बिहार के सामाजिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति बनाए रखी, जिससे उनकी पहचान केवल एक बाहरी 'प्रचारक' के रूप में नहीं, बल्कि 'समाज से जुड़े प्रतिनिधि' के रूप में बनी। भाजपा के इस जातीय गणित की नई पटकथा बिहार की राजनीति में यादव समुदाय की विशाल सहभागिता से जुड़ी हुई है। यहां यादव समाज लम्बे समय से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ जुड़ा हुआ है। लालू प्रसाद यादव और बाद में तेजस्वी यादव इस समुदाय के सबसे प्रमुख और प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। ऐसे में भाजपा के लिए इस समुदाय को प्रभावित करना और उन्हें अपने पक्ष में लाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है। इन परिस्थितियों में मोहन यादव का चेहरा भाजपा के लिए इस मायने में संजीवनी है कि वे स्वयं 'यादव' समाज से आते हैं। वे एक ऐसे नेता भी हैं जिनकी राजनीतिक यात्रा परिवारवाद से मुक्त रही है। यही संदेश वे बिहार की जनसभाओं में बार-बार दोहरा रहे हैं। वे अपनी सभाओं में बार बार कहते हैं कि भाजपा उन कार्यकताओं को सम्मान देती है जो अपने परिश्रम से आगे बढ़े हों, न कि राजनीतिक वंशवाद के सहारे। इस तर्क के माध्यम से भाजपा और मोहन यादव दोनों ही सीधे सीधे तेजस्वी यादव पर निशाना साध रहे हैं।

**बिहार में यादव मतदाता का समीकरण**

बिहार की लगभग 60 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां यादव मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। इनमें से कई क्षेत्र सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, दरभंगा, पूर्णिया, बक्सर और सिवान जैसे जिलों में आते हैं। इन इलाकों में भाजपा लंबे समय से अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर पाई है। अब इन इलाकों में डॉ. मोहन यादव अपनी जीवन यात्रा और एक सामान्य परिवार से मुख्यमंत्री बनने की कहानी साझा करते हैं। वे इसे यादव समुदाय के आत्मसम्मान और पहचान की भावना से जोड़ते हुए राजनीतिक दिशा देने का प्रयास करते हैं।

## बिहार में भाजपा की नई रणनीति:

**बिहार कनेक्शन के सांस्कृतिक सूत्र**

डॉ. मोहन यादव श्रीकृष्ण चेतना विचार मंच और अखिल भारतीय यादव महासभा जैसे मंचों से बिहार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन से पहले से ही जुड़े रहे हैं। बिहार के लोग, विशेषकर यादव समाज, भगवान श्रीकृष्ण को अपनी परंपरा व पहचान के केंद्र में रखते हैं। ऐसे में ह्यश्रीकृष्ण के आदर्शों पर आधारित समाज निर्माणह्व का संदेश डॉ. यादव की सभाओं का मुख्य विषय है। पिछले महीने आयोजित जन समरस सांस्कृतिक सम्मेलन में उनकी उपस्थिति ने भी संकेत दिया था कि भाजपा केवल राजनीतिक मंचों के सहारे ही नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर पर भी अपने प्रसार की योजना बना रही है और डॉ. यादव भाजपा के ह्यसंस्कृति और विकासह्व दोनों सूत्रों को जोड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

**सामाजिक और राजनीतिक संकेत**

राजनीति में प्रतीक और चेहरों की अहमियत हमेशा बनी रहती है। भाजपा के लिए डॉ. मोहन यादव एक ऐसे प्रतीक हैं जो कई स्तरों पर लाभ देते है। वे पिछड़े वर्ग से आते हैं, दूसरा, वे एक शिक्षित, सुसंस्कृत और वैचारिक रूप से परिपक्व नेता हैं, जो भाजपा के वैचारिक चेहरे को भी सशक्त बनाते हैं। तीसरा, वे किसी बड़े राजनीतिक परिवार से नहीं आते, जिससे उन्हें जनता के बीच ह्यस्वाभाविक प्रतिनिधिह्व का दर्जा दिया जा रहा है। भाजपा की चुनावी मशीनरी जानती है कि बिहार में यादव मतदाता को पूरी तरह अपने पाले में लाना मुश्किल है, लेकिन उसका एक हिस्सा भी यदि भाजपा की ओर आ जाता है तो कई सीटों पर निर्णायक बढ़त बनाई जा सकती है। इसी उद्देश्य से डॉ. यादव को उन क्षेत्रों में भेजा जा रहा है जहां यादव मतदाता ज्यादा हैं। कुम्हरार, बिक्रम, सहरसा, बगहा और सिकटा जैसे यादव बहुल इलाकों में वे जबर्दस्त प्रचार कर रहे हैं। भाजपा की यह रणनीति केवल भाजपा ही नहीं, बल्कि एनडीए गठबंधन की समग्र रणनीति पर लागू दिख रही है। डॉ. मोहन यादव की सभाओं में भाजपा के साथ-साथ एनडीए प्रत्याशियों का भी प्रचार किया जा रहा है। इससे यह संदेश भी जा रहा है कि बिहार में एनडीए इस बार जातीय राजनीति को पुनर्परिभाषित करने के प्रयास में है। तेजस्वी यादव जब राजद-कांग्रेस गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरा बने, तब भाजपा को भी एक वैचारिक काउंटर फिगर की जरूरत थी। डॉ. मोहन यादव इस खाली स्थान को भरते हुए दिख रहे हैं। उनके भाषणों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की प्रशंसा के साथ यह भी बार-बार दोहराया जाता है कि भाजपा में अवसर जाति से नहीं, कर्म से तय होता है। राजनीतिक विश्लेषकों की दृष्टि में यह कदम भाजपा के लिए दोहरे लाभ वाला हो सकता है। पहला तो इससे यादव समुदाय में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ सकती है, जो अब तक सीमित थी। दूसरा, इससे भाजपा उस तटस्थ यादव मतदाता को अपने साथ जोड़ सकती है जो परंपरागत रूप से राजद के साथ तो है, लेकिन फिर भी बदलाव चाहता है। हालांकि इस रणनीति की सफलता चुनाव परिणामों पर निर्भर करेगी, फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि भाजपा ने इस बार बिहार में जाति आधारित प्रचार में एक नया प्रयोग शुरू किया है। डॉ. मोहन यादव की सभाओं में अपेक्षा से अधिक भीड़ और उत्साह देखा जा रहा है। कई स्थानों पर स्थानीय यादव समुदाय के प्रभावशाली सदस्य भाजपा के कार्यक्रमों में भाग लेने लगे हैं। यह संवाद और संपर्क भाजपा के लिए दीर्घकालिक लाभ का संकेत है। डॉ. यादव अपने भाषणों में बिहार की धरती को संघर्ष और संस्कार की भूमि बताकर उसमें अपना आत्मीय संबंध स्थापित करते हैं। उनकी शैली मृदुभाषी किन्तु सारगर्भित है। वे तथ्यों और आंकड़ों की बजाय प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से लोगों के हृदय को छूने का प्रयास करते हैं। यही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बन गई है। बिहार में यादव समाज के भीतर भाजपा समर्थक यादव की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की जा रही है। डॉ. मोहन यादव के माध्यम से पार्टी यह दिखाना चाहती है कि भाजपा सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर भी अब पीछे नहीं है। यह संदेश राज्य के राजनीतिक ध्रुवीकरण को बदल सकता है। भाजपा की रणनीति साफ है। इसमें डॉ. मोहन यादव की भूमिका न केवल प्रचारक की है, बल्कि वे एक ऐसे चेहरे के रूप में उभरे हैं जो बिहार में भाजपा की विचारधारा का जन-संस्करण प्रस्तुत कर रहे हैं। बिहार की राजनीति इस समय एक दिलचस्प मोड़ पर है। तेजस्वी यादव युवा नेतृत्व के प्रतीक बनकर उभरे हैं, तो वहीं भाजपा उनका मुकाबला करने के लिए डॉ. मोहन यादव जैसे संगठन-निर्मित नेता को सामने लायी है।

# आज भी जारी है सत्ता की सियासत में परिवारवाद

**-कुमार कृष्णन-**

बिहार में सत्ता की सियासत में परिवारवाद का खेल जारी है। प्रदेश की कई पार्टियों ने अपने सगे संबंधियों को ही चुनावी मैदान में उतारा है। लगभग हर जिले में किसी न किसी बड़े सियासी घराने के बेटे, बेटी, दामाद, बहू या पत्नी चुनावी अखाड़े में हैं। गायघाट से गया, रोहतास से औरंगाबाद और समस्तीपुर से लेकर मुजफ्फरपुर तक, टिकट बंटवारे में पारिवारिक समीकरण देखे जा सकते हैं।

बीजेपी, जेडीयू, राजद और रालोमो ने अपने परिवार वालों पर ही भरोसा जताया। किसी सांसद की पत्नी मैदान में हैं तो कहीं पूर्व मंत्री के बेटे को टिकट मिला। कहीं, दामाद से उम्मीदें हैं तो कहीं बहू और समधिन को प्रचारक बनाया। सारण के गरखा से चिराग ने अपने भांजे सीमांत मृणाल को मैदान में उतारा है। जिससे साफ होता है कि बिहार की राजनीति में वंशवाद सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि चुनावी रणनीति बन चुकी है। नेताओं के घरों से निकली नई पीढ़ी अब अपनी सियासी पहचान गढ़ने को तैयार है।

गया की दस सीटों में चार हम (हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा) को मिलीं हैं। इन सभी पर जीतनराम मांझी ने परिवार या रिश्तेदारों को उतारा है। टिकारी से डॉ. अनिल कुमार और अतरी से उनके भतीजे रोमित कुमार उम्मीदवार हैं। बाराचट्टी से ज्योति देवी मांझी (समधिन) और इमामगंज से दीपा मांझी (पतोहु) मैदान में हैं। उधर, चेरिया बरियारपुर में जदयू ने पूर्व मंत्री मंजू वर्मा के बेटे अभिषेक आनंद को टिकट दिया, जबकि राजद ने पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद सिंह के बेटे सुशील सिंह कुशवाहा को उतारा।

गायघाट से जदयू प्रत्याशी कोमल सिंह की मां वीणा देवी वैशाली से सांसद हैं। पिता जदयू के एमएलसी हैं। उनके अलावा सकरा में जदयू विधायक अशोक चौधरी के बेटे आदित्य कुमार चुनावी मैदान में हैं। मीनापुर से जदयू ने पूर्व मंत्री दिनेश प्रसाद सिंह के बेटे अजय कुशवाहा को टिकट दिया। कुढ़नी से बबलू कुशवाहा ससुर बसावन भगत (पूर्व मंत्री) की परंपरा आगे बढ़ा रहे हैं। साहेबगंज में राजद ने पूर्व मंत्री राम विचार राय के दामाद पृथ्वीनाथ राय को उम्मीदवार बनाया। बरूराज से वीआईपी के ई. राकेश राय चुनाव मैदान में हैं, पिता शशि राय पांच बार विधायक रह चुके हैं।

सासाराम से स्नेहलता (उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी) रालोमो प्रत्याशी हैं। दिनारा से आलोक सिंह (मंत्री संतोष सिंह के भाई) मैदान में हैं। औरंगाबाद से गोपाल सिंह के पुत्र त्रिविक्रम नारायण सिंह भाजपा प्रत्याशी हैं। करगहर में संतोष मिश्रा (पूर्व मंत्री गिरीश नारायण के पुत्र) कांग्रेस के उम्मीदवार बनाए गए हैं। नवीनगर से जदयू ने चेतन आनंद (आनंद मोहन और लवली आनंद के पुत्र) को मैदान में उतारा है।

**लोकतंत्र में, रिश्तेदारों को राजनीतिक उत्तराधिकार का अधिकार देने से रोकने वाला कोई नियम नहीं है। लेकिन यह परंपरा कई कारणों से लोकतंत्र की भावना के प्रतिकूल है। उदाहरण के लिए, लोकतंत्र के गहराने से आदर्श रूप से राजनीतिक दलों की पहुँच आम लोगों के लिए अधिक सुलभ होनी चाहिए। हालाँकि, इस समय एक विपरीत समीकरण प्रचलित है – जो योग्यता के सिद्धांत के लिए हानिकारक है – जिसमें एक राजनीतिक दल ऐसे पारिवारिक पूंजीहीन लोगों पर भरोसा करने के बजाय नेता के परिवार के सदस्यों के प्रति वफादार रहना पसंद करता है।**

तरारी-बक्सर इलाके में पांडेय परिवार का क्षेत्र में प्रभाव है। तरारी से भाजपा विधायक विशाल प्रशांत (पूर्व जदयू विधायक सुनील पांडेय के पुत्र) फिर मैदान में हैं। उनके चाचा हुलास पांडेय बक्सर की ब्रह्मपुर सीट से लोजपा (आर) के प्रत्याशी हैं। शाहपुर से राकेश रंजन (दिवंगत भाजपा उपाध्यक्ष विश्वेश्वर ओझा के पुत्र) भाजपा प्रत्याशी हैं। जगदीशपुर से राम विष्णु सिंह लोहिया के बेटे किशोर कुणाल को टिकट मिला है।

आधिकारिक वेबसाइटों, चुनावी हलफनामों और भारत के चुनाव आयोग की रिपोर्टों के आंकड़ों से पता चला है कि सभी राजनीतिक दल प्रथम परिवारों के प्रभाव में हैं। देश भर के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। आश्चर्य की बात नहीं है कि कांग्रेस, अपनी सिकुड़ती चुनावी उपस्थिति के बावजूद, इस सूची में शीर्ष पर है जिसके 33.25% सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्य राजनीतिक परिवारों से आते हैं। भारतीय जनता पार्टी, जो स्पष्ट रूप से एक अलग संगठन है, अपने प्रतिद्वंद्वी के साथ कदमताल मिला रही है। इसके 2, 078 विधायकों में से, अनुमानित 18.62% वंशवादी हैं। यह भी चौंकाने वाली बात है कि जब राज्य विधानसभाओं या संसद में एक से अधिक सदस्यों वाले परिवारों की बात आती है, तो भाजपा नंबर एक स्थान पर है भाजपा के सहयोगी दलों में, तेलुगू देशम पार्टी के 163 विधायकों में से 51 विधायक वंशवादी हैं, जबकि जनता दल (यूनाइटेड) के 81 विधायकों में से 28 वंशवादी हैं। यह परिवार द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी, जो राष्ट्रीय विपक्ष के कुछ घटक हैं, में भी फैसले लेता है।

लोकतंत्र में, रिश्तेदारों को राजनीतिक उत्तराधिकार का अधिकार देने से रोकने वाला कोई नियम नहीं है। लेकिन यह परंपरा कई कारणों से लोकतंत्र की भावना के प्रतिकूल है। उदाहरण के लिए, लोकतंत्र के गहराने से आदर्श रूप से राजनीतिक दलों की पहुँच आम लोगों के लिए अधिक सुलभ होनी चाहिए। हालाँकि, इस समय एक विपरीत समीकरण प्रचलित है-जो योग्यता के सिद्धांत के लिए हानिकारक है-जिसमें एक राजनीतिक दल ऐसे पारिवारिक पूंजीहीन लोगों पर भरोसा करने के बजाय नेता के परिवार के सदस्यों के प्रति वफादार रहना पसंद करता है। यह पार्टियों को नई पीढ़ी के नेताओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार करने से भी रोकता है। इस कमी के गंभीर परिणाम होते हैं।

ऐसा इसलिए है क्योंकि एक नेता का निधन या अयोग्यता आंतरिक पारिवारिक कलह की संभावना को बढ़ा सकता है, जिससे दलबदल या यहाँ तक कि एक राजनीतिक इकाई का विघटन भी हो सकता है। राजनीतिक संस्थाओं पर परिवार की पकड़ के कारण सामूहिक असंतोष के संकेत मिल रहे हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जिसमें नेतृत्व क्षमता हो वो आगे आएं और राजनीति में वंशवाद की कोई जगह नहीं। देश की आजादी के इतने वर्षों बाद भी परिवारवाद की जड़ें मजबूत और गहरी होती चली गई है। लोहिया का नाम लेनेवालों दलों ने तो लोहिया का अनुसरण ही नहीं किया। किसी एक एक दल की बात नहीं कांग्रेस पर सवाल खड़े करने वाली बीजेपी भी इससे अछूती नहीं। अलग-अलग जातियों और पिछड़े लोगों के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टियां भी विरासत परिवार को ही सौंपते हैं।

# तकनीकी आत्मनिर्भरता का नया केंद्र बनता मध्यप्रदेश

**-विवेक रंजन श्रीवास्तव-**

भोपाल शहर अब केवल तालाबों, पहाड़ियों और हरियाली का पर्याय नहीं रहा। यह शहर अब अपने नए अवतार में उभर रहा है, तकनीकी आत्मनिर्भरता का केंद्र बनकर। मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्थापित किया जा रहा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी), भोपाल को भारत के तकनीकी मानचित्र पर स्थायी रूप से दर्ज करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भोपाल के नजदीक बैरसिया में प्रस्तावित बांदी खेड़ी ग्राम में इलेक्ट्रानिक क्लस्टर परियोजना केवल उद्योग नहीं, बल्कि एक विचार है। ऐसा विचार जो अभियंत्रिकी को रोजगार से आगे बढ़ाकर नवाचार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक दायित्व से जोड़ता है।

भोपाल की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियाँ इस प्रयास के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। यहाँ की जलवायु संतुलित है, कुशल श्रमशक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, और तकनीकी शिक्षण संस्थानों की एक सशक्त श्रृंखला है मेनिट, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, एनआईटीटीटीआर, और अनेक इंजीनियरिंग कॉलेज। इन संस्थानों से हर वर्ष निकलने वाले अभियंता अब अपने ही शहर में अवसर पाएँगे। यह किसी शहर की आत्मा के लिए बड़ी उपलब्धि होती है जब उसका ज्ञान, उसकी भूमि पर ही फलने-फूलने लगे।

इस क्लस्टर की परिकल्पना आधुनिक औद्योगिक अवधारणाओं पर आधारित है। यहाँ सेमीकंडक्टर असेंबली, स्मार्ट सेंसर निर्माण, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), सौर उपकरण निर्माण, तथा एआई-आधारित औद्योगिक स्वचालन जैसे उन्नत क्षेत्रों में उत्पादन की योजना है। परियोजना का लक्ष्य है कि भारत में निर्मित उत्पाद विश्व-स्तरीय गुणवत्ता के हों और निर्यात-योग्य भी। भोपाल की भूमि इस आत्मविश्वास के साथ अब भविष्य की फैक्ट्रियों की गूंज सुनने को तैयार है।

इंजीनियरिंग के दृष्टिकोण से यह एक जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजना है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के लिए क्लीनरूम टेक्नोलॉजी आवश्यक होती है जहाँ धूल का एक कण भी उत्पादन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। इसके लिए उच्चस्तरीय एयर-फिल्टरेशन सिस्टम, तापमान नियंत्रण और सटीक यांत्रिक डिजाइन की आवश्यकता होती है। इस समूची प्रक्रिया में पर्यावरण अभियंत्रिकी, यांत्रिक डिजाइन, इलेक्ट्रिकल नियंत्रण प्रणाली, और सॉफ्टवेयर एनालिटिक्स, सभी शाखाओं का समन्वय आवश्यक है।

**भोपाल के अभियंता इस चुनौती को एक अवसर की तरह देख रहे हैं। उन्हें केवल मशीन नहीं, बल्कि व्यवस्था गढ़नी है, ऐसी व्यवस्था जो ऊर्जा-सक्षम, पर्यावरण-संतुलित और तकनीकी रूप से सटीक हो। इसीलिए इस क्लस्टर में सौर ऊर्जा आधारित पावर सिस्टम, वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसे प्रावधानों को अनिवार्य रूप से जोड़ा गया है। यह केवल निर्माण नहीं, भविष्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।**

भोपाल के अभियंता इस चुनौती को एक अवसर की तरह देख रहे हैं। उन्हें केवल मशीन नहीं, बल्कि व्यवस्था गढ़नी है, ऐसी व्यवस्था जो ऊर्जा-सक्षम, पर्यावरण-संतुलित और तकनीकी रूप से सटीक हो। इसीलिए इस क्लस्टर में सौर ऊर्जा आधारित पावर सिस्टम, वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसे प्रावधानों को अनिवार्य रूप से जोड़ा गया है। यह केवल निर्माण नहीं, भविष्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

एक उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि इस परियोजना में विविध अभियंत्रिकी शाखाओं के साथ-साथ प्रबंधन और कौशल विकास को भी समान महत्त्व दिया गया है। स्थानीय युवाओं को आधुनिक उत्पादन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए एक समर्पित स्किल सेंटर की स्थापना की जा रही है। यहाँ प्रशिक्षण प्राप्त अभियंता ऑटोमेशन, गुणवत्ता नियंत्रण, और इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता अर्जित करेंगे। इस प्रशिक्षण से न केवल रोजगार सृजन होगा, बल्कि अभियंत्रिकी का आत्मविश्वास भी लौटेगा। वही आत्मविश्वास जो कभी भोपाल के पुराने औद्योगिक नगरों की पहचान हुआ करता था।

यदि हम इसे व्यापक दृष्टि से देखें तो यह परियोजना भारत के औद्योगिक दर्शन में परिवर्तन का प्रतीक है। पहले उद्योग केवल उत्पादन-केंद्रित होते थे, अब वे नवाचार-केंद्रित हैं। पहले अभियंता मशीन चलाते थे, अब वे भविष्य को दिशा दे रहे हैं। पहले उद्योग का उद्देश्य लाभ होता था, अब उसका लक्ष्य स्थिरता और सामुदायिक उत्तरदायित्व है। भोपाल का यह प्रयास इसी नए युग की शुरूआत है जहाँ इंजीनियरिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का उपकरण बन जाती है।

आर्थिक दृष्टि से भी यह परियोजना मध्य भारत की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को नया प्राण देगी। अनुमान है कि अगले पाँच वर्षों में इस क्लस्टर से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दस हजार से अधिक रोजगार सृजित होंगे। परंतु इस सबके पीछे जो सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन घट रहा है, वह मानसिक है, भोपाल अब अपने युवाओं को सपनों के लिए बाहर नहीं भेजेगा, बल्कि उनके सपनों को यहीं आकार देगा।

भोपाल का यह नवाचार अभियान यह सिखाता है कि किसी शहर का भविष्य केवल योजनाओं या बजट से नहीं बनता, बल्कि उस शहर के अभियंताओं के मनोबल से बनता है। जब अभियंता अपने शहर के लिए सोचने लगते हैं, तो मशीनें भी मानवीय हो जाती हैं और फैक्ट्रियाँ भी संस्कृति का हिस्सा बन जाती हैं। यही वह बिंदु है जहाँ इंजीनियरिंग और मानवीय संवेदना एक दूसरे में घुलमिल जाती हैं।

अंततः यह कहा जा सकता है कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, भोपाल के अभियंता समुदाय के लिए एक नया विश्वासपत्र है। यह हमें यह स्मरण दिलाता है कि भारत का तकनीकी पुनर्जागरण केवल महानगरों से नहीं, बल्कि ऐसे स्वाभिमानी शहरों से शुरू होता है जहाँ विचार और श्रम दोनों एक साथ जन्म लेते हैं। भोपाल आज उसी दिशा में बढ़ चला है, विचार की राजधानी बनने की ओर, अभियंत्रिकी की आत्मा के साथ।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती मनाई गई






**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय,मे 31 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 उदिता राजपूत और मोहम्मद आरिफ के निर्देशन में *%मिशन शक्ति 5.0 और एक भारत आत्मनिर्भर भारत के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती मनाई गई । सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। इसके पश्चात शासन के आदेशानुसार एक रैली का आयोजन किया गया । कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज से चौधरी चरण सिंह चौक होते हुए रोडवेज पहुंची और फिर वहां से रैली की वापसी हुई। रैली में छात्र-छात्राओं में सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जयघोष करते हुए अनेकता में एकता, भारत की विशेषता तथा भारत माता की जय आदि के नारे लगाए। रैली में अधिकाशं स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सहयोग किया।

रैली में प्रोफेसर अशोक कुमार , प्रोफेसर महिपाल सिंह, डॉ0 विनोद कुमार, डॉ0 साजिद अंसारी , डॉ0 कुलदीप, डॉ0 संतोष देवी, डॉ0 मीनाक्षी राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# द हेज़लमून स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** द हेज़लमून स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक अरविंद मित्तल ने पुष्प अर्पित किए और कहा कि सरदार पटेल जी ने अपने अद्भुत नेतृत्व और एकता के संदेश से पूरे देश को जोड़ा। हमें उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने भी अपने संदेश में कहा कि सरदार पटेल जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है और राष्ट्र की एकता में ही शक्ति निहित है।

# हिंदू इंटर कॉलेज के छात्रों ने राष्ट्रीय एकता दौड़ में किया प्रतिभाग



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर के छात्रों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ राष्ट्रीय एकता दौड़ में प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय एकता दौड़ का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक चांदपुर देश दीपक ने किया। यह दौड़ पुलिस स्टेशन चांदपुर से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः कोतवाली में आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय के 100 छात्रों ने प्रतिभाग कर समाज को एक भारत श्रेष्ठ, भारत का संदेश दिया। विद्यालय में प्रातः कालीन सभा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा एवं समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्रों एवं समस्त स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने छात्रों का आह्वान किया कि वे भारत रत्न सरदार पटेल के मानवतावादी, राष्ट्रभक्तिपूर्ण, दृढ़ता एवं सामाजिक समरसता के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तथा देश को श्रेष्ठ एवं समृद्ध बनाने में अपना पूर्ण योगदान दें। विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह त्यागी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी पंकज कुमार, नरपाल सिंह, वेदपाल सिंह, मदनपाल सिंह, अवनीश भटनागर आदि शिक्षकों ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गर के जेपी पब्लिक स्कूल में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में, हमारे विद्यालय जेपी पब्लिक स्कूल ने 31 अक्टूबर को एक विशेष सभा का आयोजन किया और राष्ट्रीय एकता दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी के बीच शांति, शक्ति और एकता की कामना करते हुए एक विशेष प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई, जिसमें छात्रों ने सरदार पटेल के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर राष्ट्र की अखंडता और एकता को बनाए रखने की शपथ ली।

समारोह का मुख्य आकर्षण एकता परेड थी, जिसमें सभी कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, हाथ पकड़कर और ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ थीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एक साथ मार्च किया। पूरा परिसर एकजुटता और गौरव की भावना से गूंज उठा। शिक्षकों ने स्वतंत्रता के बाद भारत की रियासतों को एकजुट करने में सरदार वल्लभभाई पटेल की असाधारण भूमिका पर प्रकाश डाला।

विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य जी ने इस सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी को सरदार पटेल के आदर्शों का अनुसरण करने तथा राष्ट्र की प्रगति और एकता के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कामरेड रूपराम का निधन, माकपा ने दी श्रद्धांजलि

*** बीते 45 वर्षो से थे माकपा के सक्रिय सदस्य**



**उत्तर भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** कामरेड रूपराम सिंह एडवोकेट का बीमारी के चलते निधन हो जाने से क्षेत्र के कम्युनिस्टों में शोक छा गया। जिसके बाद क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने उनके घर जाकर उनके पार्थिक शरीर पर लाल झंडा डालकर, लाल सलाम के नारों से श्रद्धांजलि दी। नांगल सोती ब्रांच के गांव खानपुर निवासी कामरेड रूपराम सिंह बीते कुछ दिनों से बीमारी चल रहे थे, घर पर ही उनका इलाज चल रहा था, शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे उनका अचानक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से नांगल क्षेत्र के कम्युनिस्टों में शोक व्याप्त हो गया। जिसके बाद क्षेत्र कामरेड और माकपा के जिला मंत्री विजेंद्र सिन्हा, जिला कमेटी सदस्य सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, विजय सिंह, संतराम सिंह, मोमिन अहमद, जाहिद आदि उनके घर पहुंच गए, जिसके बाद माकपा कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिक शरीर पर पार्टी का लाल झंडा डालकर, कामरेड रूपराम को लाल सलाम के नारों से श्रद्धांजलि दी। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिलामंत्री विजेंद्र सिन्हा ने बताया कि अल्ताफ अहमद बीते 45 वर्षो से माकपा की विचार से जुड़े थे, और सक्रिय सदस्य के रूप में पार्टी के लिए कार्य कर रहे है, उनका निधन नांगल क्षेत्र के बड़ी क्षति है।

# विद्यालय में संपन्न हुई आचार्य- अभिभावक बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामलीला बाग, मेंआचार्य- अभिभावक बैठक का आयोजन हुआ। आयोजित PTM में विद्यालय की सभी शिक्षार्थियों के अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जाना, जिसमें सभी आचार्य बंधुओं व आचार्या बहिनों ने अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम अभिभावकों के सम्मुख प्रस्तुत कर सभी अभिभावक गणों को उनकी प्रगति से अवगत कराया।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई




**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में भारत के पूर्व गृह मंत्री, उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज कें समस्त स्टाफ को शिक्षक बसंत यादव ने शपथ दिलाई और रन फार यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नांगल थाना अध्यक्ष सतेन्द्र मलिक द्वारा कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव चौहान, डा श्याम सिंह वितेश को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव चौहान नें बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्तूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल और माता का नाम लाडबाई था। बचपन से ही वे परिश्रमी, ईमानदार और दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति थे।उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में प्राप्त की और आगे चलकर इंग्लैंड जाकर कानून की पढ़ाई पूरी की। वकालत की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने अहमदाबाद में वकालत का अभ्यास शुरू किया। सरदार पटेल महात्मा गांधी के विचारों से गहराई से प्रभावित थे। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और खेड़ा सत्याग्रह, नागपुर ध्वज आंदोलन, और विशेष रूप से बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व किया।वरिष्ठ शिक्षक केशव शरण हरवीर सिंह,सत्य प्रकाश आर्य, संजय कुमार सिंह,राकेश कुमार,लोकेश पटेल,राजपाल सिंह, बिनय कुमार, दीपक कुमार, मौ अरशद, नीति गोयल, विवेक कुमार, अश्वनी कुमार, भीमसेन हल्दिया , नवनीत कुमार, श्रीमती सुप्रिया, गीता शर्मा, पूनम सैनी, एकता अहलावत, अमिका कर्णवाल, कु तनु राजपूत, तनु सैनी, निगार जैदी, लोकेन्द्र सिंह, भीम सिंह, अर्जुन सिंह, कुलदीप कुमार राजपाल सिंह, संजय गोयल, जीतेन्द्र कुमार, एव समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन






**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना देहात।** महानुभव सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती के अवसर पर थाना नगीना देहात पुलिस द्वारा 1100 मी की एक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जो थाने से प्रारंभ होकर रायपुर चौराहे पर समाप्त हुई जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों व क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनमें से प्रथम स्थान विशाल पुत्र श्री लोकेंद्र सिंह निवासी ग्राम रायपुर सादात थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर, द्वितीय स्थान अर्पित पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर,तृतीय स्थान अनमोल तोमर पुत्र मुनेंद्र तोमर निवासी ग्राम हाजीपुर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर ने प्राप्त किया जिनको प्रभारी निरीक्षक महोदय के द्वारा थाना प्रांगण में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा जी के द्वारा हस्ताक्षर किए हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता की प्रतिमूर्ति, लौहपुरुष,भारत रत्न, परम श्रद्धेय सरदार वल्लभ भाई पटेल जी जन्मोत्सव पर कोटिशः नमन लौहपुरुष सरदार पटेल जी का देश की स्वतंत्रता और नए भारत के निर्माण के प्रति समर्पण युवाओं को राष्ट्रसेवा की अद्भुत प्रेरणा देता है। भारत की एकता और अखंडता के लिए उनके प्रयासों का देश अनंतकाल तक कृतज्ञ व ऋणी रहेगा।इस कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान, उप निरीक्षक हिमांशु,उप निरीक्षक बनी सिंह, रविन्द्र सिंह, आशीष धामा आदि सभी पुलिस कर्मी शमिल रहे

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विद्यालय में संपन्न हुआ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामलीला बाग , में विद्यालय के पवित्र प्रांगण में मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर वंदना उपरांत *राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती कार्यक्रम* का आयोजन हुआ । इस उपलक्ष्य में विद्यालय के भैय्या- बहिनों में प्रियांशु ,विधि चौहान,रिचा सैनी, दीपांशी इत्यादि ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए उनके उनके जीवन का सुंदर परिचय सभी के समक्ष प्रस्तुत किया ।

इस उपलक्ष्य में विद्यालय कार्य क्रम प्रमुख आचार्य श्री सुधीर कुमार एवं आचार्या बहिन श्रीमती शालू बिश्नोई ने कार्यक्रम की शोभा को आगे बढ़ाते हुए जयंती के महत्व पर प्रकाश डालकर सभी का मार्गदर्शन किया । दूसरी तरफ इस अवसर पर नगीना नगर में ही आयोजित रन फॉर यूनिटी (मैराथन दौड़) में हिस्सा लेते हुए विद्यालय के कक्षा द्वादश के भैय्या बॉबी कुमार,ललित कुमार व पराग चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान एवं कक्षा षष्ठ की बहिन वंशिका ने प्रथम ,कक्षा दशम् की बहिन वंशिका ने द्वितीय व कक्षा षष्ठ की बहिन नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना व विद्यालय का परचम लहराया, सभी विजेता भैय्या-बहिनों को विद्यालय के प्रांगण में पुरस्कार वितिरित कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# पूरी टीम नगीना डाक बंगले पर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** मुनेश कुमार गौतम नेता आजाद समाज पार्टी काशीराम और उनकी पूरी टीम नगीना डाक बंगले पर जिसमें प्रदेश सचिव आरिफ मलिक , जावेद निसार साहब विधानसभा सचिव नाजिम पठान , सक्रिय कार्यकर्ता फरहान अंसारी उर्फ काका भाई,और उनके साथ में नजीबाबाद से आए हुए भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर मुस्लिम भाईचारा कमेटी के संयोजक रजत कुमार, एवं जिला अध्यक्ष कश्यप भाईचारा कमेटी बिजनौर प्रवेश कुमार धामपुर आ रहे नगीना के लोकप्रिय सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद जी का स्वागत करने के लिए चर्चा करते हुए जय भीम जय भारत जय संविधान नमो बुद्धाय आजाद समाज पार्टी काशीराम जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद नगीना के लोकप्रिय सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी काशीराम जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद

# टीचर्स कॉलोनी में युवती ने फांसी लगाकर दी जान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की टीचर्स कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक नर्स का शव कमरे के अंदर पंखे से लटका मिला। मृतका की पहचान नेहा शर्मा (26 वर्ष) पुत्री स्वर्गीय विजयवीर निवासी नूरपुर के रूप में हुई है। वह धामपुर के एक निजी अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत थी और बीते दो वर्षो से एक बैंक के मैनेजर के मकान में किराए पर रहती थी।

बताया जाता है कि नेहा निजी अस्पताल में काम करने के साथ-साथ एएनएम का कोर्स भी कर रही थी। गुरुवार को अपने एएनएम कॉलेज से शाम करीब छह बजे वापस

लौटी। सीधे अपने कमरे में चली गई। शुक्रवार सुबह जब मकान मालकिन उसके कमरे की ओर गई तो दरवाजा बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर मकान मालिक ने खिड़की से झांका तो नेहा का शव पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। घबराए मकान मालिक ने तुरंत ही पुलिस को घटना की बावत सूचना दी। मौके पर कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस टीम और फील्ड यूनिट के साथ पहुंचे।

पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही टीचर्स कॉलोनी में हड़कंप मच गया। कॉलोनीवासी मौके पर एकत्र हो गए और हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध दिखा। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, नेहा के बड़े भाई आज़ाद सिंह, जो दिल्ली के एक अस्पताल में चिकित्सक थे, करीब चार वर्ष पहले संदिग्ध अवस्था में फांसी लगा शव बरामद हुआ था।

नेहा की मां जब नूरपुर से धामपुर पहुंचीं और बेटी का शव देखा तो वह बदहवास होकर वहीं गिर पड़ीं। उन्होंने रोते हुए कहा – ÷चार साल पहले बेटे चला गया, अब बेटी भी चली गई। मां ने पहले पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया, मगर पुलिस के समझाने पर बाद में तैयार हुईं। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# केरल में साइबर वित्तीय अपराधों के लिए 263 गिरफ्तार, 382 मामले दर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने राज्य पुलिस प्रमुख रवादा आज़ाद चंद्रशेखर के निर्देश पर शुरू किए गए ऑपरेशन 'सीवाई हंट' के अंतर्गत साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और संगठित धोखाधड़ी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए व्यापक कार्रवाई करते हुए राज्य भर में 263 लोगों को गिरफ्तार किया और 382 मामले दर्ज किए।

एक विज्ञप्ति में कहा गया कि केरल के सभी पुलिस थानों की सीमाओं में समन्वित छापेमारी की गई। इस अभियान के दौरान, 125 लोगों को नोटिस जारी किया गया और उन पर निगरानी रखी गई।

# सरदार पटेल के जीवन से सीख ले छात्र, एसके राजपूत




**उत्तम भारत संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वाधान में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की। उन्होंने बताया कि ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता पटेल थे, जिन्होंने भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृहमंत्री को सुशोभित किया। उन्होंने 565 रियासतों को नव स्वतंत्र भारत में एकीकृत करने में अविस्मरणीय योगदान दिया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एसके राजपूत ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यूनिटी मार्च के दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर छात्रों ने एकता और अखंडता की शपथ भी ली। कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित इस यूनिटी मार्च का उद्देश्य छात्रों में एकता और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर फोरेस्ट रेंजर्स श्री शशांक गुप्ता ने महाविद्यालय पहुँचकर एकता दौड़ में भाग लिया एवं महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ द्वारा नमिता नोडल अधिकारी डॉ रवि धनकड़ ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को 2014 से राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। जिसका उद्देश्य देश के लोगों में एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमेधा चौहान उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छात्रों को सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर कॉलेज में निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयीं। भाषण प्रतियोगिता में स्पर्धा रानी ने प्रथम, भूमिकांशी ने द्वितीय एवं चन्द्रशेखर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. विनय दुआ, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. सुमेधा चौहान रहे। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। कार्यक्रम में प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अलका राय, प्रो. रमाकान्त, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. मौर्य, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. आदित्य कुमार, गोपाल कृष्ण तिवारी, देवेश पाठक, डॉ.अंकित कुमार, डॉ. आकाश, डॉ. अनिल कुमार, श्रीमती दीपा रानी आदि शामिल रही।

# स्कूल के छात्र -छात्राओं एवं अध्यापक -अध्यापिकाओं को जागरूक किया गया




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति टीम थाना द्वारा लोकप्रिय इंटर कॉलेज ग्राम केलनपुर में

नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान के बारे में स्कूल के छात्र -छात्राओं एवं अध्यापक -अध्यापिकाओं को जागरूक किया गया तथा

1. जीरो एफआईआर
2. ई एफआईआर
3. समय बद्ध न्याय
4. महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान
5. नए अपराध
6. प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्रावधान
7. पीड़ित केंद्रित प्रावधान आदि पर जागरूकता

के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया । महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया तथा एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं एफसीसी साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं उनकी समस्याएं पूछी गयी, कुशलता प्रकट की गई थाना चांदपुर जनपद बिजनौर। द्वारा हेड कांस्टेबल 389 राहुल कुमार ,महिला कांस्टेबल 2418 प्रियंका,महिला कांस्टेबल 627 दिशा सैनी , एचजी ,10 326 जितेंद्र तोमर

## दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयंती ÷राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को चरितार्थ करते हुए हमारे देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित और सशक्त करने के प्रति



हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद रामपुर में "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत समय सुबह 07:15 बजे से हरी झण्डी दिखाते हुए रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

## रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वारः** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह स्वार कोतवाली में ÷रन फॉर यूनिटी÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। मैं प्रभारी निरीक्षक स्वार प्रदीप मलिक इस अवसर पर सभी पत्रकार बन्धुओ, नगरवासीयो एवं समाजसेवी वर्ग के लोगो से अपील करता हूं कि सुबह 8:30 बजे बिलासपुर तिराहे पर दौड़ में शामिल



होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें। रन फॉर यूनिटी के माध्यम से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया जाएगा और युवाओं को एकजुट होकर देशहित में कार्य करने का संदेश दिया जाएगा।

## थाना प्रभारियों के साथ की गयी गोष्ठी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा पुलिस लाइन, रामपुर में जनपद के थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में 03 नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान



चलाकर नागरिकों को इन तीनों नए कानूनों की प्रमुख धाराओं एवं उनके महत्व के बारे में अवगत कराया जाए, जिससे आमजन में विधिक जागरूकता बढ़े और कानून के सही पालन को सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट में नए डीएम का किया स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नरपतनगर।** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला चेयरमैन खालिद अली ने रामपुर के नए जिलाधिकारी अजय कुमार को रामपुर का जिलाधिकारी बनने पर चेयरमैन खालिद अली ने डीएम को दुलदस्ता देकर मुबारकबाद दी।चेयरमैन खालिद अली ने बताया कि हम जिलाधिकारी से आशा करते है कि वह रामपुर के



विकास के साथ साथ रामपुर में अमन चैन व सौंदीकरण के लिए काम सराहनीय काम करेंगे और नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला जो नई नगर पंचायत बनी है उसके विकास को भी गति प्रदान करेंगे।

## एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर सरदार पटेल के राष्ट्र-निर्माण में असाधारण योगदान, विशेषकर देश की अखंडता एवं प्रशासनिक एकीकरण में उनकी भूमिका को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को सुदृढ़





और और सशक्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने की शपथ दिलायी गयी।

## पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गयी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर सरदार पटेल के राष्ट्र-निर्माण में असाधारण योगदान, विशेषकर देश की अखंडता एवं प्रशासनिक एकीकरण में उनकी भूमिका को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर समस्त पुलिस



अधिकारियों एवं कर्मियों को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ और और सशक्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने की शपथ दिलायी गयी।

## बिचौलियों द्वारा शोषण का मुद्दा उठाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू की एक पंचायत अंबेडकर पार्क में जिलेभर से आए किसानों ने धान क्रय केंद्रों पर किसानों का शोषण एवं घाटोली रिश्वतखोरी बिचौलियों द्वारा शोषण का मुद्दा उठाया गया सरकार द्वारा किसानों को धान का समर्थन मूल 2390 रुपए तय किया गया है लेकिन अधिकतर धान के लिए केंद्र चला रहे व्यक्ति लोकल के ही हैं जो किसानों का शोषण कर रहे हैं मोचर के नाम पर 1700 ज़2000 मांग रहे हैं जबकि धान का इस समय का मोचर 17 से 18 आ रहा है जिला अध्यक्ष सलीम



वारसी ने कहा कि 4 नवंबर को धान क्रय केंद्रों पर हो रही मनमानी एवं सिंचाई विभाग द्वारा पैसे लेकर नहरों पर अवैध कब्जे कराकर मकान में दुकान बनवा रहे हैं और जिन नहरे में पानी छोड़े जाना है उनकी सफाईयों में भी मानक पूरे नहीं किए गए हैं इन सब चीज को लेकर जिलाधिकारी महोदय से मुलाकात कर ज्ञापन दिया जाएगा।

## दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार/बिलासपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत क्षेत्राधिकारी नगर/स्वार/बिलासपुर द्वारा थाना बिलासपुर/गंज/स्वार में दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। सभी प्रतिभागियों को देश की एकता, भाईचारे तथा कानून-व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया।

## जिलाधिकारी का किया जोरदार स्वागत

**रामपुर।** चरन सिंह जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल नवागत जिलाधिकारी परम अजय कुमार द्विवेदी जी एवं नवागत मुख्य विकास अधिकारी परम गुलाब सिंह जी से मिलकर शिष्टाचार भेंट की इस अवसर पर नरेंद्र सैनी जी ब्लॉक अध्यक्ष, डा. सरफराज अहमद



उपाध्यक्ष रहमत अली ब्लॉक अध्यक्ष, राजेंद्र सिंह, प्रसन्न प्रकाश जी अमितेश झा रामप्रसाद जी आदि अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**रामपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर जनपद रामपुर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत पैदल मार्च का भव्य आयोजन किया गया। कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री हरीश गंगवार, जिला प्रभारी श्री राजा वर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री मोहन लाल सैनी



ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ अम्बेडकर पार्क से किया, जो गांधी समाधि पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान पैदल मार्च में पुलिस के जवानों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-



गाइड्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने ÷एकता में ही शक्ति है÷ के नारों के साथ जनपद में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश प्रसारित किया।

## तीनो नये कानून के संबंध में किया गया जागरुक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**टाण्डा।** क्षेत्राधिकारी, टाण्डा द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना टाण्डा पुलिस के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कस्बा टांडा में छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी, टाण्डा द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों,



सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है।

## विदाई समारोह का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के सम्मान में रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर स्थित सभागार कक्ष में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों



को सप्रेम उपहार भेंट कर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई तथा उनके दीर्घ, स्वस्थ एवं सुखद जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई।

## गोष्ठी आयोजित की गई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर स्थित सभागार में तीनों नए कानूनों - भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 - के संबंध में मिशन शक्ति केन्द्र, समस्त थाना जनपद रामपुर के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा



अधिकारियों एवं कर्मचारियों को न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं संवेदनशील बनाने हेतु नए कानूनों के मुख्य प्रावधानों, उनके व्यवहारिक अनुपालन तथा जन-जागरूकता से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस नेताओं ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गाँधी जी की जयंती और देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्यतिथि

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** केम्प कार्यालय धमोरा में कांग्रेस नेताओं ने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और दूरदृष्टि की प्रतीक, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन किया। एवं भारत की एकता और अखंडता के शिल्पी,भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती पर दोनों को शत्-शत् नमन किया और दोनों के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक अफ़रोज़ अली खां ने कहा की इंदिरा जी ने



सिखाया कि भारत की अस्मिता और आत्मसम्मान से बड़ा कुछ नहीं होता। आपका साहस, संवेदना और देशभक्ति आज भी देश के हर व्यक्ति के दिल मे है भारत को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने देश की एकता और अखंडता की मजबूत नींव रखी - उनका अदम्य साहस, दूरदृष्टि और आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## शिष्टाचार भेंट की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** चरन सिंह जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल नवागत जिलाधिकारी परम आदरणीय अजय कुमार द्विवेदी जी एवं नवागत मुख्य विकास अधिकारी परम आदरणीय गुलाब सिंह जी से मिलकर शिष्टाचार भेंट की इस अवसर पर श्री नरेंद्र सैनी जी ब्लॉक अध्यक्ष, डा. सरफराज



अहमद उपाध्यक्ष, श्री रहमत अली ब्लॉक अध्यक्ष, श्री राजेंद्र सिंह जी, प्रसन्न प्रकाश जी, श्री अमितेश झा जी श्री रामप्रसाद जी आदि अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे

## छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में एक चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाएं वह हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 घरेलू हिंसा 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पुलिस आपातकालीन नंबर 112 नए कानून 0 FIR व E एफ आई आर आदि से जागरूक किया गया व रन फॉर यूनिटी का प्रोग्राम आयोजित



किया गया जिसमें क्षेत्राधिकार महोदय नगर जितेंद्र कुमार एवं थाना प्रभारी पवन कुमार शर्मा थाना गंज महिला हेड कांस्टेबल 627 रीना शर्मा राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती शालू कौशल आदि उपस्थित रहे थानागंज रामपुर

## वैश्य समाज़ की बहनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** वैश्य समाज महिला संगठन रामपुर द्वारा मंथन रेस्टोरेंट में दीपावली महोत्सव को एक अलग ही अंदाज़ में आयोजित किया गया किया जिसमें नगर अध्यक्ष मेघा अग्रवाल और नगर महामंत्री वन्दना अग्रवाल, नगर संगठन मन्त्री रुचि जिंदल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया इस कार्यक्रम में वैश्य समाज़ की बहनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और करवा चौथ के अवसर पर एक



ऑनलाइन कॉम्पीटिशन भी करवाया गया जिसमे सभी बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसकी विजेता मेघा अग्रवाल रही और अपनी प्रतिभा दिखायी कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया गया।

## कनेक्शन योजना से मिल रहा फायदा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए झटपट विद्युत कनेक्शन योजना लागू की है। इस योजना के तहत घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को न्यूनतम कागजी कार्यवाही के साथ बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। एसडीओ प्रदीप प्रसाद गुप्ता ने बताया कि विभाग बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चला रहा है।

## 50 टी. बी. मरीजो को पोषण पोटली वितरण की गई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर डालमिया आई हॉस्पिटल द्वारा ,50 टी. बी. मरीजो को पोषण पोटली वितरण की गई कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदया जनपद रामपुर, डॉ दीपा सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश डॉ सत्य मूर्ति,डॉ संतोष कुमार, डॉ नितेश द्वारा टी0बी0 के मरीजों को पोटली वितरित कर मरीजो को स्वास्थ्य लाभ हेतु दिशा निर्देश दिये गए। इलाज पर चल रहे समस्त टी0बी0 रोगियो



को इलाज निःशुल्क किया जाता है भारत के प्रधानमंत्री जी का स्वप्न है कि वर्ष 2025 तक भारत को टी0बी0 मुक्त कराना है। माह अक्टुबर तक 515 ग्राम पंचायतों में बलगम जांचे पूर्ण कर ली गई है जल्द ही बची ग्राम पंचायतों में भी जांचे पूर्ण की जाएगी।

## फीता काट कर किया उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नरपतनगरः–** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला चेयरमैन खालिद अली ने वार्ड नंबर चार में 150 मीटर आरसीसी रोड का फीता काट कर किया उद्घाटन 7नगर के वार्ड नंबर चार में नई कॉलोनी बनी है यहां के रोडों की हालत बेहद खराब थी ,कॉलोनी वालो की शिकायत पर चेयरमैन खालिद अली ने 150 मीटर रोड डलवाकर कॉलोनी वालो की समस्या का समाधान कराया ।इस मौके पर लोगों



ने चेयरमैन खालिद अली का फूल मालाए डालकर ,फूल बरसाकर, आतिशबाजी स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और चेयरमैन खालिद अली का धन्यवाद किया।

## पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक।** अपना दल एस जनपद रामपुर के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी की अध्यक्षता में मिलक सुरक्षित विधानसभा के ग्राम पैगम्बरपुर में चौक पर जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी की अध्यक्षता में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके पार्टी पदाधिकारियों ने पटेल जी को श्रद्धांजलि दी और वैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई जी द्वारा अंग्रेज सरकार की किसान विरोधी नीतियों



के विरुद्ध आजादी से पूर्व किसानों के हक में चलाए गए विभिन्न आंदोलनों के विषय में वताया और देश की आजादी के वाद देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रहते हुए सैकड़ों रियासतों को एक कर अखंड भारत वनाने के योगदान को याद करते हुए पटेल जी के आदर्शों एवं उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने का आवाहन किया।

## कानून के संबंध में किया गया जागरुक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** महिला थाना एवं प्रभारी महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय द्वारा खुर्शीद इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला थाना एवं प्रभारी महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था



में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

## नागरिकों को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।**नगर के सर सैयद इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं और आमजनमानस को भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) यानी तीनों नए आपराधिक कानूनों के संबंध में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, समस्त थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों और उनके व्यवहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में



आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है।

थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि नए कानून न्याय दिलाने की प्रक्रिया को आधुनिक, कुशल और प्रभावी बनाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से नए आपराधिक कानूनों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

## दिलाई देश की एकता और अखंडता की शपथ



**उत्तम भारत संवाददाता**

मसवासी। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर स्वार क्षेत्रधिकारी अतुल कुमार पांडे ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और पुलिसकर्मियों को देश की एकता और अखंडता के लिए शपथ दिलाई। इसके बाद लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में भी स्कूली बच्चों को संबोधित किया और देश की एकता और अखंडता के बारे में विस्तार से समझाया। शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर स्वार क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे ने अपने कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और कोतवाली पहुंचकर पुलिसकर्मियों को देश की एकता और अखंडता के बारे में शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल पहुंचकर छात्र-छात्राओं को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बीएनएस की धाराओं का महत्व बताया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं समेत कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## चादरपोशी कर दरगाह पर मांगी मन्नतें

**मसवासी।** क्षेत्र के बिजारखाता में हजरत गुलड़ शाह बाबा का एक दिवसीय उर्स कुल शरीफ के बाद संपन्न हो गया तमाम जायरीन ने दरगाह पर चादरपोशी कर मन्नतें मांगी। शुक्रवार को बिजारखाता में हजरत गुलड़



शाह बाबा का एक दिवसीय उर्स के दौरान उलेमा इकराम ने तकरीर पेश की और मौजूद जायरीन से बलियों की जिंदगी से सीख लेने का आह्वान किया। कहा कि अल्लाह ताला की रजा हासिल करनी है तो नमाज को पहले कायम करना होगा उसके बाद जिंदगी को इस्लाम के तरीके से जीना होगा। इसलाम अमन और इंसानियत का मजहब है।

## नये कानून के संबंध में किया गया जागरुक

**रामपुर।** समस्त थाना जनपद रामपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत छात्र-छात्राओं एवं आमजनमानस को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के



संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त थाना प्रभारियों द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

## सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी

**रामपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर समस्त थाना प्रभारी द्वारा समस्त थाना जनपद रामपुर में दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं सरदार पटेल के राष्ट्र-



निर्माण में असाधारण योगदान, विशेषकर देश की अखंडता एवं प्रशासनिक एकीकरण में उनकी भूमिका को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर थानों में नियुक्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ और और सशक्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने की शपथ दिलायी गयी।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती का भव्य आयोजन

**रामपुर।** भारत के लौहपुरुष एवं स्वतंत्र भारत के एकीकरण के महान शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जनपद रामपुर के बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य जिला स्तरीय



÷एकता पदयात्रा÷ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, नागरिकों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों ने सहभागिता की।

## सौंदर्यीकरण के शिलापट्ट का अनावरण किया

**बिलासपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कृषि राज्यमंत्री ने पटेल चौक के सौंदर्यीकरण के शिलापट्ट का अनावरण किया। इसके बाद रन फॉर यूनिटी दौड़ आयोजित की गई। एक बड़ी



सभा में विचार गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। नगर क्षेत्र में हाईवे स्थित केमरी तिराहे पर नगर पालिका द्वारा पटेल चौक का सौंदर्यीकरण कराया गया है।शुक्रवार दोपहर पटेल जयंती के मौके पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने इस सौंदर्यीकरण के शिलापट्ट का अनावरण किया। साथ ही चौक पर स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका नमन भी किया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई

**मिलक।** रामपुर गन्ना समिति मिलक रामपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रजनीश



कुमार पटेल, अध्यक्ष गन्ना समिति मिलक ने अध्यक्षता की और ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दीक्षा गंगवार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलक ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। तथा कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## एकता दिवस पर लगाई दौड़, कस्बे में किया पैदल मार्च

**पटवाई।** देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस% (31 अक्टूबर) को थाना पटवाई क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थाना पटवाई के प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह



के नेतृत्व में सभी पुलिस कर्मियों ने एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए कस्बे में पैदल मार्च किया। इसके बाद सभी पुलिस कर्मियों ने एक साथ दौड़ भी लगाई।

## न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में,



श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी स्वार महोदय के पर्यवेक्षण में थाना स्वार पुलिस द्वारा अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत लडाई झगडे पर आमदा 03 नफर अभियुक्तगण *पार्टी प्रथम के 1.बाबू राम पुत्र नरायन दास उम्र 44 वर्ष 2.चुक्खन पुत्र नरायन दास उम्र 46 वर्ष नि0गण ग्राम गद्दीनंगली थाना स्वार जनपद रामपुर व पार्टी द्वितीय के 1.कृपाल सिंह पुत्र नरायन दास नि0 ग्राम गद्दीनंगली थाना स्वार जनपद रामपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 में गिरफ्तार किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभि0 को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**शाहबाद।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई सर्वप्रथम प्रधानाचार्य एवं समस्त समस्त स्टाफ द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र परे



माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित दी गई छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई तथा संविधान निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका पर संवाद / काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया कॉलेज में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में छात्राओं और समस्त स्टाफ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ममता गुप्ता एवं उजमा वकील खान ने संयुक्त रूप से किया तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य वंदना शर्मा के द्वारा की गई कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ` शबनम जहां उस्मानी सीमा मीनाक्षी तलत आरा सुमन वरिशा निधि नविता डोली अर्चना चांदनी आनंद कुमार राम सरण संजय कुमार आदि का सहयोग रहा

# गोपाष्टमी पर गाय चराने से नाम पड़ा गोपाल-डॉ पोनियां



**उत्तम भारत संवाददाता**

**कोसीकलां।** गोपाष्टमी का त्योहार हर घर में बड़े ही धूम धाम से मनना चाहिए, क्योंकि ये गोमाताओं का त्योहार है, और जहां गायों की सेवा होती है वहाँ गोपाल खुश रहते हैं। गोपाष्टमी पर्व का सनातन धर्म में बड़ा ही धार्मिक महत्व है। इसी दिन भगवान कृष्ण ने गौमाता की पूजा की और गौचारण लीला का शुभारम्भ किया। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा के ब्रज क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ अमर सिंह पोनियां ने अपने आवास पर आयोजित गोपाष्टमी पर्व हवन यज्ञ करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि गोपाष्टमी के इस पवित्र दिन पर गायों और बछड़ों को सजाया जाता है और उनकी विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। यह पर्व मुख्य रूप से ब्रज में मनाया जाता है। गोपाष्टमी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। श्री पोनिया ने बताया कि इस दिन योगीराज भगवान श्रीकृष्ण के साथ-साथ गौधन की पूजा भी की जाती है। ये उत्सव हमें याद दिलाता है कि गौधन हमारे लिए कितना उपयोगी है और ये पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़ता है। उल्लेखनीय हो कि नगर की प्राचीन श्री कृष्ण गौशाला सहित नगर की विभिन्न गौशालाओं में बुधवार को गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

गोषाला के अध्यक्ष धर्मवीर षर्मा ने गोषाला पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा अन्य दर्जनों गणमान्य लोगों के साथ हवन यज्ञ कर पूर्ण आहूति दी। इस दौरान गायों को मीठा दलिया, ताजा गन्ना, रोटी हरी सब्जियां खिलाई गयीं। पं. धर्मवीर शर्मा ने बताया कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गाय चराई थी। यशोदा मईया भगवान श्रीकृष्ण को प्रेमवश कभी गौ चारण के लिए नहीं जाने देती थीं, लेकिन एक दिन कान्हा ने जिद कर गौ चारण के लिए जाने को कहा। गोशाला पहुँचे स्वामी प्रेम अन्वेषी ने गायों का पूजन किया और कहा कि यशोदा जी ने ऋषि शांडिल्य से कहकर मुहूर्त निकलवाया और पूजन के लिए अपने श्रीकृष्ण को गौ चारण के लिए भेजा। तभी से इस दिन गाय की पूजा की जाती है।

# राधा वृन्दावन चंद्र की शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



*** भव्य शोभायात्रा के साथ त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायक ने किया शुभारंभ**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में कार्तिक माह के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। उत्सव के प्रथम दिवस पर श्रीश्री राधा-वृन्दावन चंद्र की दिव्य शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नगर को भक्ति रस से सराबोर किया। राधा वृन्दावन चंद्र की शोभायात्रा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, विधायक मेघश्याम, पुष्पेंद्र मास्टर, चंद्रपाल प्रधान एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। जिन्होंने राधा वृन्दावन चंद्र शोभायात्रा में झाड़ू लगाकर रास्ता साफ किया। स्वर्ण-प्रभा से आलोकित रथ पर विराजमान श्रीश्री राधा-वृन्दावन चंद्र के दिव्य दर्शन से भक्तगण भाव-विभोर हो उठे। शोभायात्रा आरंभ होने से पूर्व मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगे और सुगंधित पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। भक्तों ने स्वयं रथ को विशेष पुष्पों से अलंकृत किया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण में भक्ति और आनंद का अनुपम संगम दिखाई दिया। शोभायात्रा की शुरुआत में ठाकुर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र को पालकी में विराजमान कर गर्भगृह से बाहर लाया गया और स्वर्ण रथ पर प्रतिष्ठित किया गया। इसके बाद नजर उतारी गई और सोहनी सेवा कर स्वच्छ ब्रज का संदेश जन मानस के मध्य प्रेषित किया गया। पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तों ने जय-जयकार करते हुए पुष्पवर्षा की तथा रस्से खींचकर रथ को मंदिर परिसर में घुमाया। इस दौरान नगरवासियों ने भी सड़कों पर खड़े होकर पुष्पवृष्टि कर भगवान का स्वागत किया। हरिनाम संकीर्तन की ध्वनि से सम्पूर्ण चंद्रोदय मंदिर गूंज उठा। भक्तों ने दामोदराष्टकम का गान करते हुए दीपदान किया और ठाकुर श्रीश्री राधा-वृन्दावन चंद्र से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस्कॉन बैंगलोर के विभिन्न केंद्रों से आए भक्तों ने उत्सव में हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से भक्ति-मय वातावरण को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया। इस भव्य शोभायात्रा में मथुरा, आगरा, दिल्ली, नोएडा सहित विभिन्न नगरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्तिरस और आनंद का अनुभव किया।

# फर्जी लोन घोटाले का मुख्य आरोपी देहरादून से गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी लोन घोटाले के मुख्य आरोपी और 20 हजार रुपये के इनामी ठग को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को पुलिस ने उत्तराखंड के देहरादून में सुभाष नगर रिंग रोड स्थित एक किराये के मकान से दबोचा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया अमित पुत्र जगदीश प्रसाद मूल रूप से जमुनाबिहार माता गली आनंदपुरी मथुरा का रहने वाला है। पिछले कई महीनों से वह फरार चल रहा था और देहरादून में किराए के मकान में छिपा हुआ था। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कल शाम करीब 6 बजे उसे धर दबोचा। अमित पर आरोप है कि उसने बैंक मैनेजर, लोन मैनेजर और अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कई लोगों के नाम पर लोन स्वीकृत कराए और पूरी रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर ली। इस घोटाले में करोड़ों रुपये के फर्जी लेन-देन की बात सामने आई है। थाना कोतवाली में आरोपी के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2023 से फरार चल रहे अमित पर मथुरा पुलिस ने 20,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि अमित ने फर्जी हस्ताक्षरों और कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से एक महिला के नाम पर 10 लाख रुपये का लोन स्वीकृत करवाकर पूरी राशि खुद हड़प ली थी। जांच में उसके खिलाफ ठोस सबूत मिलने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई

# 16 वी वाहिनीं सी0आर0पी0एफ0 ने मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** 16 बटा0 सी0आर0पी0 एफ0 मथुरा द्वारा नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट के दिशा निर्देशन में 31 दिसम्बर शुक्रवार को भारत सरकार के पूर्व गृहमंत्री ÷सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती÷ के उपलक्ष्य में ÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷ के अवसर पर ÷रन फॉर यूनिटी÷ एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 वीं वाहिनी के जय प्रकाश सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं जवानों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश की सुरक्षा के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। ÷रन फॉर यूनिटी÷ कार्यक्रम में सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। शपथ ग्रहण समारोह में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, राजेश्वर सिंह यादव (द्वितीय कमान अधिकारी), श्रीमती विजयलक्ष्मी चौहान (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), राजेश कुमार राय (उप0कमा0), लोकेश चौधरी (सहा0 कमा0) के साथ वाहिनी के समस्त अधिकारीगण, एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# अखंडता और बंधुत्व का संदेश दिया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के साथ द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत मार्च पास्ट किया गया ।

आज दिनांक- 31.10.2025 को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत मय पुलिस बल के साथ मार्च पास्ट कर आम जनमानस को एकता,अखंडता और बंधुत्व का संदेश दिया गया ।

सभी प्रतिभागियों को देश की एकता, भाईचारे तथा कानून-व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया । इस दौरान अधिकारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान का स्मरण करते हुए उनके विचारों का अनुकरण करने का आह्वान किया तथा 03 नए कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम - 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर पंपलेट/बैनर की सहायता से जनता को जागरूक किया गया ।

# भव्य स्तर पर आयोजित हुई सरदार/150यूनिटी मार्च- एक भारत, आत्मनिर्भर भारत, केबिनेट मंत्री ने दिखाई पदयात्रा को हरी झंडी

*** जन-जन तक पहुंचा ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ का विचार, एकता से ही बनेगा विकसित भारत**

*** ब्रज-रज उत्सव 2025 मेला ग्राउंड में हुआ रैली का समापन**

*** विभिन्न क्षेत्रों के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया**

*** स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों के विजेताओं को किया गया पुरुस्कृत**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सरदार/150यूनिटी मार्च- एक भारत, आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। श्रीचौधरी ने सर्वप्रथम सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज ग्राउंड में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, एन0सी0सी, एन0एस0एस, स्काउट, प्रांतीय रक्षक दल, मंगल दल, स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं आदि को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाए।

शपथ के उपरांत सरदार/150यूनिटी मार्च पदयात्रा का शुभारंभ केबिनेट मंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने हरी झंडी दिखाई पदयात्रा का शुभारंभ किया। सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सरदार/150यूनिटी मार्च (एक भारत-आत्मनिर्भर भारत) रैली सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज ग्राउंड से टैंक चौराहा होते हुए मच्छी फाटक पुल के नीचे से धौलीप्याऊ तिराहा होते हुए रेलवे ग्राउंड स्थित ब्रज-रज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। ब्रज रज उत्सव रेलवे ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उसके पश्चात् मंत्रीजी ने विभिन्न क्षेत्रों के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा प्रथम तीन विजेताओं को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और युवा चेतना के प्रतीक उत्सव के रूप में किया गया, जिससे एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचा। इस यात्रा में लोग हाथों में तिरंगा थामे चले और सामूहिक रूप से यह संदेश दिया कि राष्ट्र की एकता तभी सुदृढ़ होगी जब हम सभी नागरिक जागरूक, उत्तरदायी और सक्रिय होंगे। युवाओं का उत्साह देखने लायक था। सैकड़ों छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों ने देशभक्ति के नारों के साथ पदयात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, जिला प्रशासन, खेल विभाग मथुरा, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग मथुरा आदि द्वारा किया गया। सरदार/150यूनिटी मार्च पदयात्रा में मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी, सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, विधायक मांट राजेश चौधरी, एम0एल0सी0 ओम प्रकाश सिंह, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश यादव, जिला युवा अधिकारी (नेहरू युवा केंद्र) अमित कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**संविधान के आदर्शों को जीवंत रखने के लिए नागरिक चेतना आवश्यक है : लक्ष्मीनारायण चौधरी**

केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय एकता दिवस उस विचारधारा का पुनः स्मरण है जिसने भारत को सैकड़ों रियासतों से जोड़कर एक अखंड राष्ट्र का रूप दिया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी का जीवन इस सत्य का प्रतीक था कि जब विचार, उद्देश्य और कार्य एक हो जाते है, तो असंभव भी संभव हो जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि संविधान के आदर्शों को जीवंत रखने के लिए नागरिक चेतना आवश्यक है। सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती उस विचार का उत्सव है, जो भारत की विविधता को उसकी शक्ति बनाता है। आज जब देश ÷विकसित भारत 2047÷ के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि विकास की जड़ें एकता में ही निहित हैं। प्रधानमंत्रीजी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने देश की सबसे विशाल स्मारक लौह पुरुष को समर्पित किया है, जो प्रतीक है इस बात का यह देश उनका सम्मान करता है जो देश की सेवा करते है।

**लौह पुरुष ने अपने दुख सुख के ऊपर देश और हम सभी की परवाह की : जिलाधिकारी**

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि एकता के संकल्प के साथ देश को सबसे सुंदर स्वरूप देने का श्रेय लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को जाता है। प्रेरक प्रसंग बताते हुए कहा कि लौह पुरुष ने अपने दुख सुख के ऊपर देश और हम सभी की परवाह की, इसलिए उन्हें लौह पुरुष की पहचान मिली। देश समाज के लिए आज रन फॉर यूनिटी के अवसर पर आज संकल्प ले और कोई ऐसा अच्छा कार्य करे जिसके बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन हो। जिलाधिकारी ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने आस पास स्वच्छता रखनी चाहिए, स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीवन का मूल है।

# अक्षय नवमी पर पुण्य प्राप्ति को उमड़ा पंचकोसीय परिक्रमा में श्रद्धालुओं का सैलाब



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** अक्षय नवमी पर पुण्य प्राप्ति की भावना के साथ मथुरा में पंचकोसीय मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में हाथ डाले सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मानव शृंखला बनाकर ब्रज की पावन धरा को राधे-राधे, श्याम मिला दे के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। शुक्रवार सुबह से ही मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर भक्तों की भीड़ रही। परिक्रमार्थियों ने नंगे पैर राधे-राधे के जयकारे लगाते हुए प्रभु भक्ति में लीन होकर परिक्रमा शुरू की। महिलाएं, पुरुष, वृद्ध और बालक सभी ने भक्ति भाव से प्रभु नाम का स्मरण किया। हर तरफ राधे-राधे श्याम मिला दे की गूंज सुनाई दे रही थी।

अक्षय पुण्य की कामना को लेकर आज बड़ी संख्या में सुबह से ही परिक्रमार्थियों की भीड़ परिक्रमा मार्ग में दिखाई दी। यमुना किनारे जहां परिक्रमार्थियों को दलदल और रिपटन का सामना करना पड़ा वहीं रंगेश्वर, कंकाली, भूतेश्वर, चामुण्डा सरस्वती कुंड आदि मंदिरों पर भक्तों को पूजा अर्चना करते देखा गया। पूरे परिक्रमा मार्ग में मेले जैसा माहौल था। जगह-जगह बच्चों के खेल खिलौने-चाट पकौड़ी की दुकानें लगी थी। सुबह के समय परिक्रमार्थियों को अंधकार

का सामना करना पड़ा। अक्षय नवमी की परिक्रमा कुछ लोगों द्वारा गुरुवार भी लगाई गई थी। कार्तिक मास में धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम लगातार बना हुआ है।

कल से देवोत्थान एकादशी परिक्रमा की शुरूआत हो जाएगी। नगर निगम द्वारा यमद्वितीया की तरह की व्यवस्थाओं के प्रति लापरवाही बरता जाना सामने आ रहा है। यमुना के घाटों पर दलदल और रिपटन की स्थिति अब भी बनी हुई है, जिससे परिक्रमार्थी परेशान हो रहे हैं। चमेली देवी गर्ल्स इंटर कालेज आकाशवाणी के पिछवाड़े गऊघाट आदि क्षेत्रों में परिक्रमार्थियों को जगह-जगह कूड़े के ढेर और गंदगी का सामना करना पड़ा। वहीं बंगाली घाट से सुभाष इंटर कालेज के पिछवाड़े तक परिक्रमामार्ग में अतिक्रमण लोगों के लिए मुसीबतें खड़ी करते नजर आए। जीआईसी तिराहे से रंगेश्वर मंदिर के पिछवाड़े की ओर आने वाले परिक्रमा मार्ग में भी गंदगी और ऊबड़-खाबड़ सड़क पर होकर परिक्रमार्थी गुजरे। कुब्जा कृष्णा मंदिर, रंगेश्वर महादेव आदि मंदिरों पर परिक्रमार्थियों की भीड़ रही। नौगजा अंबाखार क्षेत्र से क्वालिटी तिराहे होकर परिक्रमा डेम्पीयर नगर की ओर बढ़ी। यहां कई बार परिक्रमार्थियों को यातायात का सामना करना पड़ा। शिवताल, ब्रज नगर, कंकाली से भूतेश्वर और महाविद्या की ओर सरस्वती कुंड तक परिक्रमार्थियों की भारी भीड़ नजर आई। जगह-जगह परिक्रमार्थियों का समाजसेवी संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। परिक्रमा मार्ग में पूर्व की भांति इस बार संकेताक भी नहीं दिखाई दिए। भीड़ के सहारे एक दूसरे के पीछे बढ़ते नजर आए।

**मंदिरों में रही परिक्रमार्थियों की भीड़**

धार्मिक मान्यता है कि अक्षय नवमी पर मथुरा की परिक्रमा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। देर रात तक श्रद्धालु परिक्रमा लगाते रहे। श्रद्धालु टोलियों में मथुरा और तीन वन की परिक्रमा लगा रहे थे। जिसमें दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा आदि के श्रद्धालुओं ने भी परिक्रमा लगाई। कुछ श्रद्धालुओं ने सप्तकोसीय परिक्रमा भी लगाई। दिन चढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या में भी वृद्धि होती रही। मंदिरों में भक्तों की भीड़ थमने का नाम नहीं ले रही थी। श्रीकृष्ण जन्म भूमि, प्राचीन केशव देव के मंदिर, स्वामी घाट, बंगाली घाट, रंगेश्वर महादेव मंदिर, गायत्री तपो भूमि, सरस्वती कुंड पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था।

# रामपुर में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान



**रामपुर।** जनपद रामपुर में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत जिला सलाहकार डॉ शहजाद हसन खान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपा सिंह द्वारा सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई इसके उपरांत जिला चिकित्सालय रामपुर में तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया

# मकान का छज्जा तोड़ने पर दो पक्षों में तनाव

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव सेमरा रहमतगंज में एक परिवार ने रंजिशन खेत में बने मकान का छज्जा तोड़ दिया उस समय परिवार एक शादी समारोह में गया हुआ था। चौकी क्षेत्र के गांव सेमरा रहमतगंज में अजीत सिंह पुत्र पूरन सिंह गांव के एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान मौका पाकर गांव के ही संतोष देवी पत्नी रामनिवास, अर्जुन कुमार सनी कुमार, रवि कुमार ने मौका पाकर खेत में बने मकान के छज्जे को तोड़ दिया। जबकि इस मामले की सूचना पूर्व में प्रशासन को दी जा चुकी है और छज्जा तोड़ने की आशंका जताई जा चुकी थी। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है। ओर दोनों पक्षों के खिलाफ शांति व्यवस्था बाधित करने में पाबंद किया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक



**विभागीय रैंक में आपेक्षित सुधार लाने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड, जीरो पॉवर्टी के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

खराब रैंकिंग प्रदर्शित होने वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी कार्य में प्रगति लाते हुए रैंकिंग में सुधार लायें अन्यथा अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने फैमिली आईडी की कम प्रगति पर सभी बीडीओ को सख्त निर्देश दिये कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी सचिवों को कार्य करने के लिए निर्देशिक करें और कार्य की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करें। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य में लापरवाही करने वाले सचिवों पर तत्काल कार्रवाई करें।

# जोर शोर के साथ स्वागत किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** आज जनपद संभल के विधानसभा संभल गोविंदपुर ग्राम पंचायत के राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता हुसैन पाशा द्वारा प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान को जनपद संभल बुलाया और उनका बहुत जोर शोर के साथ स्वागत किया उनके साथ जनपद रामपुर से मुनाजिर हुसैन इदरीस अंसारी महफूज खान फहीम अहमद कार्यकर्ता साथ गए सभी का मोहम्मद नफीस द्वारा भी स्वागत किया गया प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी उस्मान बबलू ने बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल और भाजपा गठबंधन किसानों के हित में बहुत अच्छे फैसले ले रहा है।

# प्रशिक्षण एवं पाठ प्रदान किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में प्रशिक्षणाधीन महिला आरक्षी प्रशिक्षुओं को देश के तीनों नए आपराधिक कानूनों –

भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 – का प्रशिक्षण एवं पाठ प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को नए कानूनों की बारीकियों एवं व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराते हुए अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इन प्रावधानों के प्रभावी पालन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को यह भी प्रेरित किया कि वे आम नागरिकों को भी इन नए कानूनों के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला प्रशिक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** बाल विकास परियोजना मूंढापांडे के अंतर्गत तीन दिवसीय ÷पोषण भी, पढ़ाई भी÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन ब्रा मुंडा पांडे केंद्र पर किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने के तरीकों पर कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना की शकुंतला देवी और मंजू रानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ब्रा से प्रधानाध्यापक एवं स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम श्री प्रमोद कुमार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में पोषण और शिक्षा की समान भूमिका पर जोर दिया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शक्ति यादव सिंह ने प्रशिक्षण की सभी गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया और कार्यकत्रियों को नई शिक्षा पद्धतियों से परिचित कराया। कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने समय पर उपस्थिति दर्ज की और प्रशिक्षण में गहरी रुचि दिखाई। नव-नियुक्त सुपरवाइजर रश्मि, रिंकी, कंचन और उर्वशी ने आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंत में कार्यकत्रियों को विभागीय नोटिस एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए

# एकता पदयात्रा के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भव्य आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारत के लौहपुरुष एवं स्वतंत्र भारत के एकीकरण के महान शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जनपद रामपुर के बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य जिला स्तरीय ÷एकता पदयात्रा ÷ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माई भारत , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, नागरिकों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री बलदेव सिंह औलख, कृषि राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री राजा वर्मा, श्री सूर्य प्रकाश पाल (चेयरमैन, पैक्सफेड), श्रीमती सुनीता सैनी (सदस्य, महिला आयोग), श्री चित्रक मित्तल (चेयरमैन, नगर पालिका), श्री हरीश गंगवार (जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी), श्री मोहन लाल सैनी (मुख्य वक्ता), श्री भारत भूषण गुप्ता, तथा श्री अशोक बिश्नोई उपस्थित रहे।

# केरल स्थापना दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं का 266 दिन का विरोध समाप्त, आंदोलन जिला स्तर तक जाएगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में जल्द ही स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं, इसलिए सचिवालय के सामने आशा कार्यकर्ताओं का 266 दिनों से चल रहा लंबा विरोध प्रदर्शन अब समाप्त होगा। स्वास्थ्य स्वयंसेवकों ने फैसला किया है कि वे अब अपने आंदोलन को जिलों और लोगों के बीच ले जाएंगे।

आशा संघर्ष समिति ने कहा कि शनिवार को केरल स्थापना दिवस पर धरना समाप्त कर दिया जाएगा। यह धरना वापस लेने का मतलब नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक बदलाव है। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा उनके मासिक मानदेय में 1,000 रुपये की बढ़ोतरी करने के बाद लिया गया है, जिससे यह 7,000 रुपये से बढ़कर 8,000 रुपये हो गया है। श्रमिकों, जिन्होंने मूल रूप से 21,000 रुपये की मांग की थी, ने इस बढ़ोतरी को ÷मामूली÷ बताया, लेकिन इसे एक नैतिक जीत माना।

समिति के नेता एम.ए. बिंदु ने कहा, ÷हमारे सभी अधिकार संघर्ष के जरिए ही मिले हैं। जो लोग पहले हमारे विरोध का मज़ाक उड़ाते थे, अब वे इसके असर को मान रहे हैं। सरकार में यह बदलाव हमारी लगातार चली लड़ाई का परिणाम है।

एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि 33 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी न्यूनतम मजदूरी की मांग से बहुत कम है और उन्होंने सेवानिवृत्ति लाभों की घोषणा न करने के लिए सरकार की आलोचना की।केरल आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष वी.के. सदानंदन ने कहा, ÷हमारे संघर्ष का तरीका बदल रहा है, लेकिन उसकी भावना नहीं।÷ उन्होंने घोषणा की कि उनका समूह अब आगामी चुनावों में सत्तारूढ़ वाम मोर्चे के खिलाफ प्रचार करेगा।

आशा कार्यकर्ताओं ने ÷जिन्होंने हमें नजरअंदाज किया, उन्हें वोट नहीं÷ के नारे के साथ पूरे राज्य में घर-घर जाकर अभियान चलाने की योजना बनाई है। संगठन शनिवार को इसे ÷विजय दिवस÷ के रूप में भी मनाएगा, जिसमें राज्य भर के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

यह विरोध प्रदर्शन हाल के दिनों में सबसे लंबे समय तक चलने वाले श्रमिक आंदोलनों में से एक था और महिलाओं के नेतृत्व में जमीनी स्तर पर संगठन का प्रतीक बन गया।

हालांकि सरकार ने वेतन वृद्धि का श्रेय सीआईटीयू जैसे सहयोगी यूनियनों को दिया, आशा नेताओं ने कहा कि असली श्रेय प्रदर्शनकारी श्रमिकों को जाता है।

इस बीच, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने चुनाव से पहले कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें सामाजिक कल्याण पेंशन में बढ़ोतरी और महिलाओं, पेंशनभोगियों और युवाओं के लिए नए लाभ शामिल हैं। लेकिन, आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उचित वेतन और मान्यता के लिए उनकी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

# गलत पार्किंग पर तुरंत लगेगा व्हील-लॉक, QR कोड स्कैन कर भरना होगा जुर्माना

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में यातायात पुलिस ने जिले भर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़कों पर अव्यवस्था रोकने के लिए एक नया कदम उठाया है। अब शहर में गलत या निषिद्ध स्थान पर गाड़ी पार्क करने वालों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। पुलिस ने आधुनिक डिजिटल व्हील-लॉक प्रणाली लागू की है, जिसके तहत गलत पार्किंग करने वाले वाहनों पर तुरंत व्हील-लॉक लगाया जाएगा। वहीं जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों में एक भी पार्किंग के लिए जगह नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने बताया कि इस नई व्यवस्था में पुलिसकर्मी वाहन के पहिए पर विशेष व्हील-लॉक लगाएंगे, जिस पर एक क्यूआर कोड अंकित होगा। वाहन मालिक को लॉक पर लगे इस क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करना होगा। स्कैन करते ही जानकारी सीधे ट्रैफिक विभाग के नियंत्रण कक्ष और संबंधित ट्रैफिक प्रभारी के मोबाइल पर पहुंच जाएगी। इसके बाद चालक को डिजिटल माध्यम से चालान या जुर्माना भरने के निर्देश मिलेंगे। भुगतान पूरा होने के बाद ट्रैफिक पुलिस का कर्मी मौके पर पहुंचकर राशि का सत्यापन करेगा और लॉक को हटाएगा। बताया गया है कि इस सिस्टम में पूरा प्रोसेस डिजिटल और सुरक्षित है, जिससे भ्रष्टाचार की संभावना खत्म होगी और कार्रवाई पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। क्यूआर कोड विशेष कोडिंग एप के जरिए जनरेट किया गया है, जिससे हर केस की जानकारी ट्रेस की जा सकेगी।

यातायात प्रभारी का कहना है कि यह पहल शहर में अनुशासित पार्किंग संस्कृति को बढ़ावा देगी और सड़क पर अवरोध कम होंगे। इससे न सिर्फ यातायात का प्रवाह बेहतर होगा बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी घटेंगी।

# स्कूल बस पलटने से कई बच्चे घायल, घायलों का इलाज जारी

**करौली।** राजस्थान के हिण्डौन सिटी के करौली में महवा-हिण्डौन मार्ग पर शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में निजी स्कूल की बस पलट गई। बस में करीब 30 स्कूली बच्चे सवार थे, हादसे में बस चालक, परिचालक सहित कई बच्चे घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह बच्चे बस से स्कूल जा रहे थे। क्यारदा बांध के पास अचानक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बच्चों की आवाज और हादसे की सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को बस से बाहर निकाला।

सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंची और घायलों को हिण्डौन के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अधिकांश बच्चों को हल्की चोटें आई हैं, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायल छात्रों को आगे के इलाज के लिए रेफर किया जा सकता है।

घटना की सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन अस्पताल पहुंचे, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। बस की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है। कई माता-पिता अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी और अचानक मोड़ पर चालक का नियंत्रण खो गया, जिससे बस पलट गई। इस मोड़ पर आए दिन हादसे होते रहते हैं क्योंकि यह मोड़ अचानक आता है और लोगों का पूरा ध्यान इस पर नहीं जाता है।

स्कूल प्रबंधन ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और घायल बच्चों के परिजनों से संपर्क साधा जा रहा है। प्रशासन ने मामले की पूरी रिपोर्ट मांगी है तथा सुरक्षा मानकों की समीक्षा के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्कूल प्रबंधन से भी स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। हादसे की खबर फैलते ही स्कूल के बाहर अभिभावकों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों से संपर्क कर समझाया जा रहा है।

# एनडीए का घोषणा पत्र जारी : रोजगार, किसान को सम्मान और हर महिला को सशक्त बनाने का ऐलान

**पटना/नई दिल्ली।** पटना में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपना साझा घोषणा पत्र जारी किया। राजधानी के होटल मौर्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा पत्र को जारी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान, 'हम' प्रमुख जीतनराम मांझी और आरएलएम के उपेंद्र कुशवाहा सहित एनडीए के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

घोषणा पत्र में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और किसानों की समृद्धि पर विशेष जोर दिया गया है। एनडीए ने कहा कि यह संकल्प पत्र बिहार को अगले पांच वर्षों में आत्मनिर्भर, विकसित और आधुनिक राज्य बनाने का रोडमैप है।

एनडीए ने हर युवा के 'सुनहरे भविष्य की गारंटी' का वादा किया है। संकल्प पत्र के अनुसार, 1 करोड़ से अधिक सरकारी नौकरियां और रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। हर जिले में मेगा स्किल सेंटर खोले जाएंगे, जो वैश्विक स्तर के 'ग्लोबल स्किलिंग सेंटर' के रूप में विकसित होंगे।

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 2 लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी। 1 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' और 'कोटिपति मिशन' के माध्यम से उद्यमिता से जोड़ा जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

किसानों के लिए 'किसान सम्मान एवं एमएसपी गारंटी योजना' लाई जाएगी। हर किसान को हर साल 3,000 रुपए की मदद दी जाएगी। साथ ही पंचायत स्तर पर धान, गेहूं, दलहन और मक्का की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जाएगी। 1 लाख करोड़ रुपए के एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश से मत्स्य, दुग्ध और कृषि मिशन को गति दी जाएगी।

घोषणा पत्र में केजी से पीजी तक मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का वादा किया गया है। हर जिले के स्कूलों का कायाकल्प किया जाएगा और वर्ल्ड क्लास एजुकेशन एस्टेट की स्थापना होगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में हर जिले में मेडिकल कॉलेज और आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाए जाएंगे।

एनडीए ने बिहार में 7 नए एक्सप्रेसवे, 3,600 किमी रेल ट्रैक के आधुनिकीकरण और 4 नए शहरों में मेट्रो सेवा शुरू करने की घोषणा की है। औद्योगिक क्रांति के लिए 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 10 नए इंडस्ट्रियल पार्क और 'मेक इन बिहार' मिशन शुरू किया जाएगा।

# रिसॉर्ट में लगी आग, टेंट जलकर राख, बाल-बाल बचे पर्यटक

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध सैम सैंड ड्यून्स के पास एक रिसॉर्ट में गुरुवार देर रात भीषण आग लग गई। उस समय तेज हवाएं चल रही थीं, इसलिए आग तेजी से फैलने लगी और कुछ ही मिनटों में आधा दर्जन लग्जरी टेंट जल गए।

घटना उस समय हुई जब रिसॉर्ट में कई देशी-विदेशी पर्यटक रुके हुए थे। हालांकि, कर्मचारियों के त्वरित प्रयास के कारण सभी मेहमानों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग देख कर पर्यटकों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

सूचना मिलने पर पुलिस थाना प्रभारी एक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय निवासियों और रिसॉर्ट कर्मचारियों की मदद से लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान, टेंट के अंदर रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रेगिस्तान में रात में तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया, जो तेजी से पूरे कैंप क्षेत्र में फैल गई।

स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही पानी के टैंकरों, रेत और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आग बुझा ली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जब आग लगी, तब रिसॉर्ट में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। पर्यटक खुले प्रांगण में लोक संगीत और नृत्य का प्रदर्शन देख रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि उस समय ज्यादातर मेहमान अपने टेंट के बाहर थे।

पांच टेंट पूरी तरह जलकर खाक हो गए, जबकि दो-तीन अन्य को आंशिक नुकसान पहुंचा।

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी, हालांकि सही कारण की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

पुलिस ने आगे की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया है और कुल नुकसान का आकलन अभी चल रहा है।

यह घटना सैम सैंड ड्यून्स क्षेत्र में संचालित लगभग 150 रिसॉर्ट्स और कैंपों के सामने आने वाली अग्नि सुरक्षा चुनौतियों की याद दिलाती है।

# छत्तीसगढ़ में देश का पहला डिजिटल जनजातीय संग्रहालय बनकर तैयार, प्रधानमंत्री 1 नवंबर को करेंगे उद्घाटन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में देश का पहला डिजिटल जनजातीय संग्रहालय बनकर तैयार हो गया है। बलिदानी वीर नारायण सिंह स्मारक सह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नाम से इस संग्रहालय का उद्घाटन 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस संग्रहालय में आदिवासियों के जीवन, जान नायकों की गौरव गाथा, लोक संस्कृति को नवीन तकनीक के साथ वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। पचास करोड़ रुपये की लागत से पूरा परिसर 10 एकड़ की भूमि में बनाया गया है। यहां ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हुए जनजाति विद्रोहों की झांकी तैयार की गई है। संग्रहालय में सेल्फी प्वाइंट, कॉफी टेबल बुक और दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। क्यूआर कोड के जरिए मोबाइल पर भी यह देखी जा सकेगी।

यहां 14 गैलरियों में ब्रिटिश काल में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की लगभग 650 मूर्तियां लगाई गई हैं। प्रथम गैलरी में छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन शैली को दर्शाया जाएगा, वहीं दूसरी गैलरी में राज्य की जनजातियों पर अंग्रेजों और स्थानीय हुकूमत के अत्याचार, तीसरी गैलरी में हल्बा विद्रोह, चौथी गैलरी में सरगुजा विद्रोह, पांचवीं गैलरी में भोपालपट्टनम विद्रोह, छठवीं गैलरी में परलकोट विद्रोह, सातवीं गैलरी में तारापुर विद्रोह, आठवीं गैलरी में लिंगागिरी विद्रोह, नौवीं गैलरी में कोई विद्रोह के दृश्य होंगे।

इसी प्रकार दसवीं गैलरी में दंतेवाड़ा के मेरिया विद्रोह, ग्यारवीं गैलरी में मुरिया विद्रोह, बारहवीं गैलरी में रानी चौरिस विद्रोह, तेरहवीं गैलरी में बस्तर के भूमकाल विद्रोह, चौदहवीं गैलरी में शहीद वीर नारायण सिंह के सोनाखान विद्रोह एवं पंद्रहवीं गैलरी में झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष को बखूबी चित्रण किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 1 नवंबर को अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित जिस म्यूजियम का उद्घाटन होने जा रहा है।

यह आदिवासियों के संघर्ष की वह कहानी है जो दमन के विरोध में आदिवासी आंदोलन के रूप में शुरू हुई। सब की कोशिश होनी चाहिए कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत और धरोहर के बारे में जानकारी मिले। अपने समुदाय के हितों और सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए जो संघर्ष इस समुदाय ने किया है उसे सहेज कर रखना हम सबकी प्राथमिकता है।

शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। यहां 14 गैलरियों में अंग्रेजी हुकूमत काल में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की लगभग 650 मूर्तियां लगाई गई है। जनजातीय विद्रोहों के बारे में लोग आसानी से समझ सके, इस लिहाज से डिजिटल व्यवस्था भी की गई है।

आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय देश के पहला आदिवासी डिजिटल संग्रहालय है। आदिवासी संग्रहालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से संग्रहालय में कैमरा लगाया गया है, जिसमें कई ऐसी तकनीक विकसित की गई है। जिसमें कैमरे के सामने जाने पर पूरी वेशभूषा आदिवासियों की तरह हो जाएगी। आदिवासियों के पोशाक, उनके रहन-सहन सहित उनकी पृष्ठभूमि आपके बैकग्राउंड में आ जाएगा। इसमें कुल 16 गैलरियां बनाई जा रही हैं जिसमें राज्य के तमाम वैसे आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में और आंदोलन के बारे में जानकारी दी जाएगी जो छत्तीसगढ़ से शुरू हुए।

इन आंदोलनों में हल्बा विद्रोह (1774-1779), सरगुजा विद्रोह (1792), भोपालपट्टनम विद्रोह (1795), परलकोट विद्रोह (1824-1825), तारापुर विद्रोह (1842-1854), मेरिया विद्रोह (1842-1863), कोई विद्रोह (1859), लिंगा गढ़ विद्रोह (1856), सोनाखान विद्रोह (1857), रानी-चो-चेरस आंदोलन (1878) तथा भूमकाल विद्रोह शामिल हैं।

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना का परिणाम है कि जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक संग्रहालय-सह स्मारक लोगों के समर्पित हो रहा है और यह संग्रहालय नई पीढ़ियों को पुरखों की वीर गाथाओं को अवस्मरणीय बनाएगा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि, 'रन फॉर यूनिटी' में लिया हिस्सा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लाल बहादुर चौक से शारदा चौक तक 'रन फॉर यूनिटी' में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्र की एकता में उनके योगदान को याद किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, ÷आज 31 अक्टूबर है, हमारे देश के महान नेता और पूर्व उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है। इस अवसर पर मैं सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हम भारत के सच्चे सपूत सरदार पटेल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व से उन्होंने स्वतंत्रता के बाद 562 से ज्यादा रियासतों को एकजुट कर भारत को एक महान राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। हम ऐसे महान व्यक्तित्व को नमन करते हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर आइए, एकता और अखंडता के संकल्प के साथ कदम मिलाएं। 'रन फॉर यूनिटी' केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि भारत की एकता, शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। अपने परिवार, मित्रों और साथियों के साथ इस अभियान में हिस्सा लें और सरदार पटेल जी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करें।÷ उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, ÷रन फॉर यूनिटी देश की विविधताओं में एकता का संदेश देता है। रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करता है। हम सभी भारतीय स्वस्थ रहेंगे, रन फॉर यूनिटी इस संदेश को भी देश में फैलाने का काम करती है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें नमन किया और सभी को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा, ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि का आधार सरदार पटेल जी की सोच और उनके प्रयास हैं। सरदार पटेल जी के ओजस्वी और राष्ट्रवादी विचार हम भारतवासियों को सदैव देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, ÷भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पी 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।÷

# राज ठाकरे ने शिंदे को दी चुनौती कहा- अगर नमो सेंटर बनाए गए तो हम तोड़ देंगे

**मुंबई।** कभी हिंदी के नाम पर तो कभी बाहरी के नाम पर आए दिन मारपीट और थप्पड़बाजी के लिए पहचान बना चुकी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे ने अब एक नया मसला प्रकट किया है। मसला ये है कि खुद मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि अगर ऐतिहासिक किलों पर नमो पर्यटन केंद्र बनाए गए, तो उन्हें तोड़ देंगे। खबरें थी कि राज्य सरकार ने ऐसे केंद्रों के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा ठाकरे ने चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से कहा, कुछ अखबारों में खबरें छपी हैं कि राज्य सरकार हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों पर नमो टूरिज्म सेंटर्स बनाने की योजना बना रही है। यह शहरी विकास विभाग के तहत हो रहा है, जो एकनाथ शिंदे की अगुवाई है। उन्हें एक नमो केंद्र बनाने दो, हम उसे तबाह कर देंगे। ये आम स्थल नहीं हैं। ये स्थल महाराष्ट्र के लिए पवित्र हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिंदे को लेकर उन्होंने कहा, सिर्फ उपमुख्यमंत्री बने रहने के लिए कितनी चापलूसी की जरूरत है? शायद प्रधानमंत्री को भी अंदाजा नहीं है कि यहां कितनी चटुकारिता हो रही है।

**ईवीएम के मुद्दे पर उद्धव के साथ खड़े है राज**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और मनसे अध्यक्ष राज सहित महाविकास अघाडी के शीर्ष नेता मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ मुंबई में एक नवंबर को होने वाले विपक्ष के विरोध मार्च का नेतृत्व करेंगे। गुरुवार को उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और पवार ने यहां एक बैठक की, जिसमें संयुक्त रैली की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीम खान, शेतकरी कामगार पक्ष के जयंत पाटिल और वामपंथी दलों के नेता भी मौजूद थे।

**विरोध मार्च का समर्थन करेगी कांग्रेस**

पूर्वी महाराष्ट्र में गृहनगर बुलढाणा में पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि उनकी पार्टी विरोध मार्च का पूरी तरह से समर्थन करती है। हालांकि, खुद मार्च में भाग लेने के सवालों को वह टाल गए। सपकाल ने कहा, कोई एक नेता महत्वपूर्ण नहीं हैं। जो भी जाएगा, वह पार्टी का प्रतिनिधित्व करेगा। महत्वपूर्ण बात मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित करने और उन्हें अपडेट करने की मांग है। यह मुद्दा (मतदाता सूचियों में अनियमितताओं का) सबसे पहले कांग्रेस ने उठाया था।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिलों में हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है और तीन सक्रिय आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। बिष्णुपुर जिले के केबुल लामजाओ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत लाईसोई करोंग काजिन क्षेत्र में गुरुवार को चलाए गए अभियान में, सुरक्षा बलों ने एक .303 राइफल, एक मैगजीन, एक 9 मिमी एमपी9, दो डबल बैरल बंदूकें, विभिन्न कैलिबर के 41 राउंड गोला-बारूद, दो स्टन शैल, एक रबर ट्यूब, दो टी-शर्ट बरामद किया गया।

उसी दिन, बिष्णुपुर जिले के मोइरांग थाना अंतर्गत त्रोंगलाओबी माखा लेइकाई से एक सक्रिय उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति कथित रूप से नए कार्यकर्ताओं की भर्ती और जनता, स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और दवा विक्रेताओं को निशाना बनाकर जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड जब्त किया गया।

एक अलग अभियान में, पूर्वी इंफाल जिले के लामलाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत चिंगारेल तेजपुर इलाके से एक और सक्रिय आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया।

वह आम जनता से जबरन वसूली और धन उगाही में संलिप्त था।

सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के सिटी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत थंगल बाजार से एक और सक्रिय आतंकवादी को गिरफ्तार किया। वह कथित रूप से घाटी के इलाकों में तेल पंपों, शोरूम, होटलों और सरकारी अधिकारियों से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। उसके पास से एक बैग, एक मोबाइल फोन, एक पहचान पत्र और 1,400 रुपये नकद बरामद किया गया।

गिरफ्तार लोगों और बरामद वस्तुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस थानों को सौंप दिया गया है।

## बस पलटने से एक महिला की मौत

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक बस हादसा हुआ है, जिसमें एक महिला की मौत हो गई है, जबकि 30 से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं। फिलहाल, सभी घायल यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रोहतक में पुलिस मुठभेड़ के बाद पांच बदमाश गिरफ्तार, व्यापारी की दुकान पर करने वाले थे फायरिंग

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में शुक्रवार सुबह पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इसके बाद पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

जानकारी के अनुसार जसिया से धमार रोड पर एक संदिग्ध कार पुलिस को आती दिखाई दी, जिसमें पांच युवक सवार थे। पुलिस टीम ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक आरोपी साहिल के दाहिने पैर में गोली लग गई।

पुलिस ने मौके पर ही सभी पांचों आरोपियों–साहिल,, प्रवीण, गौरव शर्मा, मोहित उर्फ काला और सन्नी उर्फ चमरा–को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से एक देसी पिस्तौल, तीन कारतूस, एक तलवार, तीन लाठियां और एक कार बरामद की।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी अक्षय और नरेश उर्फ सेठी निवासी सिलानी के इशारे पर काम कर रहे थे। उन्हें एक व्यापारी की कपड़ों की दुकान पर फायरिंग करने का काम सौंपा गया था। गिरफ्तार आरोपियों में से तीन के खिलाफ पहले से ही हत्या के प्रयास, डकैती, स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की आगे जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले 15 अक्टूबर को हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई थी, जिसमें कुख्यात अपराधी आबिद निवासी बिछौर और उसके साथी जाहिद हुसैन थाना शहर पुन्हाना को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरा देख आबिद ने अपने पास मौजूद अवैध हथियार से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी थी।

एक गोली एएसआई सूरज की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी थी, जिससे वह बाल-बाल बच गए थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आबिद नूंह-मेवात क्षेत्र का कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ 12 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, पुलिस पर हमला, गौ-तस्करी, आर्म्स एक्ट, लूट, गैंगस्टर एक्ट और उगाही जैसे अपराध शामिल हैं।

वर्ष 2020 में उस पर गो तस्करी और आर्म्स एक्ट, 2020 में ही पुलिस पर हमला, 2022 में पॉक्सो और अपहरण, जबकि 2023 में हत्या और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस का कहना है कि आबिद लंबे समय से फरार था और इलाके में सक्रिय आपराधिक गिरोह का सदस्य है।

## दुष्कर्मी को फांसी देने की मांग की

**इन्दौर।** किन्नरों के साथ दुष्कर्म और उन्हें ब्लेकमैल कर प्रताडित करने के आरोपी में गिरफ्तार किन्नर राजा हाशमी पर एक महिला द्वारा भी दुष्कर्म के आरोप लगाएं जाने के बाद उसने दुष्कर्मी किन्नर पर सख्त कार्रवाई करते उसे फांसी देने की मांग करते बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। उन्होंने गांधी हाल से रीगल चौराहे तक हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण मार्च निकाला। इस दौरान सभी किन्नर सफेद साड़ी पहने हुए थे और दुष्कर्मियों को फांसी दो के नारे लगा रहे थे।

# जिले में हिंदू क्रांति सेना को मिली महाआरती के आयोजन की अनुमति

**–हिंदू क्रांति सेना की ओर से महाआरती का किया जाएगा भव्य आयोजन**

**कोरबा।** कोरबा अंचल के लोगों के साथ आस-पास के जिलों के लोगों को हर वर्ष देव दिवाली का इंतजार रहता है। उसका इंतजार अब खत्म हो गया है। जिले में देव दिवाली का यह पर्व कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाएगा, जिसकी अनुमति हिंदू क्रांति सेना को मिल गई है। इसे लेकर श्रद्धालुओं ने विशेष तैयारी चालू कर दी है, हसदेव नदी के घाट पर लोग स्नान कर विधि-विधान से दीपदान करेंगे। इसे लेकर लोगों ने अपने घरों में अपनी-अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुसार पूजा की तैयारी की है।

महाआरती का यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा जो देर रात तक चलेगा।

हिंदू क्रांति सेना की ओर से बताया गया है कि 11 हजार दीप नदी के तट पर प्रज्जवलित किए जाएंगे। 21 हजार दीप दान किए जाएगी। 51 लीटर दूध से हसदेव नदी का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। 51 मीटर चुनरी भेंट की जाएगी। इस महाआरती को लेकर आयोजन समिति ने बनारस से ब्राह्मणों को बुलाया जाएगा।

देव दिवाली के दिन हसदेव नदी के तट पर भव्य आतिशबाजी के साथ-साथ भव्य लाइट शो, लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। पुष्प वर्षा के साथ-साथ झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगीं। फायर बॉल शो भी रखा गया है। समिति की ओर से बताया गया है कि यह चौथा साल है जब जीवनदायिनी हसदेव नदी के तट पर कोरबा में महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। आयोजन समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है।

हसदेव नदी के तट पर महाआरती के समय होने वाली भीड़ को लेकर पुलिस ने अपने स्तर पर तैयारी चालू कर दी है यातायात के मार्ग को बदला जाएगा जगह-जगह पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। हर साल कार्तिक मास के पूर्णिमा को देव दिवाली का पर्व मनाया जाता है। इस बार 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा होने के कारण देव दिवाली मनाई जाएगी। लोग नदी और सरोवरों में स्नान कर विधि-विधान से दीपदान करेंगे। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था और देवताओं ने स्वर्ग लोक में दीप जलाकर देव दिवाली मनाई थी।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/31/2025 8:37 PM Page 1



## भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने मुआवजा दिलाने को डीएम को सौंपा ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में परी रेस्टोरेंट के स्वामी प्रदीप श्रीवास्तव को मुआवजा दिलाने के संबंध में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष एडवोकेट मनोज गुप्ता ने परी रेस्टोरेंट के स्वामी प्रदीप श्रीवास्तव को लेकर जिलाधिकारी मुरादाबाद से उनके रेस्टोरेंट एवं घर में लगी आज की विस्तृत जानकारी देते हुए रेस्टोरेंट स्वामी के परिवार की रोजी-रोटी चलने के लिए उचित मुआवजे की मांग की उन्होंने जिलाधिकारी को



अवगत कराया कि पीड़ित परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है एवं सड़क पर आ गया है उनके पास आज खाने एवं पहनने के लिए कपड़े भी नहीं है पूरा परिवार ठंड के मौसम में सड़क पर रह रहा है उनके पास अपने परिवार को रोटी खिलाने के लिए ना तो कोई बर्तन है और ना ही खाना बनाने की कोई व्यवस्था जबकि पीड़ित परिवार के पास पहनने के कपड़े तक नहीं है ऐसी दृष्टि में मानवीय दृष्टिकोण अपना कर तत्काल अपने स्तर से एवं माननीय मुख्यमंत्री राहत कोष से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिल सके इसलिए एडवोकेट मनोज गुप्ता ने रेस्टोरेंट के स्वामी प्रदीप श्रीवास्तव को साथ लेकर जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को विज्ञापन सौपा तथा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रेस्टोरेंट स्वामी को पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया।

# मेरा युवा भारत के तहत सरदार पटेल जयंती पर एकता पदयात्रा का आयोजन, 3000 युवाओं ने लिया भाग

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** भारत के लौहपुरुष, स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मेरा युवा भारत मुरादाबाद इकाई द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।पदयात्रा का शुभारंभ सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क से किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सरदार पटेल के भारत एकीकरण में योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। पदयात्रा का पहला पड़ाव पीलीकोठी चौराहा रहा, जहां प्रतिभागियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर



माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जयपाल सिंह व्यस्त, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह, ने पदयात्रा की अगुवाई की। स्टेडियम पर पदयात्रा का तीसरा चरण संपन्न हुआ। पदयात्रा की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी मृणाल जोशी ने की, जबकि आयोजन का समग्र संचालन उप निदेशक अंकित कुमार गौर के नेतृत्व में मेरा युवा भारत (माई भारत) मुरादाबाद इकाई द्वारा किया गया। उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि इस पदयात्रा में लगभग 3000 युवा प्रतिभागी शामिल हुए। इस आयोजन में शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग, नगर निगम, यातायात पुलिस, कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य विभागों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी मुनिल कुमार भगवनदास, कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक एम धीरता और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विशेष योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यात्रा के दौरान स्वास्थ्य एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था संभाली। पदयात्रा के सुचारु संचालन हेतु डॉ. दीपक एम. धीरता द्वारा सभी लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर युवा स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई, जिनमें प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह, विकास कुमार और संदीपा शामिल रहीं। मेरा युवा भारत के इस आयोजन ने सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में युवाओं के भीतर देशभक्ति, एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रज्वलित किया। मेरा युवा भारत मुरादाबाद युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, के तत्वधान में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया ।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कांठ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों एवं राजनैतिक पार्टियों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तहसील सभागार में एसडीएम कांठ सन्तदास पवार ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके चित्र का माल्यार्पण किया। मा. धर्मपाल सिंह विश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर उन के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा बूथ नंबर 82 , 83 , 84 मुख्तियारपुर नवादा विधानसभा कांठ , मुरादाबाद के बूथ अध्यक्षों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। राजकीय महाविद्यालय मथाना में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, एवं छात्र-छात्राओं द्वारा एकता परेड निकाली गई। इसके उपरांत महाविद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल का जीवन एवं कार्य तथा राष्ट्रीय एकता पर्व विषयों पर संगोष्ठी, निबंध लेखन, तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. नजाकत हुसैन ने की तथा संचालन प्राध्यापक डॉ. नरेंद्र सिंह ने किया। प्राचार्य प्रो. नजाकत हुसैन, डॉ. नरेंद्र सिंह, प्राध्यापक डॉ. संदीप कुमार गुप्ता, प्राध्यापक डॉ. मुदित सिंघल ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं स्वंतत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, वरिष्ठ सहायक आसिफ, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका श्रीमती नीतू चौधरी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत टैगोर हाउस प्रथम, कलाम हाउस द्वितीय एवं ध्यानचंद हाउस तृतीय एवं टेरेसा हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने छात्र-छात्राओं को सरदार वल्लभभाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षउल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा एक दूसरे का हाथ पकड़ कर मानव श्रृंखला बनाकर हम सब एक हैं के रूप में राष्ट्रीय एकता दिवस को दशार्या गया। प्रधानाध्यापिका भुवनेश द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके द्वारा किए गए साहसिक कार्यों का वर्णन किया गया। ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल व सेंट मेरीज डे एकेडमी पट्टीवाला में भी हर्षोल्लास से सरदार पटेल की जयंती मनाई गयी। महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ मुरादाबाद में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास तथा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाओं एवं विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को प्रार्थना स्थल पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, अतवीर सिंह त्यागी, निशिकांत पाठक,अखिलेश कुमार बिश्नोई, सुंदर सिंह, विपुल कुमार त्यागी, ओम प्रकाश सिंह, गौरव कुमार भानु प्रताप सिंह, हरीश चंद तिवारी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कांग्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी, शरीफ अहमद आजाद, परम सिंह सैनी, विजय भटनागर, मौलाना रईस, तारिक रियाज आदि ने लोह पुरुष के चित्र पर श्रद्धा सामान अर्पित कर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती रन फॉर यूनिटी में दौड़ेगा समस्त पुलिस स्टॉफ

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। इस मौके पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन भी किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे भी मनाया जाता है, जिसे नेशनल यूनिटी डे के रूप में भी जाना जाता है, प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में और भारत में राष्ट्रीय और राजनीतिक एकीकरण और एकता को बढ़ावा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में मनाया जाता है। प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती मनाई जाती है ! सर्वप्रथम थाना प्रांगण में सरदार वल्लभभाई पटेल की चित्र



पर माला अर्पण की गई ! साथ ही थाने के समस्त स्टाफ एवं सभी सम्मानित पदाधिकारी द्वारा पाकबड़ा पेट्रोल पंप से पैदल यात्रा का निकाली गई ! इस पैदल यात्रा में डीजे पर देशभक्ति के गाने भी बजते हुए नजर आए। इस मोके पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विजय आनंद पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब सहकारी समिति के अध्यक्ष विजय भान सिंह सदर ब्लाक प्रमुख मनीष ठाकुर राष्ट्रीय लोक दल के नेता नोसे सिंह पाकबड़ा थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी उप निरीक्षक सौरभ त्यागी उप निरीक्षक शोकेस कुमार उप निरीक्षक राजकुमार सकराना उप निरीक्षक मती उररहमान मिर्जा उप निरीक्षक संजय कुमार उप निरीक्षक रमेश चंद यादव शहर इमाम काजी सम्मे आलम हाफिज दानिश उल कादरी इमाम, सभासद मोमिन मलिक, शाने आलम, सलमान, दानिश मालिक, इम्तियाज, एवं ए के इंटर कॉलेज के बच्चों के साथ समस्त अध्यापक गढ़ भी इस पैदल यात्रा में मौजूद रहे।

# पंजाब नेशनल बैंक शाखा कांठ में कृषि आउट रीच कार्यक्रम के तहत दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा कांठ के तत्वाधान में कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों, क्षेत्रीय किसानों, बैंक एवं केंद्र अथवा राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न ऋण सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। क्षेत्र के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा स्थित पधान फार्म हाउस में कृषि आउट रीच का कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक शाखा कांठ के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक मुरादाबाद मंडल के प्रमुख अनिल यादव, मुख्य प्रबंधक वंदना सामन्त, एवं छजलैट ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी सतीश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कृषि आउट रीच संबंध में कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में 12 स्वयं सहायता समूहों को एन आर एल एम सी सी एल ऋण सुविधा के तहत 72 लाख रुपए धनराशि के सिद्धांत के सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कुछ किसान भाइयों को पीएनबी की किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत लगभग 25 लाख रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त पीएनबी की किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं जैसे गोल्ड ऋण, कृषि तत्काल ऋण, कृषि संरचना कोष आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक शाखा कांठ के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक योगेंद्र कुमार द्वारा मीर मोहम्मद ( ब्लॉक मिशन मैनेजर) के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रमकार्यक्रम में कांठ के कृषि प्रबंधन अभिनव यादव, मंडल कार्य से वरिष्ठ प्रबंधक कमल जोशी, पीएनबी ठाकुरद्वारा शाखा प्रबंधक अरुण कुमार एवं पीएनबी ऊमरी कलां शाखा के वरिष्ठ कृषि प्रबंधक सुश्री गरिमा आदि अतिथियों का आभार कांठ शाखा प्रबंधक योगेंद्र कुमार ने व्यक्त किया।

# सरदार पटेल की जयंती ओर आयोजित किया रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ/छजलैट।** देश के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत नगर के मुख्य मार्गो से एक विशाल रैली निकालकर उनके बताए गए पद चिन्ह पर चलने के लिए जागरूक किया गया। थाना कांठ में एएसपी अभिनव द्विवेदी एवं तहसील में एसडीएम संत दास पवार, तहसीलदार राजकुमार सिंह ने देश के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को सत्य, ईमानदारी, निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह के नेतृत्व में नगर में एक रैली मुख्य मार्ग से निकाली गई। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी, भाकियू के वरिष्ठ नेता हरदीप सिंह बिश्नोई, जुल्फिकार ठेकेदार आदि गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से किया। जो तहसील गेट से शुरू होकर संत रविदास मंदिर आदि मुख्य मार्ग से होते हुए श्री रामलीला मंदिर पर समाप्त हुई। रैली में गणमान्य व्यक्ति हाथों में तिरंगा लेकर देश के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहे थे। रैली में चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र गौतम, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजीव कुमार, गौरव यादव, विवेक कसाना, मोहन सिंह, कुलदीप कुमार आदि उप निरीक्षकों के अलावा महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, डीएसएम इंटर कॉलेज व एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छजलैट थाने से विभिन्न मार्गों से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत थाना अध्यक्ष प्रदीप शहरावत के नेतृत्व में रैली निकाल कर लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई।

# कालाझांडा उच्च प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय एकता की छात्र-छात्राओ को दिलाई शपथ

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा मनोज बॉस के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती परिषदीय विद्यालयों में बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा में समस्त छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन परिचय,स्वतंत्रता आंदोलन, रजवाड़ों के विलय और संविधान निर्माण में उनके योगदान के विषय



में शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ चर्चा की गई। जयंती के अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर व चित्रकला आदि गतिविधियों में भाग लिया गया। इसके बाद एकता दौड़ और विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन हुआ। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापक राजेश कुमार हितेषी, पीयूष कुमार प्रशांत, सोमवती शर्मा, आशीष कुमार और लोकेंद्र कुमार उपस्थित रहें।

# स्कूली बस की चपेट में आने से किशोर की मौत, चालक मौके से फरार

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र दुल्हापुर पट्टी जाट गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक ऋषभ, पुत्र सोमवीर सिंह निजी पब्लिक स्कूल बस से उतरते समय बस के पिछले पहिये की चपेट में आने से ऋषव की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों से मौके पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऋषव रोज की तरह निजी स्कूल बस से अपने घर आ रहा था जिसमे बस चालक ने ऋषव को घर से कुछ दूरी पर उतार दिया था लेकिन छात्र के उतरने के तुरन्त बाद ही बस चालक ने बस चला दी ।जिससे बस के पिछले पहिये की चपेट में आ गया ।इससे मासूम की मौके पर दर्दनाक मौत हो इस हादसे के बाद चालक बस को ले कर वहाँ से फरार हो गया। बता दे कि ऋषव के पिता सोमवीर सिंह सऊदी में मजदूरी का कार्य करते है वही ऋषव की माता मोनी देवी व दादी विद्या देवी ,दादा बलवीर सिंह मौत की खबर से परिजनोमें कोहराम मच गया। साथ ही गांव वाले भी शोक में है। वही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जहा चौकी प्रभारी ओमकार सिंह अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुचे चौकी प्रभारी ओमकार सिंह से प्राप्त सूचना पर खबर लिखे जाने तक परिजनों ने कोई कानूनी कार्यवाही नही की। कालेज के प्रबंधक ने बताया कि बस की चपेट में आकर मासूम की मौत नही हुई है, बल्कि जब मासूम बस से उतार कर घर की दौड़ रहा था। तभी आचनक वह सड़क पर गिर गया था जिसमें वह घायल हो गया था। घायल को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद (एनईवाईपी) 2026 के विश्वविद्यालय स्तरीय चरण का सफल आयोजन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** शुक्रवार को राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद (एनईवाईपी) 2026 के विश्वविद्यालय स्तरीय चरण का सफल आयोजन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में किया गया। इस वर्ष का विषय था । यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण गतिविधि तथा विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस आयोजन में विश्वविद्यालय एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, पर्यावरणीय नवाचार एवं संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सचिन



माहेश्वरी,एसएफडी राष्ट्रीय संयोजक पायल राय, तथा उत्तर प्रदेश राज्य (एनईवाईपी) संयोजक रमाकांत चौधरी रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से डा डी के गुप्ता, डा दीपक मेंदीरत्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर स्मार्ट सिटी मुरादाबाद सिद्धार्थ सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. माहेश्वरी ने कहा कि भारत में सर्वाधिक ई-वेस्ट मुरादाबाद से उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण के लिए एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने यह भी बताया कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने स्थापना के साथ ही पर्यावरण विषय में पाठ्यक्रम आरंभ किया है और विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण, अनुसंधान और जनजागरूकता के क्षेत्र में अपने सर्वोत्तम प्रयास करेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खुशी मिश्रा एवं आकांक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके निरंतर सहयोग और समर्पण से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित 10 प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय (एनईवाईपी)ें भाग लेंगे, जिसका आयोजन नवंबर में लखनऊ में किया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी आगे जनवरी 2026 में नागपुर में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के (एनईवाईपी) में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## समाचार

### घर में घुसकर मारपीट के मामले में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना छजलैट क्षेत्र में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने के मामले में दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम चक जग वाली मिलक निवासी संतोष देवी पत्नी ब्रह्म सिंह 25 अक्टूबर को 3रू30 बजे के करीब अपने घर में बैठी थी। तभी गांव के सतीश, बलराज, रोशन, प्रवेश, नीतू ने उसके घर में घुसकर गाली गलौंज की और इसके बाद जब उसने गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की, जिसमें महिला के गंभीर चोट आई हैं। महिला का आरोप है कि वह किडनी की बीमारी से ग्रसित है। उसे दिन बड़ी मुश्किल से महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने उसे बचाया था। इसके बाद वह थाना छजलैट पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ संबंधी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### मारपीट व दुष्कर्म के मामले में पति व नन्दोई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला ने अपने पति पर मारपीट नंदोई पर दुष्कर्म मारपीट और परेशान करने का आरोप लगाया है और समस्या का निस्तारण न होने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ क्षेत्र के एक गांव की गर्भवती महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी अमन पुत्र जावेद निवासी मोहल्ला बलाडा के साथ 25 दिसंबर 2024 को हुई थी। शादी के बाद से उसके पति और ससुराल वाले मारपीट करते हैं। ससुर जावेद बाहर विदेश सऊदी में रहते हैं। कई बार थाना पुलिस ने समझौता भी कराया। 6 अक्टूबर को वह अपने पति के साथ दिल्ली चली गई, वहां उसके पति अमन ने अपने बहनोई सरफराज को रात के 2.00 बजे अपने कमरे पर बुलाया। पहले दोनों ने मारपीट की और इसके बाद अमन के बहनोई सरफराज ने जबरदस्ती की और वीडियो बना ली। उसने कहा कि अगर किसी को बताया तो तेरी वीडियो वायरल कर देंगे। महिला ने आरोप लगाया कि 16 अक्टूबर को शाम 5.00 बजे से 10.00 तक थाना कांठ पर बैठी रही। पुलिस ने कोई मदद नहीं की और उल्टा थाने में बंद करने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि उसकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह अपने पेट में पल रहे बच्चे सहित आत्महत्या कर लेगी। पुलिस ने एसपी के आदेश पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### युवती को अगवा करने में पिता-पुत्र समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने गांव त्रिलोकपुर निवासी ग्रामीण की तहरीर पर बाप-बेटे समेत तीन के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में ग्रामीण नन्हे पुत्र मोहन सिंह ने बताया है कि पड़ोसी शिवम (24)पुत्र भगीरथ 25वर्षीय बेटी रूपवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। बेटी को शिवम और उसका पिता भगीरथ गांव के महेश पुत्र चरन सिंह की कार में बैठाकर ले गए हैं। आरोपियों से इज्जत का वास्ता देकर बेटी को वापस लौटाने की गुहार लगाई तो आरोपियों ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया। उन्होंने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। केस की विवेचना कर रहे। उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि युवती को बरामद करने को दबिशें दी जा रही हैं। युवती के बयानों के बाद ही विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया

**उत्तम भारत संवाददाता/भगतपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर थाना परिसर में शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी की अगुवाई में हुआ, रैली में पुलिस जवानो स्थानीय स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शो को याद किया और देश की एकता अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। रैली थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्ग से गुजरती हुई थाना परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस जवानो व छात्रों ने एकता में शक्ति है, देश की एकता हमारी ताकत है, जैसे नारे लगाते हुए लोगों को एकता सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते नजर आए। इस मौके पर थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जो कि भारत के पहले उप प्रधानमंत्री रहे हैं उनको लोह पुरुष भी कहा जाता है, आज उनकी150वी जयंती है जिसे हम एकता दिवस के रूप में भी मानते हैं। वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो योगदान दिया वह हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगा उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहने और समाज में शांति एवं एकता बनाए रखने का आव्हान किया, उन्हें युगो युगो तक याद रखा जायेगा।

### बी .एड.विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मनाई गई

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद में प्राचार्य प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में बी .एड.विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्जित करके



की गई । सरदार / 150 कार्यक्रम के अंतर्गत सरदार पटेल का अखंड भारत में योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी .एड.की सभी छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंविकाओं बढ़ - चढ़ कर प्रतिभाग किया । निर्णायक मंडल में प्रोफेसर रीना मित्तल एवं डॉक्टर सुषमा का सहयोग रहा । निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैष्णवी यादव , द्वितीय स्थान नीलम प्रजापति और तृतीय स्थान पर इला कमल रही । कार्यक्रम में बी .एड की छात्राओं व स्वयं सेविकाओं समेत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीतू सिंह व विदुषी यादव उपस्थिति रहीं।

# जेमिमा का कमाल

## कंगारुओं पर धमाकेदार जीत से लगी रिकॉड्र्स की झड़ी



**नवी मुंबई।** मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुरुवार का दिन भारतीय महिला क्रिकेट इतिहास के लिए स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। भारत ने सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में पांच विकेट से हराकर न सिर्फ फाइनल में जगह बनाई, बल्कि एक ऐसा मैच खेला जिसमें रिकॉड्र्स की झड़ी लग गई। यह जीत भारतीय क्रिकेट के आत्मविश्वास, जज्बे और नए युग की पहचान बन गई।

**127 से इतिहास लिख गईं 'बेबीह्व जेमिमा'**

17 साल की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली जेमिमा रॉड्रिग्स को टीम में कभी 'बेबी' कहा जाता था, लेकिन गुरुवार को वही 'बेबी' भारत की रीढ़ बनकर खड़ी रहीं। उन्होंने 127* रन की नाबाद पारी खेली और भारत को 339 रनों के मुश्किल लक्ष्य तक पहुंचाया। यह सिर्फ उनके करियर की नहीं, बल्कि महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे शानदार पारियों में से एक थी।

**जेमिमा की पारी ने कई रिकॉड्र्स तोड़े**

वह वर्ल्ड कप नॉकआउट में शतक लगाने वाली सिर्फ दूसरी बल्लेबाज बनीं। इससे पहले 2022 के फाइनल में इंग्लैंड की नैट स्किवर-ब्रंट (148)* ने यह कमाल किया था।

**ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत को झटका**

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम, जिसने 2017 के बाद से किसी वर्ल्ड कप मैच में हार नहीं देखी थी, भारत के सामने घुटने टेक गई। उनका 15 मैचों का जीत का सिलसिला (2022-2025) यहीं खत्म हुआ। दिलचस्प बात यह है कि पिछली बार (2017) भी भारत ने ही ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराया था।

ऑस्ट्रेलिया की जीत की लड़ी टूटी

| टीम | जीत का सिलसिला | अवधि |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 15 | 2022-2025 (समाप्त) |
| ऑस्ट्रेलिया | 15 | 1997-2000 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 1978-1982 |
| न्यूजीलैंड | 11 | 1988-1993 |
| इंग्लैंड | 10 | 1993-1997 |

ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल में रिकॉर्ड

महिला वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया अब तक 6 बार खेल चुकी है, जिनमें से दो बार उसे सिर्फ भारत ने हराया है (2017 और 2025)। भारत अब तीसरी बार महिला वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा है।

# ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर भारत महिला विश्वकप के फाइनल में

**नवी मुंबई।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 127) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (89) बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को एकदिवसीय महिला विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को नौ गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराकर टूनार्मेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। 127 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाली जेमिमाह को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। 339 रनों के लक्ष्य का पीछ करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (10) का विकेट गंवा दिया। उन्हें किम गार्थ ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद 10वें ओवर में गार्थ ने स्मृति मंधाना (24) को भी अपना शिकार बना लिया। ऐसे संकट के समय जेमिमाह रॉड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर की जोड़ी ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी हुई। 36वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने हरमनप्रीत कौर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

हरमनप्रीत कौर ने 88 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 89 रनों की बेहतरीन पारी खेली। 41वें ओवर में दीप्ति शर्मा 17 गेंदों में (24) चौथे विकेट के रूप में रनआउट हुई। 42वें ओवर की चौथी गेंद पर रॉड्रिग्स ने एक रन देकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान 115 गेंदों में 10 चौके लगाये। 46वें ओवर में सदरलैंड ने ऋचा घोष 16 गेंदों में 26 रन को आउटकर भारत को बड़ा झटका दिया। ऋचा घोष ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये। अमनजोत कौर ने 49वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर स्कोर पांच विकेट पर 341 रन भारत को पांच विकेट से जीत दिला दी। अमनजोत कौर ने आठ गेंदों में दो चौके लगाते हुए नाबाद 15 रन बनाये। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 134 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए मैच विजयी नाबाद 127 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐनाबेल सदरलैंड और किम गार्थ ने दो-दो विकेट लिये।



इससे पहले फीबी लिचफील्ड (119) के शानदार शतक और एलिस पेरी (77) तथा एश्ले गार्डनर (63) के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 49.5 ओवर में 338 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भले ही ये स्कोर काफी बड़ा है, लेकिन भारत को खुशी हो रही होगी कि वे ऑस्ट्रेलिया को कम से कम 15-20 रन पहले रोक पाए। लिचफील्ड ने पूरी शतकीय पारी के दौरान बेहद कम गलत शॉट खेले और हर गेंदबाज को दबाव में रखा। पेरी ने आज अपना पूरा अनुभव झोंक दिया। हालांकि, आखिरी 15-20 ओवरो में लगातार अंतराल पर गिरे विकेट ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी खड़ी करते रहे। हालांकि, गार्डनर ने शानदार पारी खेलते हुए अपनी टीम को काफी मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। भारत 338 रन देकर अपेक्षाकृत खुश होता। उनके एक-दो खिलाड़ी मुस्कुराते हुए वापस लौटते हैं। एक समय, जब लिचफील्ड ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रीज पर थीं, 400 रन बनने की संभावना थी, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने स्थिति को संभाल लिया। हीली जल्दी आउट हो गईं और बारिश के बाद, लिचफील्ड और पेरी ने 155 रन की साझेदारी करके अच्छा प्रदर्शन किया। लिचफील्ड ने शानदार बल्लेबाजी की और किसी बड़े मैच में अपना पहला विश्व कप शतक जड़ा। लिचफील्ड ने 93 गेंदों पर 119 रन में 17 चौके और तीन छक्के लगाए। उस समय, भारत दबाव में था। लेकिन स्कूप के एक शानदार प्रयास ने उन्हें पवेलियन भेज दिया और इससे भारत को वापसी का मौका मिल गया। भारत ने लगातार विकेट चटकाए, लेकिन गार्डनर ने 45 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाकर तेज पारी खेली। उनकी पारी ने ऑस्ट्रेलिया को आखिरी छोर पर मदद की क्योंकि उन्होंने गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा दिया। फिर भी, ऑस्ट्रेलिया को लगता होगा कि वे कम से कम 30 रन और बना सकते थे। भारत का क्षेत्ररक्षण बहुत साधारण रहा और कई गलतियां हुईं और रन गंवाए गए। एक बार फिर श्री चरणी भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। बड़े मैच में रन बनाना हमेशा दबाव का कारण बनता है। लेकिन यह एक अच्छा विकेट और तेज आउटफील्ड है। अगर ओस पड़ती है, तो इसका फायदा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को ही होगा। भारत की तरफ से श्रीचरणी और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी ओवर में तीन विकेट गंवाए।

# जेमिमा की मानसिक दृढता शानदार थी, हमने आस्ट्रेलिया की तरह नहीं खेला : हीली

**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय स्टार जेमिमा रौड्रिग्स की बेमिसाल मानसिक दृढता की तारीफ की और कहा कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनकी टीम आस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी। हीली ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम चार या पांच ओवर बाकी रहते मैच में थे लेकिन क्रिकेट में मजेदार चीजें होती रहती है। अगर आप विरोधी टीम पर पर्याप्त दबाव नहीं बना सकते तो ऐसा होता है। जेमिमा ने शानदार पारी खेली। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम ने कई गलतियां की जो आम तौर पर टीम नहीं करती है।



उन्होंने कहा, हमने कई बार जरूरत से ज्यादा खराब गेंदें फेंकी और शायद हमने जो मौके बनाए, उनका फायदा नहीं उठा पाये। हम आम तौर पर जितने आक्रामक होते हैं, उतने आक्रामक नहीं थे और यह आस्ट्रेलियाई टीम जैसा प्रदर्शन नहीं था। यह जानते हुए कि हमने इस विश्व कप में कितना अच्छा खेला है, मुझे निराशा हो रही है। उन्होंने कहा, हमने उसे कुछ मौके दिये जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उसने शानदार पारी खेली। उसकी मानसिक दृढता बेमिसाल थी और उसे इसका पूरा श्रेय जाता है।

हीली ने कहा कि उनकी टीम ने जो कैच टपकाये, उससे मैच की तस्वीर बदल गई। उन्होंने कहा, इससे मैच की दिशा ही बदल गई। शायद सेमीफाइनल का दबाव था या एकाग्रता की कमी या कुछ और। मैं नहीं जानती।

हरमनप्रीत कौर और जेमिमा के बीच 167 रन की साझेदारी के बारे में उन्होंने कहा, दोनों बेहतरीन क्रिकेटर हैं और लंबे समय से भारत के लिये खेल रहे हैं। यह अच्छी विकेट थी और बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। हमने अपनी ताकत पर नहीं खेला और उनको मैच में दबाव बनाने का मौका दे दिया।

हीली ने इस बात का स्वागत किया कि अब रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल से एक नया वनडे चैम्पियन निकलेगा लेकिन यह भी कहा कि कैलेंडर में और वनडे मैच होने चाहिये। उन्होंने कहा, लोग कहते हैं कि यह सबसे करीबी मुकाबलों वाला वनडे विश्व कप था और मैं इसे मानती हूं। अब एक नया चैम्पियन निकलेगा। यह देखना बहुत अच्छा लगा कि भारत में इसे कितना अच्छा समर्थन मिला है, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें घरेलू मैदान पर घरेलू दर्शकों के सामने एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में खेलने का अवसर मिलना बहुत खास होगा। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि कैलेंडर में और वनडे देखने को मिलेंगे। अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलायें खेली जायेंगी।

# मेरा एक ही संदेश था कि अच्छे से फिनिश करना : अमोल मजूमदार

**नवी मुंबई।** घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद कभी भारत के लिये नहीं खेल सके भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अपनी टीम को उनका एक ही संदेश था कि अच्छे से फिनिश करना है और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने वही किया।



जीत के लिये रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स के नाबाद 127 रन और हरमनप्रीत की 89 रन की पारी और तीसरे विकेट के लिये 167 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर तीसरी बार महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया।

मजूमदार ने जीत के बाद कहा, कोई बड़ा संदेश नहीं था। हम हमेशा एक दूसरे से कहते रहते हैं कि फिनिश अच्छे से करना है। हम आम तौर पर शुरूआत अच्छी करते हैं लेकिन फिनिशिंग पर काम करने की जरूरत रहती है। आज वही दिन था।

ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन पर ऊंगलियां उठी थी लेकिन मजूमदार अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट थे।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले उन्होंने व्हाइटबोर्ड पर एक ही बात लिखी, हमें फाइनल में पहुंचने के लिये बस एक रन अधिक बनाना है ह्लह्ल उन्होंने युवा क्रांति गौड़ और श्री चरणी पर भरोसा रखा जो काम आया।

मजूमदार ने कहा, क्रांति ने पदार्पण के बाद से शानदार प्रदर्शन किया है। वह प्रतिदिन सीख रही है। रेणुका ठाकुर उसका बखूबी साथ दे रही है। उन्होंने जेमिमा पर भी पूरा भरोसा रखा और उसे तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला मास्टर स्ट्रोक रहा। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से लगता था कि जेमिमा हालात के अनुरूप अपने खेल में बदलाव का माद्दा रखती है और इस एक फैसले से काफी फर्क पड़ा। उन्होंने कहा, हरमन सारे समय शांतचित्त होकर खेली और मुस्कुराती रही। दीप्ति ने सभी की हौसलाअफजाई की और स्मृति भी जोश से भरी रहती है। सभी को अपनी भूमिका पता है और इससे मदद मिलती है।

# हमें लगा था कि आस्ट्रेलिया 380 रन के आसपास बनायेगा : अमनजोत

**नवी मुंबई।** भारतीय टीम की हरफनमौला अमनजोत कौर ने कहा कि उनकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 380 रन के लक्ष्य का अनुमान लगा रही थी लेकिन फीबी लिचफील्ड के विकेट और स्पिनर श्री चरणी की शानदार गेंदबाजी से महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल का नतीजा भारत के पक्ष में रहा। भारत ने महिला वनडे में 339 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की जिसमे जेमिमा रौड्रिग्स ने नाबाद 127 रन बनाये। आस्ट्रेलियाई टीम तेजी से रन बना रही थी जब लिचफील्ड (93 गेंद में 119 रन ) फील्ड पर थी। उन्हे 28वें ओवर में अमनजोत ने आउट किया जब स्कोर 180 रन था।



आस्ट्रेलियाई टीम 338 रन पर आउट हो गई। अमनजोत ने कहा, मैं रन रोकने की हरसंभव कोशिश कर रही थी क्योंकि लिचफील्ड काफी आक्रामक बल्लेबाज हैं। मुझे पता था कि कुछ गेंदें खाली जाने के बाद वह कुछ अलग करने का प्रयास करेंगी। मैं सिर्फ स्टम्प पर गेंद डालने की कोशिश कर रही थी। श्री चरणी ने अपने तीसरे स्पैल में तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने बेथ मूनी (24) और अनाबेल सदरलैंड (तीन) को आउट किया। अमनजोत ने कहा, हमे लगा था कि लक्ष्य 380 के आसपास होगा लेकिन विकेट बहुत अच्छा था। लिचफील्ड के आउट होने के बाद मैच का रूख हमारे पक्ष में हो गया और श्री चरणी ने उम्दा गेंदबाजी की। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया को हराने की खुशी ही अलग होती है।

उन्होंने कहा, यह काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि यह इतना बड़ा टूनार्मेंट है। कुछ मैचों के नतीजे हमारे अनुकूल नहीं रहे और आस्ट्रेलिया को हराने की तो खुशी ही अलग है। विश्व कप कौन नहीं जीतना चाहता। हरमनप्रीत, स्मृति और पूरा देश जीतना चाहता है। हम जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मामूली गिरावट नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों ने रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बनने लगा, जिसकी वजह से इस दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.032 प्रतिशत और निफ्टी 0.042 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) और टीसीएस के शेयर 1.57 प्रतिशत से लेकर 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, मैक्स हेल्थकेयर, सिप्ला, इंटरग्लोब एवियशन और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 1.80 प्रतिशत से लेकर 0.91 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। टेक कंपनियां के शेयरों में लगातार बिकवाली होने के कारण अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,822.34 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 377.33 अंक यानी 1.57 प्रतिशत टूट कर 23,581.14 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,571.72 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 9,760.06 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,157.29 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# सराफा बाजार में गिरावट का रुख, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** सिर्फ एक दिन की तेजी के बाद घरेलू सराफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में आज फिर गिरावट का रुख है। आज के कारोबार में सोना 870 रुपये से लेकर 9400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। माना जा रहा है कि अमेरिका और चीन के बीच परस्पर व्यापार को लेकर बना तनाव कम होने के बाद डॉलर में आई मजबूती से सोना और चांदी के भाव में गिरावट आई है।

सोना और चांदी की कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,21,470 रुपये से लेकर 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,11,340 रुपये से लेकर 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,50,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,21,620 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,21,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,21,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,11,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# एप्पल ने सितंबर तिमाही में भारत में रेवेन्यू ग्रोथ का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** टेक कंपनी एप्पल ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी ने इस तिमाही में 102.5 बिलियन डॉलर का रेवेन्यू हासिल किया है, जो कि बीते वर्ष की समान अवधि में 8 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। अर्निंग कॉल के दौरान एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा, "सितंबर तिमाही में 102.5 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड रेवेन्यू में आईफोन के लिए सितंबर तिमाही का रिकॉर्ड रेवेन्यू और सर्विसेज के लिए अब तक का सबसे अधिकरि रेवेन्यू शामिल है।" उन्होंने आगे कहा, "सितंबर तिमाही में हमने अपना अब तक का सबसे बेहतरीन आईफोन लाइनअप लॉन्च किया, जिसमें आईफोन 17, आईफोन 17 प्रो, आईफोन 17 प्रो मैक्स और आईफोन एयर जैसे मॉडल शामिल हैं। इसके अलावा, हमने एयरपोड्स प्रो 3 और एक नया एप्पल वॉच लाइनअप भी लॉन्च किया है। इसके अलावा, पावरफुल एम5 चिप वाले मैकबुक प्रो और आईपैड प्रो के साथ हम अपना सबसे शानदार प्रोडक्ट्स का लाइनअप शेयर करते हुए उत्साहित हैं।"



एप्पल के सीएफओ केवन पारेख ने कहा, "आईफोन का रेवेन्यू 49 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 6 प्रतिशत ज्यादा है और इसका श्रेय आईफोन 16 फैमिली को जाता है। आईफोन ने हमारे ट्रैक किए गए अधिकतर मार्केट में ग्रोथ दर्ज करवाई, जिसमें लैटिन अमेरिका, मिडिल ईस्ट और साउथ एशिया जैसे कई इमर्जिंग मार्केट में सितंबर तिमाही के रिकॉर्ड बने हैं। इसके अलावा, भारत में तो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बना है।" इससे पहले एप्पल ने आईफोन 17 सीरीज की सफलता और त्योहारी सीजन की मांग के बल पर भारत में अपनी अब तक की सबसे अधिक तिमाही शिपमेंट दर्ज की। कंपनी ने 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान देश में कुल 49 लाख स्मार्टफोन भेजे। पिछले दिनों रिसर्च फर्म ओमडिया शिपमेंट का यह आंकड़ा सालाना आधार पर 47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारतीय बाजार में एप्पल के अब तक के सबसे मजबूत प्रदर्शन को दशार्ता है। इसके अलावा, इस तिमाही में एप्पल के कुल ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में भारत का हिस्सा 9 प्रतिशत रहा, जो देश के लिए अब तक का सबसे बड़ा हिस्सा है। यह कंपनी की वैश्विक रणनीति में देश के बढ़ते महत्व को दशार्ता है।